★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 37 ★ अंक: 883 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, सोमवार, 24 अगस्त 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



सरकारी डाक्टरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# 23 आइएएस अफसरों का तबादला



## अशोक धाम में 10 अफसर तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। राज्य सरकार ने शनिवार देर रात 23 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी सूची जारी की है। तबादले के तहत कई जिलों के डीडीसी, एसडीओ और नगर निकायों के नगर आयुक्त बदले गए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रेया श्री को खगड़िया का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। बाढ़ की एसडीओ गरिमा लोहिया को दरभंगा नगर निगम का आयुक्त नियुक्त किया गया है। दानापुर के एसडीओ अनिरुद्ध पाण्डेय को पूर्णिया नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। पूर्णिया के एसडीओ तुषार कुमार को मधुबनी का डीडीसी और कटिहार के एसडीओ प्रद्युम्न सिंह यादव को उद्योग विभाग के खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय का निदेशक बनाया गया है। मुजफ्फरपुर पश्चिम की एसडीओ आकांक्षा आनंद को सासाराम का डीडीसी बनाया गया है। पूर्वी चंपारण के अरेराज की एसडीओ अंजली शर्मा को समाज कल्याण विभाग में निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। नवगछिया के एसडीओ रोहित कर्दम को कैमूर का डीडीसी बनाया गया है। आरा सदर की एसडीओ शिप्रा विजय कुमार चौधरी को जमुई का डीडीसी बनाया गया है। सासाराम की एसडीओ नेहा कुमारी को कटिहार का उप विकास आयुक्त और भागलपुर के एसडीओ कृष्णचंद्र गुप्ता को मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग का महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी से प्रशिक्षण पूरा कर लौटे युवा अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। विरुपाक्ष विक्रम सिंह को दानापुर और प्रिया रानी को सासाराम का एसडीओ बनाया गया है। कृष्णा जोशी को बाढ़, प्रेम कुमार को हवेली खड़गपुर, सैयद आदिल मोहसिन को मढ़ौरा और अजय यादव को बलिया बेगूसराय का एसडीओ नियुक्त किया गया है। सुरज कुमार को कटिहार, विग्नेश टीए को पूर्णिया, जतिन कुमार को शेरघाटी गया, के परीक्षित को नवगछिया, महेश कुमार को तारापुर और कशिश बख्शी को पटना सिटी का एसडीओ बनाया गया है।

अशोक धाम में 10 अधिकारियों की तैनाती

लखीसराय के अशोक धाम में सावन की तीसरी सोमवारी को भगदड़ में कई लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद प्रशासनिक इंतजामों पर सवाल उठे थे। अंतिम सोमवारी को लेकर बिहार सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाई है।

भीड़ नियंत्रण के लिए बिहार प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों की तैनाती की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। तैनात 10 अधिकारियों में गया के चार, समस्तीपुर के चार और वैशाली के दो अधिकारी शामिल हैं। सभी अधिकारी 24 अगस्त को अशोक धाम पहुंचेंगे और वहां होने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए हैं। जनता की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी तैनात अधिकारियों के फोन नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं।

# बिहार में ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 1.19 करोड़ की ठगी

## सोशल मीडिया विज्ञापन से लुभाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश में भारी मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1 करोड़ 19 लाख 53 हजार 44 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जगदेवपथ निवासी अब्दुल एजाज अजहर जमील ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने एफआईआर दर्ज कर रकम की रिकवरी के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनके अनुसार, सोशल मीडिया पर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखने के बाद कुछ लोगों ने व्हाट्सऐप के जरिए उनसे संपर्क किया। आरोप है कि खुद को संबंधित कंपनियों से जुड़ा बताने वाले लोगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश पर बेहतर रिटर्न का भरोसा दिलाया। इसके बाद उनसे कई ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराए गए।

**पहले रकम निकालने दी, फिर कराया बड़ा निवेश**





शिकायतकर्ता के अनुसार, शुरुआत में एप के माध्यम से निवेश की गई रकम में से कुछ पैसे निकालने की अनुमति दी गई। इससे उन्हें संबंधित लोगों और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर भरोसा हो गया। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर कराई गई।

शिकायत के मुताबिक, एक खाते में 79 लाख 56 हजार 451 रुपये और दूसरे खाते में 39 लाख 96 हजार 593 रुपये ट्रांसफर कराए गए। इस तरह कुल 1 करोड़ 19 लाख 53 हजार 44 रुपये विभिन्न बैंक खातों में भेजे गए। आरोप है कि रकम निवेश करने के बाद ट्रेडिंग एप पर भारी मुनाफा दिखाया गया। जब शिकायतकर्ता ने अपनी रकम और कथित मुनाफा निकालने की कोशिश की, तो निकासी पर रोक लगा दी गई। इसके बाद कथित मुनाफे की राशि निकालने के लिए 20 प्रतिशत भुगतान करने की शर्त रखी गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी तरह उन्हें ठगी का शिकार बनाया गया।

**विदेशी वेल्थ मैनेजमेंट फर्म से जुड़े होने का दावा**

शिकायतकर्ता ने पुलिस को उन लोगों के मोबाइल नंबर और अन्य जानकारियां भी उपलब्ध कराई हैं, जो कथित तौर पर बड़े विदेशी वेल्थ मैनेजमेंट फर्म्स और वित्तीय ट्रेडिंग से जुड़ी सेवाएं देने वाली कंपनी से जुड़े होने का दावा कर रहे थे। इनमें कुणाल, सोनल, गुल और अनन्या समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं। "पुलिस से सभी लाभार्थी बैंक खातों की केवाईसी, बैंक ट्रांजेक्शन, आईपी एड्रेस और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कराने की मांग है। साथ ही जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उनमें उपलब्ध राशि को तत्काल फ्रीज कराने का अनुरोध है।"

# रामगढ़ प्लांट ब्लास्ट: मृत इंजीनियरों के परिजनों को मिले 31-31 लाख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़**। बरकाकाना ओपी क्षेत्र स्थित सीमेंट एंड इस्पात के पावर प्लांट में शुक्रवार देर रात हुए भीषण हादसे में तीन इंजीनियरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद शुरू हुआ विरोध करीब 28 घंटे तक चला। देर रात मुआवजे पर सहमति बनने के बाद गतिरोध खत्म हुआ। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे पावर प्लांट के कंट्रोल रूम/केबिन में नाइट शिफ्ट में इंजीनियर ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान टरबाइन में जोरदार ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। इसकी चपेट में आकर चार इंजीनियर बुरी तरह झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी में ओवरहीटिंग और पैनल सिस्टम फेल होने की बात सामने आई है। फैक्ट्री कर्मियों ने कंट्रोल रूम का एसी कई दिनों से खराब होने और तापमान नियंत्रित करने को लेकर प्रबंधन से शिकायत किए जाने का भी दावा किया है। हालांकि हादसे की वास्तविक तकनीकी वजह जांच के बाद स्पष्ट होगी। हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन घायलों को रांची ले गया, जहां चिकित्सकों ने तीन इंजीनियरों को मृत घोषित कर दिया। गढ़वा निवासी इंजीनियर अभिषेक पांडेय के शव का पोस्टमार्टम रिम्स, रांची में कराया गया। धनबाद और बोकारो निवासी इंजीनियरों के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था और परिजन शवों को वापस प्लांट ले आए थे। मुआवजे पर सहमति के बाद रामगढ़ पुलिस की ओर से मृतकों के शवों की इंक्वेस्ट (पंचनामा) और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराई जाएगी। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। लगातार बढ़ते विरोध के बीच शाम करीब पांच बजे फैक्ट्री के सीईओ प्लांट पहुंचे। मृतकों के परिजनों, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, ग्रामीणों और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच मुआवजे समेत अन्य मांगों पर बातचीत शुरू हुई। कई दौर की बातचीत के बाद रात करीब एक बजे मुआवजे पर सहमति बनी। फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रत्येक मृत इंजीनियर के परिजन को 31 लाख रुपये देने पर सहमति जताई। तड़के करीब तीन बजे विधायक की मौजूदगी में 30-30 लाख रुपये के चेक और अंतिम संस्कार के लिए एक-एक लाख रुपये नकद दिए गए। मुआवजे पर सहमति के बाद स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ी है। हालांकि हादसे के बाद फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था और कथित लापरवाही पर सवाल कायम हैं।

# मेगा जॉब फेयर में 13,394 युवाओं का चयन

## सीएम सम्राट चौधरी देंगे नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। बिहार के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए आयोजित मेगा जॉब फेयर-2026 में चार दिनों में 13,394 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग और बिहार कौशल विकास मिशन की पहल पर आयोजित मेले का समापन रविवार को होगा। पटना के ज्ञान भवन में 19 अगस्त से शुरू हुए मेगा जॉब फेयर के समापन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। शनिवार को मेले के चौथे दिन 9,500 से अधिक अभ्यर्थी पहुंचे। इनमें से विभिन्न कंपनियों ने 3,727 युवाओं का चयन किया। बैंकिंग, फाइनेंशियल



सर्विसेज, इंश्योरेंस, रिटेल समेत अन्य क्षेत्रों की कंपनियों ने मौके पर साक्षात्कार लेकर चयन किया। मेले में बिहार के विभिन्न जिलों से युवा पहुंचे। देश के अलग-अलग हिस्सों से आई कंपनियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता और कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। युवाओं को एक ही मंच पर आवेदन, साक्षात्कार और चयन का अवसर मिला। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार के साथ बदलते बाजार की जरूरत के अनुरूप कौशल उपलब्ध कराना है। बिहार कौशल विकास मिशन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है।

# विधायक अमित कुमार रानू के आवास पर छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर**। भूमि विवाद के मामले में सीतामढ़ी के बेलसंड से लोजपा (रामविलास) विधायक अमित कुमार रानू के मुजफ्फरपुर स्थित आवास पर रविवार सुबह पुलिस ने छापेमारी की। कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। तलाशी के दौरान विधायक के आवास से अलग-अलग पार्टनरशिप एग्रीमेंट, बैंक खातों से जुड़े कागजात, वाहनों के दस्तावेज और वर्ष 2017 के ब्लैंक स्टांप पेपर बरामद किए गए। पुलिस इन दस्तावेजों की जांच कर रही है। ब्लैंक स्टांप पेपर मिलने के मामले में भी कानूनी कार्रवाई की तैयारी है। मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अहियापुर थाना क्षेत्र के उगनडीह में 20 अगस्त को जमीन की बाउंड्री तोड़े जाने की शिकायत मिली थी। मामले में अब तक 13 अलग-अलग केस दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार, जांच में विधायक के भाई सोनू सिंह की भूमिका सामने आई है। आरोप है कि सोनू सिंह कुछ युवकों के साथ मौके पर पहुंचे थे और बाउंड्री तोड़ने में शामिल थे। घटना से जुड़े वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। एसएसपी ने दावा किया कि जांच के दौरान विधायक अमित कुमार रानू की कथित संलिप्तता से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस जमीन कब्जे से जुड़े कथित संगठित नेटवर्क और 'प्रोटेक्शन गैंग' के एंगल से मामले की जांच कर रही है। लोजपा (रामविलास) विधायक के भाई सोनू सिंह फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# गया जंक्शन पर 10 लाख कैश के साथ यात्री धराया

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तलाशी अभियान के दौरान एक यात्री के पास से 10 लाख 3 हजार 170 रुपये नकद बरामद किए हैं। 500 के नोटों की गड्डियों से भरी यह रकम हवाला या काला धन होने की आशंका जताई जा रही है। सावन माह में यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत प्लेटफार्म संख्या एक के दक्षिणी छोर पर (किमी संख्या 470/09 के पास) एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी बनारसी यादव के अनुसार, पकड़े गए व्यक्ति की पहचान न्यू करीमगंज निवासी 37 वर्षीय मोहम्मद नसरुल्लाह के रूप में हुई है। पूछताछ और बैग की तलाशी के दौरान वह नकदी से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका और लगातार बयान बदलता रहा। इसके बाद आरपीएफ ने उसे हिरासत में लेकर डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स, पटना को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पटना से आयकर निरीक्षक सिद्धिकांत चौधरी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि आरोपी नसरुल्लाह और जब्त राशि को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए आयकर विभाग की टीम को सौंप दिया गया है। जंक्शन परिसर में सुरक्षा जांच अभियान लगातार जारी है।

# पति को पीटा, बचाने आई पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या

**खगड़िया/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। गोगरी थाना क्षेत्र के छोटी मालिया गांव में शनिवार रात तीन अज्ञात बदमाशों ने पति-पत्नी को घेरकर लूटपाट की। आरोप है कि बदमाशों ने पहले पति मोहम्मद अरशद के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। पति को बचाने आई पत्नी रेजिना खातून की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान छोटी मालिया निवासी मोहम्मद अरशद की 30 वर्षीया पत्नी रेजिना खातून के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। गोगरी एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि अरशद और रेजिना शनिवार रात अपने बच्चों को ढूंढने घर से निकले थे। दंपती मुख्य मार्ग छोड़कर बगीचे वाले रास्ते से जा रहे थे। श्मशान बगीचे के पास घात लगाए तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया।

## निशांत कुमार का आज से दो दिवसीय सीतामढ़ी दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार आज से दो दिवसीय सीतामढ़ी दौरे पर हैं। इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अस्पतालों का निरीक्षण भी कर सकते हैं, जिसके लिए प्रशासन की ओर से तैयारी की गई है। सीतामढ़ी दौरा शुरू करने से पहले निशांत कुमार ने अपने पिता नीतीश कुमार से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे सीतामढ़ी के लिए रवाना हुए। सीतामढ़ी के मधुरापुर, बाजपट्टी में जनता दल यूनाइटेड की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आजादी की लड़ाई में फांसी का फंदा चूमने वाले अमर शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस पर निशांत कुमार उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही शहीदी मेले की शुरुआत भी करेंगे। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित सभा में भी निशांत कुमार शामिल होंगे और अपनी बात रखेंगे।







### संजय सरावगी ने राष्ट्रीय बैठक में लिया हिस्सा, संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन

# जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करना भाजपा की प्राथमिकता : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पदाधिकारियों, संगठन महामंत्रियों एवं प्रदेश अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक में सहभागिता की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बढ़ाने तथा जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संगठन को जमीनी स्तर तक और प्रभावी बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बूथ स्तर पर संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा जनता के साथ निरंतर संवाद कायम रखने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसेवा से जुड़े अभियानों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई।

संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन मिला है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत, सेवा भावना और समर्पण के बल पर पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रयास करने के संकल्प के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का विस्तार केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार, अनुशासन, सेवा और समर्पण के आधार पर संगठन को मजबूत बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। बिहार भाजपा भी बूथ स्तर तक संगठन को और सशक्त करने तथा जनसेवा के संकल्प को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊर्जा और गति मिलेगी।

# नालंदा की ज्ञान-परम्परा का आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ आवश्यक : संजय पंकज

### 'भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा' विषयक वेबिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान की बिहार-झारखंड शाखा के तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परम्परा और नालंदा' विषय पर एक महत्वपूर्ण वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. संजय पंकज ने कहा कि नालंदा भारतीय ज्ञान परम्परा की उस व्यापक दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें ज्ञान को सीमाओं से मुक्त रखकर मानव कल्याण से जोड़ा गया था। भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित वैज्ञानिक दृष्टि, तर्कशीलता, बहुविषयक अध्ययन, नैतिक मूल्यों और वैश्विक बंधुत्व की भावना आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। नालंदा कॉलेज शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान की बिहार-झारखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने नालंदा के शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी समावेशी और बहुआयामी दृष्टि रही है। नालंदा की ज्ञान-संस्कृति में अध्ययन के साथ-साथ चिंतन, शोध, संवाद एवं सह-अस्तित्व की भावना निहित थी। नालंदा की विरासत को समझना भारतीय शिक्षा के अतीत को जानने के साथ-साथ उसके भविष्य की दिशा तलाशना भी है। उन्होंने कहा कि नालंदा की ज्ञान-परम्परा को आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अमरनाथ अमर ने कहा कि नालंदा भारत की समृद्ध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। यहां दर्शन, व्याकरण, तर्कशास्त्र, चिकित्सा, खगोल, साहित्य और बौद्ध दर्शन सहित अनेक विषयों का अध्ययन होता था। उन्होंने कहा कि नालंदा की अध्ययन-पद्धति में संवाद, तर्क, चिंतन और स्वतंत्र विचार को विशेष महत्व प्राप्त था। वेबिनार में अभ्युदय की संस्थापक-अध्यक्ष डॉ इंदु झुनझुनवाला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के योगदान को व्यापक स्तर पर रेखांकित करना तथा नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध ज्ञान-विरासत से जोड़ना था। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम तन्मय ने कहा कि नालंदा की परम्परा भारत की उस ज्ञान-दृष्टि का प्रतीक है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ ज्ञान को मानवता के कल्याण का माध्यम मानती है। वेबिनार में अंजुला कुमारी, अर्चना, पूनम कतरियार, सुधा पांडेय, आशा रघुदेव आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में अर्चना रोला ने अतिथियों का स्वागत एवं कृष्णा मणिश्री ने संचालन किया।

## पीएमसीएच-एनएमसीएच में बढ़ी सुविधा, बुजुर्ग-दिव्यांगों के लिए अलग काउंटर से आसान हुआ इलाज कराना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार कार्य तेजी से किया जा रहा है। जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधा के विजन पर काम कर ही बिहार सरकार ने पीएमसीएच व एनएमसीएच में एक और बड़ी सुविधा शुरू की जा रही है। राजधानी के प्रख्यात अस्पतालों में से एक एनएमसीएच में मरीजों की व्यवस्था और सुगम हो जायेगी जिससे मरीजों को रजिस्ट्रेशन के लिए लंबे कतार में खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी। एनएमसीएच अधीक्षक राजीव सिन्हा ने कहा कि अस्पताल में कई अत्याधुनिक सुविधा शुरू की गयी है जिससे अस्पताल में इलाज के लिए लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में मरीजों व उनके परिजनों के सुविधा के लिए नया रजिस्ट्रेशन काउंटर का निर्माण किया जा रहा है। काउंटर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उम्मीद है कि अगले महीने से इस सुविधा को शुरू कर दिया जायेगा। राज्य में सक्षम इलाज के लिए प्रसिद्ध पीएमसीएच में नया रजिस्ट्रेशन काउंटर की शुरूआत किया गया है। इस रजिस्ट्रेशन काउंटर की खास बात यह है कि इससे दिव्यांग व बुजुर्गों की सुविधा के लिए समर्पित है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पीएमसीएच अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग व बुजुर्गों के विशेष सुविधा के लिए पीएमसीएच में नया रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरू कर दिया गया है जिससे बुजुर्गों व दिव्यांगों को अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई के लिए अन्य काउंटर पर खड़ा नहीं होना होगा।

# शिक्षित और संगठित होकर अपने अधिकारों को हासिल करना जरूरी : डॉ प्रेम कुमार

### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा सह राष्ट्रीय अतिपिछड़ा- पिछड़ा वर्ग महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की रांची में हुई बैठक

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष एवं अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज रांची स्थित खादी ग्रामोद्योग के ट्रायल आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। झारखंड दौरे के क्रम में डॉ. कुमार ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, स्वदेशी और ग्राम स्वराज के विचारों को राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव प्रासंगिक बताया। इसके पश्चात डॉ. कुमार ने अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा सह राष्ट्रीय अतिपिछड़ा-पिछड़ा वर्ग महासभा की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में भाग लिया।



बैठक में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार, असम एवं झारखंड सहित विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. कुमार ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित, संगठित, आत्मनिर्भर और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अतिपिछड़ा, पिछड़ा एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए संचालित विभिन्न लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'शिक्षित बनें, संगठित रहें और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करें।' समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संख्या के साथ-साथ शिक्षा, संगठन, नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में संगठन की गतिविधियों, विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श के बाद आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से विभिन्न प्रदेशों की रिपोर्टिंग, पिछले एक वर्ष के निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा, प्रदेश प्रभारियों द्वारा किए गए कार्यों एवं उनके उत्तरदायित्व के निर्वहन की समीक्षा, आगामी एक वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा झारखंड प्रदेश की नई कमेटी के पुनर्गठन पर विचार शामिल रहा। बैठक में संगठन के विरुद्ध कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा किए जा रहे व्यवधान पर भी गंभीरता से चर्चा की गई तथा संगठन की एकता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए ऐसे मामलों के समाधान के उपायों पर विचार किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय कोष को सुदृढ़ करने, संगठन की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा भविष्य की गतिविधियों के लिए संसाधन जुटाने पर भी मंथन किया गया। बैठक में महासभा के ऐतिहासिक सफर और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन ने कहा कि वर्ष 1906 में स्थापना के बाद से महासभा ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन, अधिकार और राजनीतिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संगठन की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वर्तमान पीढ़ी को अधिक सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण झारखंड प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ चंद्रवंशी ने दिया, जबकि मंच संचालन राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश चंद्रवंशी ने किया।

## मुजफ्फरपुर को बड़ी सौगात: चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक बनेगी सिक्स लेन सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुजफ्फरपुर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में एक रामदयालु से चांदनी चौक के बीच 4.50 किमी लंबी 6-लेन सड़क बनेगी। इससे हजारों लोगों को रोजाना जाम झेलने की समस्या से स्थाई तौर पर छुटकारा मिलेगा। पथ निर्माण विभाग और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों का मानना है कि बहुप्रतीक्षित रामदयालु नगर से चांदनी चौक के बीच 44.76 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 6 लेन सड़क के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई और दूसरे विभागों से अनुमति मिल चुकी है। जल्द ही सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य शुरू किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि परियोजना के मार्ग में आने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जुड़ी औपचारिकताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। परियोजना निदेशक एनएचएआई एवं पीआईयू-मुजफ्फरपुर के पत्रांक-701 के माध्यम से इस पूरी परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया है जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं रही और काम तय समय-सीमा के अंदर पूरा होने की राह पर है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर के चांदनी चौक से रामदयालु नगर के बीच प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का दबाव रहता है। इस सड़क के चौड़ीकरण और आधुनिक बनने से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि चांदनी चौक से रामदयालु नगर के बीच लगने वाले निरंतर और भीषण जाम से लोगों को स्थायी मुक्ति मिल जाएगी। वाहनों का आवागमन बिना किसी रुकावट के सुगमतापूर्वक और निर्बाध रूप से हो सकेगा। इससे न केवल आम जनता के बहुमूल्य समय और ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की भारी बचत होगी, बल्कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में भी काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आसपास के व्यापारिक गतिविधियों से उनका सीधा जुड़ाव होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सड़क के बनने से मुजफ्फरपुर शहर के सुगम विकास को एक नई गति मिलेगी। यह परियोजना केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि मुजफ्फरपुर के आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

## एक सितम्बर से दानापुर और बेंगलूरु के मध्य नई एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और एसएमभीटी, बेंगलूरु के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 03251/03252 दानापुर-एसएमभीटी-दानापुर स्पेशल का गाड़ी सं. 22365/22366 दानापुर-एसएमभीटी-दानापुर एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसका नियमित परिचालन पटना से 01 सितम्बर, 2026 से तथा एसएमभीटी, बेंगलूरु से 03 सितम्बर, 2026 से प्रतिदिन किया जायेगा।

## आसमान से निहारिए अपने खूबसूरत पटना को, हेली जॉयराइड बना पर्यटकों की पहली पसंद

### अब तक 476 बुकिंग, 360 लोगों ने लिया हवाई सफर का रोमांचक अनुभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में पर्यटन अब सिर्फ जमीन पर घूमने तक सीमित नहीं रह गया है। पर्यटक आसमान से भी अपने खूबसूरत पटना को निहारने का रोमांचक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। हेली टूरिज्म के तहत शुरू किया गया पटना हेली जॉयराइड लोगों के बीच खासा आकर्षण पैदा कर रहा है। अब तक इसकी 476 बुकिंग हो चुकी हैं जबकि 360 लोग इस रोमांचक हवाई सफर का आनंद ले चुके हैं।

पटना की सड़कों, ऐतिहासिक स्थलों और गंगा की धार को जमीन से देखने का अनुभव तो आम है, लेकिन इन्हीं खूबसूरत नजारों को आसमान से देखना पर्यटकों के लिए बिल्कुल अलग अनुभव बन रहा है। हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते ही पटना का विस्तृत दृश्य सामने आता है और गंगा की धारा के साथ शहर का बदलता स्वरूप पर्यटकों को रोमांचित करता है। हेली जॉयराइड खासकर परिवारों, युवाओं और पहली बार हेलीकॉप्टर की सवारी करने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। कई लोगों के लिए यह सिर्फ एक जॉयराइड नहीं, बल्कि बिहार में पहली बार हवाई पर्यटन का अनुभव लेने का यादगार मौका बन रहा है। बिहार सरकार पर्यटन को नए अनुभवों से जोड़ने की दिशा में लगातार पहल कर रही है। इसी कड़ी में हेली टूरिज्म की शुरुआत राज्य में पर्यटन के पारंपरिक स्वरूप से आगे बढ़कर एडवेंचर और एक्सपीरियंस आधारित टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पटना हेली जॉयराइड को मिल रहा रिस्पांस बताता है कि पर्यटक अब केवल पर्यटन स्थलों को देखने नहीं, बल्कि उन्हें एक नए अंदाज में महसूस करने के इच्छुक हैं।

## भारत विकास परिषद सत्यम शाखा ने आयोजित की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत विकास परिषद, सत्यम शाखा द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन ए.एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना में किया गया। कार्यक्रम में पटना के 12 चयनित विद्यालयों से लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम की भावना को जगाना एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा, पद्मश्री डॉ. जितेंद्र प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह एवं अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन नीतू सिन्हा ने किया एवं संचालन डॉली सिंह ने किया। स्वागत भाषण सचिव डॉ. जय कुमार सिन्हा ने किया।



क्षेत्रीय महासचिव डॉ. वाल्मीकि कुमार ने परिषद का परिचय एवं क्षेत्रीय संयुक्त समिति के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय संयुक्त सचिव मुकेश कुमार ने संबोधन किया। राज्यसभा सांसद शंभु शरण पटेल ने समापन समारोह की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बसंत कुमार सिंह, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय तथा आईएमए के पूर्व अध्यक्ष सहजानंद प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। शंभु शरण पटेल ने प्रतियोगिता के महत्व को बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता देशभक्ति एवं सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यवेक्षक विनीत कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में अमित वत्स, अमित कुमार, अजित कुमार, राकेश कुमार एवं आशीष कुमार का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, ट्रांसपोर्ट नगर ने प्रथम, डी.वाई. पाटिल ने द्वितीय तथा शिवम कन्वेंट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम हिंदी एवं संस्कृत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के आधार पर प्रांत स्तर पर भाग लेगी।

## केवाइपी केंद्रों के भविष्य पर घमासान, 25 से पटना में धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सम्पूर्ण में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के भविष्य को लेकर केंद्र संचालकों का आक्रोश अब राजधानी पटना में आंदोलन का रूप लेने जा रहा है। वर्तमान में संचालित केवाईपी केंद्रों के नवीनीकरण के बजाय नए टेंडर की चर्चा को लेकर केंद्र संचालकों में भारी नाराजगी है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों के भविष्य को लेकर स्पष्ट निर्णय लेने के बजाय उन्हें बंद कर नई टेंडर प्रक्रिया लाने की तैयारी की जा रही है। विभिन्न विभागीय प्रेस विज्ञप्तियों में सामने आई सूचनाओं के बाद केंद्र संचालकों की चिंता और बढ़ गई है। इसी मुद्दे को लेकर संपूर्ण बिहार के केवाईपी केंद्र संचालकों ने गूगल मीट के माध्यम से बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 अगस्त 2026, मंगलवार से पटना में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्र संचालकों का कहना है कि केवाईपी वर्षों से बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने वाली महत्वपूर्ण योजना है। पुराने केंद्रों को नजरअंदाज कर नई व्यवस्था लागू करने का प्रयास केंद्र संचालकों को स्वीकार नहीं है। केंद्र संचालकों ने सरकार से केवाईपी केंद्रों का तत्काल नवीनीकरण तथा बंद पड़े नामांकन एवं प्रशिक्षण कार्य अविलंब शुरू करने की मांग की है। केंद्र संचालकों ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर पटना में आंदोलन को और व्यापक एवं चरणबद्ध किया जाएगा जिसमें आत्मदाह और पुतला दहन भी शामिल है।

## सिटीजन केयर ग्रुप के 15वें वार्षिकोत्सव पर 51 कर्मियों को इ-स्कूटी का वितरण

### हरित परिवहन और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, कर्मियों के योगदान को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सिटीजन केयर ग्रुप के 15वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन सिटीजन केयर ग्रुप टावर, आशियाना-दीघा रोड, पटना में गरिमामय माहौल में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणबीर नंदन एवं सिटीजन केयर ग्रुप के संस्थापक चंदन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरित परिवहन और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर विशेष संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्रुप के कर्मियों के योगदान को सम्मानित करते हुए 51 ई-स्कूटी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि रणबीर नंदन ने अपने संबोधन में कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की




जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्थान की सामूहिक जिम्मेदारी है। हरित परिवहन को बढ़ावा देना प्रदूषण कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार कर सकते हैं। उन्होंने सिटीजन केयर ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा अपने कर्मियों को ई-स्कूटी प्रदान करना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। सिटीजन केयर ग्रुप के संस्थापक चंदन कुमार ने कहा कि 15 वर्षों की यह यात्रा कर्मचारियों, सहयोगियों और शुभचिंतकों के निरंतर सहयोग और विश्वास का परिणाम है।

## सहायक नदियों के बढ़ते जलस्तर से दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में गंगा और सहायक नदियों के बढ़ते जलस्तर से दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश के कारण गंगा नदी कई प्रमुख घाटों पर खतरे के निशान को पार कर चुकी है। प्रशासन ने पटना से भागलपुर तक हाई अलर्ट जारी किया है। राहत और बचाव के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। गांधी घाट, भद्र घाट, हाथीदह, जेपी गंगा पथ, दीघा, मनेर और दानापुर के कई दियारा इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, मानस और नवदियरी पंचायतें बाढ़ के पानी से घिर गई हैं। कई गांवों का सड़क संपर्क भी प्रभावित हुआ है। उधर, पुनपुन नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। यह 48 दशमलव 50 मीटर पर पहुंच गया है जबकि खतरे का निशान 50 दशमलव 60 मीटर है। दियारा क्षेत्र के लोग जरूरी सामान और मवेशियों के साथ सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों की ओर जा रहे हैं।

## बिहार को मिली पांच एसी इ-पिंक बसें, पटना से विभिन्न रूटों पर संचालन शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रक्षाबंधन को लेकर सरकार के स्तर से महिलाओं के लिए खास पहल की गई है। उनके सुविधायुक्त परिवहन के लिए खासतौर से एसी पिंक बस का परिचालन शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत बिहार को एसी युक्त इलेक्ट्रिक बसे मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इनमें पांच बसे अब राजधानी पटना और इसके आसपास के शहरों को जोड़ते हुए महिलाओं के लिए विशेष रूप से पिंक बस का संचालन शुरू हो गया है। ये सभी बस लो फ्लोर और बैटरी चालित हैं जिससे महिलाओं को आराम के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का बेहतर विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार इन पांच एसी ई-पिंक बसों में से दो-दो बसें पटना से पालीगंज और बेली रोड के कमरूट पर चल रही हैं जबकि एक बस पटना से बिहटा की ओर जा रही है।

**एसी बस का किराया**

पटना से पालीगंज रूट (अप): 121 रुपये, दुल्हिन बाजार:108 रुपये, बिक्रम: 84 रुपये, नौबतपुर:70 रुपये और दानापुर रेलवे स्टेशन: 40 रुपये

पालीगंज से पटना (डाउन): दुल्हिन बाजार:14 रुपये, बिक्रम: 38 रुपये, नौबतपुर:51 रुपये, दानापुर रेलवे स्टेशन: 82 रुपये और गांधी मैदान: 121 रुपये।

**पटना से बिहटा आईआईटी के लिए सेवा**

**कारगिल चौक से मल्टीमॉडल हब, इनकम टैक्स चौराहा:** 13-13 रुपये सचिवालय, चिड़ियाघर:18 रुपये, गोला रोड: 24 रुपये, सगुना मोड़ : 37, दानापुर रेलवे स्टेशन:42, शिवाला मोड़:55, हंगामा वाटर पार्क:66, बिहटा और बिहटा आईआईटी-72 रुपये। पथ निर्माण निगम के मुताबिक बिहार को कुल 400 एसी इलेक्ट्रिक बसे मिलनी हैं जिनमें से 50 पिंक बसें महिलाओं के लिए विशेष रूप से संचालित की जाएंगी। एसी सुविधा के कारण गर्मी के मौसम में भी महिलाओं का सफर आरामदायक रहेगा। इलेक्ट्रिक होने के कारण ये बसें प्रदूषण कम करने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने में भी सहायक सिद्ध होंगी।

## मोतीपुर चीनी मिल की जमीन वापस लेने की प्रक्रिया तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने मुजफ्फरपुर स्थित मोतीपुर चीनी मिल की जमीन वापस लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार मेसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड को लीज पर दी गई 266 एकड़ जमीन वापस ले रही है। जानकारी के मुताबिक सरकार ने मूलधन के रूप में 28.10 करोड़ रुपये की निकासी को मंजूरी दी है। मोतीपुर चीनी मिल की जमीन वर्ष 2010 में 56.20 करोड़ रुपये में लीज पर दी गई थी। इंडियन पोटाश लिमिटेड ने निविदा राशि का 50 प्रतिशत जमा किया था। बताया गया है कि चीनी मिल की स्थापना के लिए कंपनी की ओर से अपेक्षित स्तर पर सार्थक कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, 63.39 करोड़ रुपये के भुगतान की स्वीकृति मंत्रिपरिषद पहले ही दे चुकी है। सरकार के इस कदम को बंद चीनी मिलों के पुनः संचालन और नई चीनी मिलों की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# नौ सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बिक्रमगंज।** शहर के इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपनी 9 सूत्री मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में वेतन-पेंशन का नियमित भुगतान, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 तक के कुल आठ वर्षों का परीक्षा परिणाम आधारित बकाया अनुदान बढ़े हुए महंगाई दर के साथ एकमुश्त भुगतान, पटना उच्च न्यायालय के न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा को लागू करना, अनुदान पर लगे डेढ़ करोड़ रुपये के बंधेज को समाप्त कर शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों के बैंक खाते में सीधे एकमुश्त राशि का भुगतान करना तथा प्रस्तावित विश्विवद्यालय अधिनियम 2026 को रद्द करना शामिल है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने कहा कि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की उपेक्षा के कारण अंगीभूत इकाई की तरह कार्य करने के बावजूद उन्हें वर्षों से अनुदान के भरोसे छोड़ दिया गया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से प्रधानाचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह, उपप्राचार्य डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. पुष्पा रसिक, डॉ. शांति प्रकाश, डॉ. बिपिन बिहारी, डॉ. उदय प्रताप, डॉ. उपेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. पुष्पा सिंह, डॉ. रेणु सिंह, साधना सिंह, पूनम सिंह, त्रिलोकी सिंह, डॉ. चितरंजन सिंह, राकेश कुमार, बिनोद मेहता, अमन सिंह, अजय सिन्हा, किसलय सिंह, ज्ञानति कुमारी, पनपातो कुंवर सहित सभी कर्मचारी शामिल थे।

## एटीएम बदलकर ठगी, महिला के खाते से 66 हजार उड़ाए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का एक मामला सामने आया है। नगर के वार्ड 19 निवासी एक व्यक्ति ने डिहरी थाना में आवेदन देकर शिकायत की है कि उसकी पत्नी के खाते से 66,211 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित के अनुसार वह अपनी पत्नी के खाते से पैसा निकालने के लिए पाली रोड के रिमझिम होटल के पास स्थित पीएनबी के एटीएम पर गया था। वहां मैं पहले से तीन अज्ञात लोग मौजूद थे। उनका पैसा नहीं निकल रहा था जब उसने 5000 रुपये निकाले तो युवक वहीं खड़े थे। दूसरी बार कार्ड लगाने पर उनमें से एक लड़के ने कहा कि अंकल आप गलत ए टी एम कार्ड लगा रहे हैं, सही से लगाइए और इसी दौरान उसकी पत्नी के कार्ड को दूसरा कार्ड से बदल दिया। पीड़ित को इसकी जानकारी नहीं हुई और पैसा नहीं निकलने पर वह वहां से चला गया।

# पुलिस अधीक्षक ने डालमियानगर थाने का किया निरीक्षण

### विधि-व्यवस्था की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज पदभार ग्रहण करने के बाद से ही सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार विभिन्न थानों का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 अगस्त 2026 को पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने डालमियानगर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान डिहरी अंचल के पुलिस निरीक्षक शेर सिंह यादव तथा डालमियानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने में विधि-व्यवस्था की स्थिति, पुलिसिंग एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा आम लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में बेहतर पुलिसिंग के लिए थाना स्तर पर लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी। उनके लगातार थाना निरीक्षण से पुलिस महकमे में भी सक्रियता बढ़ी है।

# मांगों को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम स्थित जिला अतिथि गृह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न छात्रहित से जुड़ी मांगों को लेकर स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में एबीवीपी के नगर मंत्री अनीश सिंह ने बताया कि एबीवीपी के एक शिष्टमंडल ने विधायक से मुलाकात कर शहर और जिले के विद्यार्थियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में नेहरू पार्क को विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराने, एसपी जैन कॉलेज रोड में जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने सहित अन्य मांगें शामिल थीं। शिष्टमंडल ने सासाराम के कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई अविलंब शुरू कराने, एमकॉम की पढ़ाई शुरू करवाने तथा एसपी जैन कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों में कई वर्षों से बंद पड़े छात्रावासों को पुनः चालू कराने की मांग रखी। इसके अलावा गौरक्षणी स्थित कोचिंग संस्थानों की सड़क के निर्माण और वहां जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने को लेकर भी विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि इन समस्याओं के कारण छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर मंत्री अनीश सिंह ने बताया कि विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं की मांगों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि एसपी जैन कॉलेज एवं अन्य कॉलेजों में वर्षों से बंद छात्रावासों को पुनः शुरू कराने के लिए शिक्षा मंत्री से बातचीत कर आवश्यक पहल की जाएगी।

## इंद्रपुरी बराज से 2.44 लाख क्यूसेक पानी सोन में छोड़ा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व झारखण्ड में हो रही बारिश से इंद्रपुरी बराज से शनिवार को भारी मात्रा में पानी का आवक जारी है। इंद्रपुरी बराज पर आज, 2.58 लाख क्यूसेक पानी का आवक रहा जिसमें से 2.44 क्यूसेक पानी सोन नदी में प्रवाहित किया गया। बराज की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। बराज का लेवल मेंटेन करने के बाद 69 में से 38 गेट खोल कर दो लाख 44 हजार 978 क्यूसेक पानी सोन में प्रवाहित किया जा रहा है। धान की फसलों के लिए 9411 व पूर्वी संयोजक नहर में 4255 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# सावन महोत्सव में कजरी की धुन पर महिलाओं संग थिरकीं विधायक

### राज वाटिका में जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में सावन महोत्सव, हरे परिधानों व श्रृंगार में पहुंचीं सैकड़ों महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम के वेदा स्थित राज वाटिका हॉल में जनकल्याण सेवा समिति के बैनर तले सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में हरे रंग की साड़ियों, हरी चूड़ियों और हरे श्रृंगार में सजी-संवरी सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति ने पूरे परिसर को हरियालीमय बना दिया। इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने कहा कि सावन का महीना प्रकृति, हरियाली और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। जैसे ही सावन शब्द जुबान पर आता है, हमारे मन-मस्तिष्क में हरियाली और प्रकृति की सुंदरता का चित्र उभर आता है। चारों ओर हरियाली दिखाई देने लगती है और पूरी प्रकृति के साथ हमारी संस्कृति भी हरियाली के रंग में रंग जाती है। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में महिलाएं हरे रंग की चूड़ियां, साड़ियां और बिंदियां धारण कर न केवल अपनी परंपरा का निर्वहन करती हैं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और हरियाली का संदेश भी देती हैं। सासाराम की मातृशक्ति द्वारा इस सांस्कृतिक परंपरा को आज भी संजोकर रखना गौरव की बात है। विधायक ने कहा कि सावन की हरियाली केवल एक मौसम की पहचान नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में खुशहाली और समृद्धि का संदेश भी देती है। इसके बाद हरे रंग के परिधान में पहुंचीं विधायक स्नेहलता कुशवाहा महिलाओं के आग्रह पर कजरी की धुन पर उनके साथ थिरक उठीं। विधायक और महिलाओं के एक साथ नृत्य करने से पूरा माहौल खुशनुमा और उत्साहपूर्ण हो गया। चारों ओर हरियाली के रंग में रंगी महिलाओं ने सावन महोत्सव का जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम को राजपुर की जिला पार्षद रश्मि कुमारी, रालोमो के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी तथा सीनियर सिटीजन के जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण स्वामी ने किया। इस मौके पर समाजसेविका मधु कुमारी, शिक्षिका संध्या कुमारी, डेहरी की पूर्व प्रमुख पूनम देवी, संतोष गुप्ता, रवि कुशवाहा, गायत्री देवी, डॉ. प्रीति पांडे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गुप्ताधाम मार्ग पर जिला कांग्रेस कमिटी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

### कांवरियों सहित स्थानीय लोगों की जांच कर दी गई दवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शिवसागर प्रखंड के पनियारी धाम (पनारी) में कांग्रेस पार्टी के द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ शिविर में मधुमेह, बीपी, एनीमिया, दर्द, बुखार, खांसी की दवा एवं जांच किया गया। इस स्वास्थ शिविर के आयोजक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय ने किया और उदघाटन सासाराम के सांसद मनोज कुमार ने किया। सांसद मनोज कुमार ने कहा कि आज इस स्वास्थ शिविर में बाबा के भक्तों एवं आसपास के ग्रामीण जिस तरीके से अपना इलाज करा रहे हैं इससे साफ पता चल रहा है कि लोग सुविधा के अभाव में किस तरह परेशानी झेल रहे है। सांसद ने कहा कि मैं इस पूरे गुप्तेश्वर नाथ धाम के विकास के लिए सरकार के साथ लड़ूंगा और मैने इस क्षेत्र के विकास के लिए सदन में आवाज उठाया है। हर संभव इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास करूंगा साथ ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि जिला कांग्रेस के तरफ से छोटा सा प्रयास बाबा गुप्तेश्वर नाथ के भक्तों का मदद करने का है और आगे भी ये सिलसिला जारी रहेगा। निश्चित तौर पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं लेकिन पेयजल, धर्मशाला, स्वास्थ, शौचालय जैसे समस्या से कांवरिया जूझ रहे हैं। हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि इस पावन स्थल पर ध्यान दे। जिले के सुप्रसिद्ध डॉक्टर प्रवीण सिन्हा जिला सचिव सह प्रवक्ता एवं डॉ कृष्ण नन्द दुबे के देखरेख में यह स्वस्थ शिविर लगाया गया।

## विशेष अभियान के तहत स्वच्छता एवं सफाई पर डीएम का जोर

### इको पर्यटन स्थल में स्वच्छता एवं सफाई अभियान चला




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के तिलौथू स्थित मां तुतला भवानी ईको पर्यटन स्थल में आज विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में डीएम दीपक कुमार मिश्रा एवं डीएफओ स्टालिन फिडल कुमार के ने स्वयं कचरा उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, स्कूली छात्राएं एवं प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुए। डीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य पर्यटन स्थल को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखना है। उन्होंने लोगों से भी पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने और कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की।

# शिवघाट मंदिर में गूंजा संस्कार और सामाजिक समरसता का संदेश, मातृशक्ति ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** विश्व हिंदू परिषद के अंतर्गत मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के नेतृत्व में शनिवार को शिवघाट मंदिर, बस्ती मोड़ में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की बहनों सहित बड़ी संख्या में भाइयों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं दीर्घायु की मंगलकामना की। भाइयों ने भी बहनों की सुरक्षा, सम्मान एवं हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, रोहतास की जिला उपाध्यक्षा नूतन पाण्डेय ने कहा रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं है, बल्कि यह विश्वास, सुरक्षा, सम्मान और संस्कारों का पवित्र बंधन है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ें। मातृशक्ति दुर्गावाहिनी महिलाओं को संगठित कर नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वहीं मातृशक्ति संयोजिका चंचला दीदी जी ने कहा रक्षाबंधन का पर्व हमें एक-दूसरे की रक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प देता है। मातृशक्ति का उद्देश्य केवल पर्व मनाना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, सेवा और महिला सम्मान की भावना को मजबूत करना है। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। समारोह में मातृशक्ति सहसराम प्रखंड संयोजिका मंजू दीदी जी, मातृशक्ति प्रखंड सत्संग प्रमुख सुमित्रा दीदी जी, लभली एवं सलोनी सहित मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की अन्य बहनों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं अरुण कुमार, विश्व हिंदू परिषद युवा गोभक्त प्रमुख, दक्षिण बिहार; रोहित पटेल, नगर सह संयोजक, सासाराम, मंदीप कुमार, वार्ड संयोजक (सोशल मीडिया) प्रभारी तथा विक्की कुमार, अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, विशाल कुमार, दीपक कुमार एवं तेजस्वी कुमार सहित बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से जोड़ना तथा समाज में भाईचारे, नारी सम्मान, संस्कार और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना है। मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के इस रक्षाबंधन समारोह ने सेवा, सुरक्षा, संस्कार, महिला सम्मान और राष्ट्रभावना का प्रभावशाली संदेश देते हुए समाज में एकता एवं सद्भाव की भावना को मजबूत किया।

## अनु. जाति टोले में पक्की नाली नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय दावथ स्थित दलित बस्ती हरिजन टोली में आजादी के इतने वर्षों बाद भी विकास की रोशनी नहीं पहुंच पाई है। यहां की गलियां आज भी कच्ची हैं जिसके कारण स्थानीय निवासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है जब पूरी बस्ती की गलियां कीचड़ में तब्दील हो जाती है। आने-जाने वाले लोगों को घुटने भर कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है जबकि यहां रहने वाले लोग जलजमाव से उत्पन्न दुर्गंध और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के भय में दिन काट रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या की ओर न तो पंचायत के जनप्रतिनिधियों का ध्यान जाता है और न ही स्थानीय विधायक और सांसद इस ओर कोई पहल करते हैं। चुनाव के समय हाथ जोड़कर वोट मांगने वाले नेता चुनाव बीतते ही इस बस्ती को भूल जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बाद स्थिति जस की तस बनी रहती है। इस उदासीनता का एक बड़ा कारण यहां आवाज उठाने वालों की कमी भी है क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि जहां लोग संगठित होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज नहीं उठाते, वहां विकास कार्य भी नहीं पहुंचते जबकि शोर-शराबा वाले स्थानों पर प्रशासन का ध्यान बरबस चला जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके साथ केवल चुनावी संबंध रखा जाता है, चुनाव खत्म होते ही सारे रिश्ते खत्म हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर दावथ की इस दलित बस्ती की तकदीर कब बदलेगी, इसे लेकर बस्ती के बुजुर्गों से लेकर नौजवानों तक में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है।

# भाकपा माले का कार्यकर्ता कन्वेंशन, केंद्र और राज्य सरकारों पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** शहर स्थित पार्टी कार्यालय में भाकपा माले की प्रखंड समिति द्वारा शनिवार को एक कार्यकर्ता कन्वेंशन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव कृष्णा मेहता ने की। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ देश भर में किसान, मजदूर, महिलाएं, छात्र-युवा और उत्पीड़ित समुदाय आंदोलनरत हैं, देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है और संविधान व लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विरोध की आवाज को अर्बन नक्सल, टुकड़े-टुकड़े गैंग और खालिस्तानी बताकर दबाने का काम करती है। बिहार सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में दलितों, महिलाओं और अतिपिछड़ों पर सामंती हमले बढ़े हैं और दिनारा थाना के मिल्की मनिहारी में मजदूरी मांगने पर चंद्रेश्वर चौधरी को गोली मारने तथा जहानाबाद में पासवान जाति की महिलाओं की पिटाई कर पैर तोड़ने की घटनाओं का जिक्र किया। पार्टी ने बिहार सरकार द्वारा 551 सरकारी विद्यालयों को भगवा रंग से रंग कर उनका नाम सरस्वती विद्या निकेतन करने के फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे सरकारी खजाने का दुरुपयोग तथा गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की शिक्षा पर वैचारिक कब्जे की कोशिश बताया, साथ ही इस फैसले को तत्काल वापस लेकर सभी विद्यालयों को उनके पुराने स्वरूप और नाम में बहाल करने की मांग की। जिला सचिव ने कार्यकर्ताओं को व्यापक जनभागीदारी के आधार पर आंदोलन संगठित करने का कार्यभार दिया, वहीं प्रखंड सचिव कृष्णा मेहता को पार्टी ब्रांच को मजबूत करने और छात्र-युवाओं व महिलाओं को सदस्य के रूप में जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# मां की यादें अमिट होती हैं : डॉ. ओ. पी. आनंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह ओरल सर्जन डॉ. ओ. पी. आनंद की माताजी स्व. मनोरमा देवी की सातवीं पुण्यतिथि उनके आवास प्रयाग बिगहा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. मनोरमा देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. ओ. पी. आनंद ने अपने परिजनों के साथ डिहरी नगर के विभिन्न स्थानों पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। उन्होंने कहा कि उनकी माताजी का गरीबों से विशेष लगाव था। उनके रहते कोई भी जरूरतमंद उनके दरवाजे से खाली हाथ नहीं लौटता था। डॉ. आनंद ने कहा कि उनकी माताजी द्वारा किए गए नेक कार्यों, कर्तव्यों और उनके आशीर्वाद का ही फल है कि आज परिवार के सभी सदस्य खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां की यादें और उनके संस्कार परिवार के लिए सदैव अमिट रहेंगे।

इस दौरान उनके पिता डॉ. लक्ष्मण सिंह, धर्मपत्नी चांदनी सिंह, चंद्रभूषण, सतीश, कुंदन, वीर आनंद, सृष्टि आनंद एवं कृष चंद्रा सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# नगर विकास प्रबुद्ध मंच ने शेरशाह कॉरिडोर के निर्माण की रखी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय सती माई मंदिर के प्रांगण में नगर विकास प्रबुद्ध मंच की बैठक रविवार को संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता हरिशंकर तिवारी एवं संचालन संतोष कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में शहर के विकास को लेकर समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद को नगर विकास प्रबुद्ध मंच ने सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण पद की जिम्मेवारी दिया गया। मंच के संरक्षक के रूप में सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गोरखनाथ लाल, के एन पांडे तथा हरिशंकर तिवारी एवं डॉ के एन तिवारी (चिकित्सक), सेवानिवृत्ति सिविल सर्जन को प्रबुद्ध मंच का अध्यक्ष, शिक्षाविद डॉ विनोद सिंह उज्जैन, प्रधानाचार्य, अवधूत भगवान राम महाविद्यालय को उपाध्यक्ष, राकेश रंजन उर्फ संतोष मिश्र को महामंत्री, संयुक्त सचिव रत्नेश रमन पांडे, डॉ राकेश कुमार बघेल को प्रवक्ता, जितेंद्र तिवारी को मीडिया प्रभारी, संजय कुमार तिवारी अधिवक्ता को विधिक सलाहकार मनोनीत किया गया। बैठक में प्रबुद्ध मंच के नव मनोनीत अध्यक्ष डॉ के एन तिवारी ने कहा कि रौजा कैनाल रोड में बुडको द्वारा बनाये गये बड़ा नाला का रखरखाव एवं सफाई नहीं हो रहा है जिससे नाला के बीच में दिया गया लोहे का रड जंग लगकर टूट गया है जिससे छोटे-छोटे बच्चों को नाला में गिरने की संभावना बढ़ गई है। डॉ विनोद सिंह उज्जैन, नव मनोनीत उपाध्यक्ष ने कहा कि बैंक कॉलोनी मोड़ से शेरशाह मकबरा तक बुडको द्वारा नाला बनाए जाने के बाद सड़क का अस्तित्व समाप्त हो गया है जिसके कारण इस क्षेत्र में निवास करने वाले निवासियों का आना जाना दूभर हो गया है।

## सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में 'सावन महोत्सव एवं महिला संवाद सह सम्मान समारोह' समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता तथा सत्यनारायण स्वामी, मनीष श्रीवास्तव, रवि शंकर सिंह कुशवाहा, संतोष कुमार गुप्ता के संचालन में सासाराम में आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सासाराम सांसद मनोज राम, सासाराम विधायक स्नेहलता, जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी, जिला परिषद सदस्य रेशमा देवी के द्वारा समारोह का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समिति के द्वारा सभी महिलाओं को बुके, कलम, फूल माला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया तथा महिलाओं के द्वारा नृत्य, सावन गीत, म्यूजिकल चेयर डांस, सूई धागा, नींबू और चम्मच दौड़, सूई धागा दौड़ प्रतियोगिता तथा अन्य आकर्षक गेमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को समिति के तरफ से डायरी, अंग वस्त्र, कलम से सम्मानित किया गया।


**पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बारून, औरंगाबाद (बिहार)**

**अवधि विस्तार हेतु संविदा पर भाड़े की वाहन की निविदा सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि पूर्व मे जारी टेंडर नोटिस संख्या 730 दिनांक 11.08.2026 के संदर्भ मे निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21.08.2026 थी जिसे अपरिहार्य कारणों से 31.08.2026 तक विस्तार की जाती है।

निविदा खुलने की तिथि 01.09.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन प्राचार्य कक्ष में पी. एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बारून, जिला औरंगाबाद (बिहार) में होगा। टेंडर की अन्य सभी शर्तें एव नियम यथावत रहेंगे।

प्राचार्य
पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय
बारून, औरंगाबाद

# बिहार के चहुंमुखी विकास को सरकार कृतसंकल्प : श्रवण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नगर निगम के वार्ड संख्या 49 स्थित राणाबिगहा में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत नवनिर्मित प्रेम पुस्तकालय के दोहरीकरण कार्य का उद्घाटन रविवार को क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार पूरी तरह कृतसंकल्पित है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी गई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों ने जिस विकसित बिहार का सपना देखा था, उसे साकार करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। आज बिहारी कहलाना गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि सड़क, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों से बिहार को नई पहचान मिली है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। एक महिला के सशक्त होने से परिवार और परिवारों के सशक्त होने से पूरा बिहार आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा कि निशांत कुमार भी जनसेवक के रूप में निरंतर बिहारवासियों की सेवा कर रहे हैं तथा स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेह बनाने की दिशा में उनके कार्यों की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार विकास के मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, संजय कुशवाहा, मुन्ना मांझी, रामजन्म रविदास, इंदू चौहान, संजय राम, उजाला प्रसाद, गुलशन कुशवाहा, मुन्ना पासवान, शिवचरण कुशवाहा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार ने सिरसी गांव पहुंच ललन प्रसाद सिंह को दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शनिवार की देर शाम जिले के हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सिरसी गांव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत अनिल कुमार सिंह उर्फ ललन प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।नीतीश कुमार के आगमन को लेकर गांव में स्थानीय लोगों और जदयू कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम स्थल के आसपास जुटे रहे। पूर्व मुख्यमंत्री करीब पांच से दस मिनट तक गांव में रुके। इसके बाद सड़क मार्ग से पटना के लिए रवाना हो गए। जदयू जिला उपाध्यक्ष सह विधायक पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि दिवंगत अनिल कुमार सिंह जदयू से जुड़े नेता होने के साथ-साथ डाक विभाग में पोस्टमास्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। करीब 71 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ था। नीतीश कुमार ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू नेता कक्कू सिंह, रौशन कुमार, बंटी कुमार, सत्येंद्र पासवान समेत कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीओ कृष्णय श्रीवास्तव, डीएसपी सहित विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी और जवानों की तैनाती की गई थी।

## एक नजर

### एससी-एसटी कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार



**बिहारशरीफ**। अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ, नालंदा की बैठक रविवार को बिहारशरीफ के सुंदरगढ़ मोहल्ले में आयोजित की गई। बैठक अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), नालंदा रंजन कुमार चौधरी के निर्देश पर आहूत की गई। इसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक एवं संगठन के वरीय सदस्य रमेश पासवान ने की। बैठक में संगठन को अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। विस्तारित कार्यकारिणी में राजीव कुमार के साथ भूपेंद्र कुमार, अरविंद रजक, ओम कुमार पासवान, संतोष कुमार, अमित कुमार, रमेश पासवान, भोला पासवान, कमलेश कुमार, शिवालक पासवान, शिवधर पासवान एवं इंद्रजीत पासवान को शामिल किया गया। बैठक में संगठन को सुदृढ़ और सक्रिय बनाने के साथ कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने पर जोर दिया गया। साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर भी संगठन की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा कर्मचारियों एवं समाज से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### तेलमर थाना में चौकीदार व गुंडा परेड, अपराधियों को सख्त हिदायत



**हरनौत**। तेलमर थाना परिसर में रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चौकीदार परेड एवं गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था।थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि गुंडा पंजी में दर्ज एवं आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को थाना बुलाकर उनकी उपस्थिति दर्ज की गई। उनके वर्तमान गतिविधियों और आचरण की जानकारी लेते हुए किसी भी आपराधिक या अवैध गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वहीं, विभिन्न गांवों से पहुंचे चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। संदिग्ध गतिविधि, अपराध या असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। पर्व-त्योहार के दौरान अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परवलपुर थाना परिसर में चौकीदारों की परेड

**बिहारशरीफ**। परवलपुर थाना परिसर में रविवार को चैकीदारों की परेड कराया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने चैकीदारों की ड्यूटी एवं कार्यों की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थानाध्यक्ष ने सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह सजग रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा किसी भी महत्वपूर्ण सूचना की तत्काल थाना को जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चैकीदार पुलिस और आम लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ऐसे में उन्हें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। परेड के दौरान चौकीदारों की सुरक्षा व्यवस्था, क्षेत्र में निगरानी और ड्यूटी से जुड़े कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# राजस्व गांवों में सरकारी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नगरनौसा**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला जनगणना हैंडबुक (डीसीएचबी) के तहत राजस्व गांवों में उपलब्ध सरकारी सुविधाओं एवं गांवों की विशेषताओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसीएचबी के उप निदेशक हेमंत कुमार ने की। बैठक में उप निदेशक हेमंत कुमार ने क्षेत्रीय कर्मियों से राजस्व गांवों में उपलब्ध सरकारी सुविधाओं से संबंधित अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक राजस्व गांव में सरकारी विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, नली-गली, सड़क, बिजली, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही राजस्व गांवों की प्रमुख विशेषताओं, वहां उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं एवं सरकारी सुविधाओं से संबंधित आंकड़ों को सही एवं अद्यतन रूप से दर्ज करने पर विशेष जोर दिया गया। उप निदेशक ने क्षेत्रीय कर्मियों को निर्देश दिया कि डीसीएचबी के तहत तैयार किए जा रहे आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और प्रत्येक राजस्व गांव की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए। बैठक में बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, जेएसएस अखिलेश कुमार राय सहित क्षेत्रीय कर्मी शैलेंद्र कुमार शरण, विक्की कुमार शर्मा, शुभम सौरभ, सुनील कुमार एवं नंदकिशोर प्रसाद मौजूद रहे।

# लंबित कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश, थानों में समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले में लंबित आपराधिक कांडों के त्वरित अनुसंधान और मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर नालंदा पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान के तहत सभी थानों में समीक्षा बैठक आयोजित की। पुलिस अधीक्षक हृदयकांत के निर्देश पर जिले के सभी थानों में वरीय पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में अनुसंधानकर्ताओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान लंबित कांडों की स्थिति, अनुसंधान की प्रगति और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों के अनुसंधान में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए उन्हें तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना रहा। वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने अनुसंधानकर्ताओं से एक-एक कर लंबित कांडों की जानकारी ली तथा संबंधित मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अधिकारियों ने अनुसंधान में अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लेते हुए साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि लंबित कांडों में उपलब्ध साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष तरीके से विश्लेषण करते हुए अनुसंधान को जल्द पूरा किया जाए। जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें बिना अनावश्यक विलंब के आरोप-पत्र समर्पित करने को कहा गया। वहीं, जिन मामलों में अनुसंधान के लिए अतिरिक्त साक्ष्य या अन्य आवश्यक कार्रवाई की जरूरत है, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।वरीय पुलिस अधिकारियों ने अनुसंधानकर्ताओं को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कांड की प्रगति पर लगातार नजर रखी जाए और लंबित मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। पुलिस की कार्रवाई में साक्ष्य की गुणवत्ता और अनुसंधान की निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

# फर्जी जमीन कारोबार का गढ़ बना राजगीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर**। पर्यटन नगरी राजगीर में जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर कथित फर्जीवाड़े का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। दस्तावेजों में हेराफेरी, विवादित अथवा फर्जी कागजात के आधार पर जमीन बेचने और लाखों-करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपों से जुड़े कई मामले वर्षों से पुलिस की फाइलों में लंबित बताए जा रहे हैं। पीड़ित न्याय की आस में थाने, कोर्ट और अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, जबकि आरोपितों के खुलेआम घूमने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।स्थानीय लोगों और पीड़ितों का आरोप है कि राजगीर में जमीन कारोबार से जुड़ा एक ऐसा नेटवर्क सक्रिय है, जिसमें जमीन ब्रोकरों से लेकर राजस्वकर्मियों और प्रभावशाली लोगों तक की कथित भूमिका की चर्चा होती रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। समय-समय पर कुछ मामलों में कार्रवाई भी हुई, लेकिन लोगों का कहना है कि पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने वाली प्रभावी कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है। लेनिन नगर निवासी संजय प्रसाद पर जमीन बिक्री में फर्जीवाड़ा और धोखाधड़ी से जुड़े कई मामले दर्ज होने की बात सामने आई है। आरोप है कि इन मामलों में अनुसंधान और कार्रवाई की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। पीड़ितों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक की मासिक अपराध समीक्षा बैठक और थाना निरीक्षण के दौरान लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया जाता रहा है। इसके बावजूद जमीन से जुड़े कई मामले लंबे समय से लंबित है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इन मामलों की जांच में देरी की वजह क्या है और लंबित कांडों के निष्पादन की नियमित समीक्षा के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन फर्जीवाड़े के मामलों में यदि नामजद आरोपित लंबे समय तक खुलेआम घूमते रहें और जांच आगे नहीं बढ़े, तो पीड़ितों के बीच पुलिस की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

## नवादा

# पासी समाज की एकजुटता और संगठन विस्तार पर जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा शहर के भोजपुरी पैलेस में रविवार को अखिल भारतीय पासी समाज, नवादा जिला इकाई की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने की, जबकि मंच संचालन परमेश्वर चौधरी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चौधरी मुख्य अतिथि, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी और वरिष्ठ नेता हीरालाल चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती, जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, हिसुआ नगर परिषद अध्यक्षा पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी समेत जिलेभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने समाज को एकजुट करने, गांव-गांव जाकर लोगों को संगठन से जोड़ने और इतिहास व गौरव से अवगत कराने पर जोर दिया। गरीब व मेधावी छात्रों की मदद के लिए जिला स्तर पर शिक्षा प्रकोष्ठ बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने, ताड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं, जाति प्रमाण पत्र, आवास योजना और एससी आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों से वार्ता की रणनीति तय हुई। जगदीश चौधरी ने अगले एक महीने में जिले के सभी 14 प्रखंडों में इकाई गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही समाज अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ सकता है। जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने जल्द जिला सम्मेलन कराने की बात कही।

# कौआकोल में बर्णवाल महिला मंडली ने मनाया सावन हरियाली महोत्सव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल बाजार स्थित एक होटल में शनिवार की शाम बर्णवाल महिला मंडली के द्वारा पहली बार सावन हरियाली महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सावन के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में बर्णवाल समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने हरा-हरा परिधान में सजधजकर पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों के माध्यम से सावन उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बर्णवाल महिला मंडली की अध्यक्ष कुसुम बर्णवाल ने की। इस अवसर पर सचिव निधि बर्णवाल,कोषाध्यक्ष बिनीता बर्णवाल के साथ सुनीता बर्णवाल,प्रतिमा बर्णवाल, नेहा बर्णवाल,साधना बर्णवाल, प्रीति कुमारी,नीलम देवी,अनिता देवी,डोली बर्णवाल, संगीता देवी समेत समाज की दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत बर्णवाल समाज के आराध्य महाराज अहिवरन के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद महिलाओं ने सावन से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। गीत-संगीत के साथ महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। वहीं, विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और सावन की हरियाली एवं उमंग को उत्सव के रूप में मनाया। आयोजन का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना भी रहा। कार्यक्रम के अंत में सुहागिन महिलाओं के बीच उपहार का वितरण किया गया। पहली बार आयोजित सावन हरियाली महोत्सव को लेकर बर्णवाल समाज की महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। महिलाओं ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# भाजपा किसान मोर्चा की सांगठनिक बैठक



**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में किसान मोर्चा की एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, किसानों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी मनोज जायसवाल, जिला प्रभारी मनोज प्रभाकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार चून्नू एवं विजय पांडेय, वरिष्ठ नेता मुकेश कुमार दिनकर, प्रदेश के वरिष्ठ नेता निर्भय सिंह तथा दिलीप सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा संगठन का एक महत्वपूर्ण आधार है। किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को किसानों के बीच निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना चाहिए। मजबूत संगठन के बल पर ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि नवादा में भाजपा का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और इसमें किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक अनुशासन के साथ कार्य करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविंद गुप्ता,उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, भाजीयुमो अध्यक्ष अजित शंकर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष गौरी शंकर विद्यार्थी, समाजसेवी पवन सिंह, रंजन कुमार, अशोक कुमार विद्यार्थी, मोहित कुमार, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन सौ से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल**। प्रखंड के इंटर विद्यालय कौआकोल परिसर में रविवार को पूर्व मुखिया डॉ. चन्द्रिका प्रसाद के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया निभा कुमारी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में स्थापित विद्यालय के जमीनदाता व पूर्व मुखिया स्व० तेतर साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शिविर में तीन सौ से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आदित्य कौशल एवं उनकी धर्मपत्नी तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि ने मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों की आंख,कान,नाक एवं गले से संबंधित समस्याओं की जांच के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज की भी निःशुल्क जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सक डॉ० आदित्य कौशल एवं डॉ० सुरभि ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक सलाह दी तथा उपचार के लिए जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई। शिविर को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाके से लोग स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। इस अवसर पर मौजूद नवादा के चर्चित शिक्षाविद डॉ० आरपी साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर जेजेपीएस नवादा के निदेशक रश्मि गुप्ता,नीरज कुमार,दीपक कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल के शिक्षक ऊदल कुमार,सुमन शेखर,बिरेन्द्र बीरा समेत स्थानीय ग्रामीण चिकित्सक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में कम खर्च पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की पहल, राजेश कुमार ने शुरू किया शुभम क्लिनिक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कम खर्च में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजेश कुमार के संचालन में 'शुभम क्लिनिक' की शुरुआत की गई है। क्लिनिक भरीसा रोड, नहर पर, नवादा में स्थित है। राजेश कुमार ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण प्रैक्टिसनर के रूप में लोगों को प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को छोटी-बड़ी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर शहर तक जाने में समय और धन दोनों खर्च होते हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कम लागत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। क्लिनिक में ब्लड प्रेशर (BP), ब्लड शुगर तथा ऑक्सीजन स्तर जैसी प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। राजेश कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य व्यावसायिक लाभ से अधिक ग्रामीण समुदाय की सुविधा और स्वास्थ्य जागरूकता पर ध्यान देना है, ताकि जरूरतमंद लोगों को प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी, आपात स्थिति अथवा ऐसी स्वास्थ्य समस्या जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक हो, मरीजों को उचित चिकित्सक या अस्पताल में जांच एवं उपचार कराने की सलाह दी जाएगी।

# शिक्षा और संस्कार का अद्भुत संगम बना मॉडर्न शैक्षणिक समूह

## तुलसी जयंती पर 5000 से अधिक विद्यार्थियों ने किया स्वर श्रीरामचरितमानस पाठ




डॉ पंकज कुमार सिन्हा
नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के तत्वावधान में मॉडर्न इंगलिश स्कूल, कुंतीनगर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती सप्ताह के अवसर पर भव्य संगीतमय श्रीरामचरितमानस पाठ हुआ। 5000 से अधिक विद्यार्थियों ने बालकांड के सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ एवं श्रीराम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद का सामूहिक पाठ कर परिसर को भक्तिमय बना दिया। रामानंद सागर कृत 'रामायण' में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता एवं मेरठ सांसद अरुण गोविल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ उनका आगमन समारोह का विशेष आकर्षण रहा। भगवा ध्वज, सांस्कृतिक सजावट, पुष्पवर्षा, आरती, मंगलाचार और चंदन तिलक से परिसर की भव्यता बढ़ी। मंगलदीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ विजय कुमार सिन्हा, अरुण गोविल, मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार, नवादा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार तथा बिहार टीचर्स ट्रेनिंग संगठन के महासचिव डॉ. शैलेश कुमार ने किया। हिंदी शिक्षक मनीष कुमार पांडेय एवं उमेश पांडेय ने मंगलाचरण व श्रीराम स्तुति प्रस्तुत की। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों के संस्कार जरूरी हैं। अरुण गोविल ने विद्यार्थियों से श्रीराम के सत्य, संयम, धैर्य, कर्तव्य और मर्यादा के आदर्श अपनाने तथा अच्छा इंसान बनने का आह्वान किया। उन्होंने 'रामायण' निर्माण के संस्मरण भी साझा किए। डॉ. अनुज कुमार ने रामचरितमानस को भारतीय सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए आयोजन को विद्यार्थियों और हिंदी शिक्षकों की मेहनत तथा अनुशासन का परिणाम बताया। डॉ. शैलेश कुमार ने परिवार में प्रेम, संस्कार, त्याग और मर्यादा के महत्व पर प्रकाश डाला। करीब तीन घंटे चले मानस पाठ में मंच पर अनुराधा, साक्षी, प्रिया, रिद्धिमा, परी, आराध्या, तुली, साक्षी एवं अनमोल ने प्रस्तुति दी। बिहार के प्रसिद्ध तबला वादक नंदन झा ने संगत की। संगीत शिक्षक पवन कुमार एवं अनिल कुमार ने हारमोनियम व नाल पर साथ दिया। मंच संचालन प्रज्ञा दूबे, अदिति सिन्हा एवं परिधि ने किया। अरुण गोविल के साथ तस्वीर व सेल्फी को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह रहा। आयोजन की सफलता में सुजय कुमार, एम.के. विजय, मुकेश कुमार, धर्मवीर सिन्हा, विजय अकेला, चंद्रदीप प्रसाद, समीर सौरभ, दीपक पुष्टि, धर्मप्रकाश, रौशन मिश्रा, राकेश रोशन, एस.के. रंजन, विपुल कुमार, दिनेश कुमार झा, बी.एन. झा, सुनील कुमार वर्मा, समुद्र शंकर कर, आशुतोष आनंद, अंजना दीक्षित, स्वीटी कुमारी, अनुमेहा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्राची, वंदना कुमारी, लक्की कुमारी, बिस्मिता साहू, रुपाली कुमारी, हनी कुमारी एवं शांभवी वत्स सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति, संगीत, आध्यात्मिकता और संस्कार के समन्वय का प्रभावी संदेश देकर संपन्न हुआ।

# राघव इंटरप्राइजेज के ओवीरा पेंट्स आउटलेट का उद्घाटन



**रजौली**। रजौली बाईपास स्थित राघव इंटरप्राइजेज की ओर से आरसीएम के नए उत्पाद ओवीरा पेंट्स के आउटलेट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन गोविंदपुर विधानसभा की विधायक बिनीता मेहता एवं मानवाधिकार आयोग के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। आउटलेट पर घर, दुकान और अन्य भवनों के इंटीरियर व एक्सटीरियर के लिए विभिन्न प्रकार के पेंट्स और रंगों की रेंज उपलब्ध होगी। ग्राहकों की पसंद और आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग रंग एवं फिनिश के विकल्प भी मिलेंगे। राघव इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर पवन पाण्डेय ने बताया कि आउटलेट शुरू करने का उद्देश्य स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती पेंट उत्पाद उपलब्ध कराना है। इससे ग्राहकों को पेंट खरीदने के लिए दूसरे शहरों और बाजारों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि घर की खूबसूरती में रंगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्थानीय राजमिस्त्री, पेंटर, ठेकेदार, भवन निर्माण से जुड़े लोगों और आम ग्राहकों को भी आउटलेट से सुविधा मिलेगी। मौके पर मानवाधिकार आयोग के प्रदेश सचिव रमेश पाण्डेय, आरसीएम कोर लीडर राम रतन कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, विजय पाण्डेय, भाजपा जिला महामंत्री गगन शांडिल्य, विनय सिंह, रंजन

# उपभोक्ता केंद्रित हो बिजली व्यवस्था, शिकायतों का तुरंत हो समाधान : ऊर्जा सचिव

## ऊर्जा सचिव ने की विद्युत आपूर्ति अंचल गयाजी की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया/पटना।** ऊर्जा सचिव सह प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव, भा0प्र0से0 ने विद्युत आपूर्ति अंचल गयाजी अंतर्गत गयाजी एवं जहानाबाद जिलों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं विभिन्न विद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति अंचल, गया के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत आपूर्ति की स्थिति, निर्माणाधीन परियोजनाओं, विद्युत संरचनाओं के अनुरक्षण एवं राजस्व गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्युत व्यवस्था पूरी तरह उपभोक्ता केंद्रित हो तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा सचिव अजय यादव (भा.प्र.से.) ने सर्वप्रथम मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ऊर्जा सचिव ने विद्युत लाइनों एवं पावर सब-स्टेशनों के अनुरक्षण कार्यों का जायजा लिया तथा मुख्यालय द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित एवं निर्धारित समय के अनुरूप अनुरक्षण कार्य करने को कहा, ताकि विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बनी रहे। ऊर्जा सचिव ने बोधगया के दोमुहान में निर्माणाधीन पावर सब-स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यकारी एजेंसी को सभी कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना के शीघ्र पूर्ण होने से स्थानीय उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इसके बाद ऊर्जा सचिव ने 220/132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, बोधगया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ऊर्जा सचिव ने बोधगया के पड़रिया गांव में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ठखड़े मॉडल में चयनित कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घर की छत पर लगाए जा रहे सोलर रूफटॉप संयंत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसी को सोलर रूफटॉप की स्थापना में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण उपरांत विद्युत आपूर्ति अंचल, गयाजी के कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गया एवं जहानाबाद जिलों की विद्युत आपूर्ति की स्थिति, चल रही विद्युत परियोजनाओं तथा राजस्व संग्रहण एवं राजस्व सुधार से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में ऊर्जा सचिव ने कहा कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से संचालित किया जाए। उपभोक्ताओं की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को उपभोक्ताओं के साथ समयबद्ध, संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कनीय विद्युत अभियंताओं एवं सहायक विद्युत अभियंताओं को प्रतिदिन निर्धारित अनुरक्षण कार्यों की निगरानी करने तथा दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप डिस्कनेक्शन एवं छापेमारी अभियान संचालित करने का निर्देश दिया।

# गया जंक्शन: दस लाख रुपये के साथ पकड़ाया व्यक्ति, आयकर विभाग को सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। अभियान के दौरान गया जंक्शन के एक नंबर प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति को संदेश की स्थिति में देखा गया। उसे रोककर पूछताछ करते हुए उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उसके बैग से भारतीय मुद्रा के रूप में करीब दस लाख रुपये नकद बरामद हुए। सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह ने बताया कि गया जंक्शन पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव और थानाध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में जांच की कार्रवाई में पकड़े गए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मो नसरुल्लाह पिता मो मोख्तार आलम निवासी रोड संख्या-8, न्यू करीमगंज, सिविल लाइंस गया बताया। इतनी बड़ी रकम अपने पास रखने या परिवहन करने से संबंधित कोई वैध कागजात वह मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद नियमानुसार उसे डिटेन कर मामले की सूचना आयकर विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने पर आयकर निरीक्षक सिद्धीकांत चौधरी गया आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। आरपीएफ ने डिटेन किए गए युवक और बरामद नकदी को अग्रिम कार्रवाई के लिए आयकर विभाग के सुपुर्द कर दिया। आयकर निरीक्षक के अनुरोध पर जांच पूरी होने तक नकदी को गया आरपीएफ पोस्ट में सुरक्षित रखा गया है। मामले की आगे की जांच आयकर विभाग द्वारा की जा रही है।

# विशेष अभियान में तीन एन.बी. वारंटी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस के चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के तहत तीन एन.बी.डब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में ग्राम उतरेंन निवासी सुनील यादव पिता स्व. नन्हें यादव, जितेंद्र यादव पिता बिंदेश्वर यादव एवं रमेश यादव पिता स्व. सुनील यादव शामिल हैं। तीनों को रविवार दोपहर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# गया-डाल्टेनगंज नई रेल लाइन की मांग तेज, रक्षाबंधन के बाद केंद्रीय समिति की बैठक

## संघर्ष मोर्चा के पुनर्गठन की तैयारी, युवाओं को आंदोलन से जोड़ने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इमामगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संजय गांधी इंटर कॉलेज में रविवार को डॉ. आदित्य कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं युवाओं ने भाग लिया और गया-डाल्टेनगंज नई रेलवे लाइन को क्षेत्र की प्रमुख समस्या बताते हुए इसके निर्माण को लेकर अपने विचार रखे। लोगों ने कहा कि रेल सुविधा मिलने से इमामगंज सहित आसपास के इलाकों के विकास को नई दिशा मिलेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रक्षाबंधन के बाद तिथि निर्धारित कर नई रेलवे लाइन संघर्ष मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक बुलाई जाएगी। इसमें संघर्ष मोर्चा का पुनर्गठन कर आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही अभियान को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों व युवाओं को इससे जोड़ने पर भी चर्चा हुई। वहीं बैठक में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से संतोष पासवान को युवा संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। वहीं बैठक में उपस्थित लोगों ने गया-डाल्टेनगंज नई रेलवे लाइन को क्षेत्र के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए एकजुट होकर प्रयास करने पर जोर दिया। वहीं इस दौरान केंद्रीय कमिटी के अध्यक्ष बिगन पासवान एवं केंद्रीय प्रवक्ता श्रीमोहन यादव ने कहा कि आने वाली बैठक में संगठन को नए स्वरूप में मजबूत किया जाएगा और रेल लाइन की मांग को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

# गरीब, युवा, महिला और किसान विकास की प्राथमिकता :कृषि मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** बिहार सरकार के कृषि मंत्री सह गया जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कई नेता बिना संघर्ष के बड़े पदों पर पहुंच गए हैं और उन्हें समाज की जमीनी वास्तविकता की जानकारी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता की लालसा और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण समाज के ताने-बाने को कमजोर करने वालों से किसी विषय पर चर्चा का कोई औचित्य नहीं है। विजय सिन्हा ने कहा कि अब देश और प्रदेश को जाति, धर्म या लिंग के नाम पर बांटने की राजनीति नहीं चलनी चाहिए। समाज को जोड़ने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए गरीब, युवा, महिला और किसान विकास की चार प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि अब जाति का जहर नहीं, बल्कि जमात और विकास की बात होनी चाहिए तथा सबका साथ, सबका विकास की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार किसान को सीधे खेत से बाजार तक जोड़ने की दिशा में काम कर रही है।

# एजुकेशन 5.0 पर राष्ट्रीय सेमिनार, तकनीक और नवाचार पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**डोभी।** संत मलिक मेमोरियल कॉलेज में बाजौरा में वब्रिलिएंट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, बजौरा में शिक्षा 5.0 तकनीक और नवाचार के माध्यम से सीखने के प्रक्रिया में बदलाव के विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों से शिक्षाविदों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं शिक्षक-प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। सेमिनार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक, स्मार्ट लर्निंग, नवाचार और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि एजुकेशन 5.0 का उद्देश्य तकनीक और मानवीय मूल्यों के समन्वय से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन एवं समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करना है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार रहे। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सहदेव चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. रूमा झा ने एजुकेशन 5.0 की अवधारणा पर व्याख्यान दिया। विशेष अतिथि प्रो. दीपक कुमार मिश्रा समेत अन्य विद्वानों ने भी अपने विचार रखे। तकनीकी सत्र में महेश पासवान, चंचल कुमारी, विजय कुमार, अनुज प्रसाद समेत शोधार्थियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सेमिनार स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सेमिनार के सफल आयोजन में डॉ. शिव शंकर कुमार सिंह समेत आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन प्रिया भारती एवं सोनी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, पूर्व छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने भी सहभागिता की।

# महिलाओं ने मेहंदी से उकेरे आकर्षक डिजाइन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच/गया।** कोंचेश्वरनाथ एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को सखी सावन महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं और छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नगर-प्रखंड मुखिया संघ के उपाध्यक्ष आदित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान राजीव कुमार, अरुण पाठक, मीना देवी, शिल्पी, अंकित कुमार, सौरभ कुमार और विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने हाथों पर विभिन्न आकर्षक डिजाइन बनाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं की प्रतिभा को मंच देना और उन्हें सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना है। अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक माहौल बनाते हैं।

# तुलसीदास की रचनाएं आज भी समाज को देती हैं सद्मार्ग की प्रेरणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** लोहानीपुर गांव स्थित मंदिर परिसर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आयोजक रामाधार सिंह, मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरुण सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, शिक्षाविद मुकेश सिंह एवं सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने तुलसीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और साहित्यिक योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि रामचरितमानस भारतीय संस्कृति, मर्यादा, भक्ति और मानवीय मूल्यों का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। भगवान राम के आदर्श चरित्र के माध्यम से तुलसीदास ने समाज को कर्तव्य, त्याग, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि रामचरितमानस आज भी लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और तुलसीदास की रचनाओं से जोड़ने की जरूरत बताई। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को रामचरितमानस के आदर्शों से परिचित कराने की अपील की। मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने केवट प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रसंग भगवान राम के प्रति निष्कपट भक्ति, प्रेम और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि तुलसीदास की रचनाएं आज भी समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश शर्मा, राजद नेता अलखदेव सिंह, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण, प्रो. विनोद सिंह, इंद्रजीत सिंह, प्रो. पंकज कुमार सिंह, दीपक सिंह, गिरिजेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, नागेंद्र सिंह एवं अजय शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमन कुमार ने किया। आयोजक रामाधार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाल संरक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर सीडीपीओ का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** कवच परियोजना के अंतर्गत सेंटर डायरेक्ट स्वयंसेवी संस्था द्वारा गया जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों (सीडीपीओ) के लिए बाल संरक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 21 एवं 22 अगस्त को बोधगया स्थित सम्बोधि रिसोर्ट में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिला विकास निगम की जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) जयमंती सिन्हा सहित जिले के सभी प्रखंडों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित रहे। दो दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गया जिले के वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उन्हें बाल संरक्षण व्यवस्था के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ना तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पंचायत एवं वार्ड स्तर पर वंचित, जरूरतमंद एवं जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान करने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष चर्चा की गई। मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श, मनो-सामाजिक सहयोग एवं जरूरत के अनुसार चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। सेंटर डायरेक्ट के महासचिव ने कहा कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण कार्य जरूरतमंद बच्चों की समय पर पहचान और उन्हें उपलब्ध सेवाओं एवं योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि संस्था संबंधित सरकारी विभागों एवं बाल संरक्षण तंत्र के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

# रक्षाबंधन को लेकर रविवार को भी खुला गुरुआ डाकघर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरूआ।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर डाक विभाग पूरी तरह सक्रिय है और वरीय डाक अधीक्षक अंशुमान के निर्देश पर रविवार को भी गया जी जिले के गुरुआ डाकघर समेत अन्य डाकघरों को पूरे दिन खोला गया। इस दौरान राखी भेजने वाले ग्राहकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया तथा बाहर से स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गए राखी के पैकेटों की भी सुचारू रूप से डिलीवरी की गई। रविवार को डाकघर खुलने से राखी भेजने और प्राप्त करने वाले लोगों को काफी सुविधा मिली जिससे ग्राहकों के बीच डाक विभाग के प्रति एक बेहद सकारात्मक संदेश गया है।

# अषाढ़ी पूजा की पूर्णाहुति पर भंडारा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** बाजार स्थित पौराणिक देवी मंदिर में अषाढ़ी पूजा की पूर्णाहुति पर भंडारा आयोजित किया गया। भंडारा में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद के रूप में पुड़ी, सब्जी और खीर का प्रसाद श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया। इस संबंध में राजेन्द्र प्रसाद चंद्रवंशी, सुनिल श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, सोनू प्रसाद सोनी उर्फ अध्यक्ष जी, नागराज गुप्ता, मोहन चौधरी, अजय चौरसिया, निमाई विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा आदि ने बताया कि यह पूजा दशकों से किया जाता आ रहा है। इस पूजा में नौ दिवसीय मां भगवती के दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है तदुपरांत दशमी को बाजार वासियों के सामूहिक सहयोग से भंडारा किया जाता है। भंडारा की शुरुआत बाल कन्याओं, गुरु-पुरोहित-ब्राह्मणों के भोजनोपरांत दक्षिणा से विदाई के बाद आमजनों के लिए शुरू होता है जो देर रात्रि तक चलता है। प्रति वर्ष भंडारा के व्यजनों में परिवर्तन होते रहता है। श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत पूरा होने पर भंडारा का आयोजन सालों भर किया जाता है। मां की महिमा अपरंपार है।

# लेम्बोइया से बांकेबाजार तक अवैध आरा मशीनों पर छापा, पांच मशीनें जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांकेबाजार।** वन विभाग की टीम ने गया जी के बांकेबाजार प्रखंड में अवैध आरा मशीनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 5 आरा मशीनों के साथ बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त की गई है। इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वन विभाग की टीम ने रविवार को गया जी के बांकेबाजार प्रखंड क्षेत्र में धड़ल्ले से संचालित अवैध आरा मशीनों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान कुल पांच आरा मशीनों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी भी बरामद की गयी है जिससे अवैध आरा मशीन संचालकों में भारी हड़कंप मच गया है। फॉरेस्टर दिलीप कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रोशनगंज थाना क्षेत्र के लेम्बोइया गांव में दो तथा फतेहपुर में एक अवैध आरा मशीन के खिलाफ कार्रवाई की गयी, वहीं बांकेबाजार थाना क्षेत्र के तिलैया और बांकेबाजार बाजार में संचालित एक-एक आरा मशीन पर भी सफलतापूर्वक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान विभाग ने सभी पांचों आरा मशीनों को पूरी तरह जब्त कर लिया और विभिन्न स्थानों से लाई गई बड़ी मात्रा में लकड़ी को भी कब्जे में ले लिया। फॉरेस्टर ने बताया कि जब्त की गई इन सभी आरा मशीनों और बरामद लकड़ी को शेरघाटी स्थित वन विभाग के कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। वन विभाग की टीम अब अवैध रूप से आरा मशीन चलाने और लकड़ी के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है और विभाग की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में डर का माहौल बना हुआ है।

# इमामगंज अस्पताल की बदहाली दूर कराने को लेकर अवधेश प्रसाद ने उठाई आवाज

## नीतीश कुमार व स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर सौंपा मांगपत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**डुमरिया।** इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सुविधाओं और संसाधनों की कमी को लेकर जदयू के जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने पहल की है। उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात कर अस्पताल को आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराता है, लेकिन कई जरूरी सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अवधेश प्रसाद ने मांगपत्र में जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से रखा है। इसमें गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित सी-सेक्शन प्रसव के लिए सर्जन की नियुक्ति, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ या महिला चिकित्सक की व्यवस्था, स्थानांतरण के बाद रिक्त पड़े दंत चिकित्सक के पद पर नियुक्ति और उपलब्ध दंत चिकित्सा मशीन को चालू कराने की मांग शामिल है। इसके अलावा नेत्र रोग विशेषज्ञ के उपलब्ध होने के बावजूद आवश्यक उपकरण नहीं होने की समस्या को दूर करने की भी मांग की गई है। अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं को लेकर भी अवधेश प्रसाद ने आवाज उठाई है। उन्होंने क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल की मरम्मत और जरूरत वाले स्थानों पर नई बाउंड्री बनाने, गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ प्रशिक्षित तकनीशियन उपलब्ध कराने तथा अस्पताल परिसर में वाहन और एंबुलेंस के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्थल बनाने की मांग की है। वहीं अवधेश प्रसाद ने बताया कि मैं लोक कल्याण को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात किया हूं और उन्हें इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं से अवगत कराया हूं। मेरा प्रयास है कि क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। अस्पताल में जरूरी चिकित्सक और संसाधन उपलब्ध होने से हजारों ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इधर जदयू के जिला अध्यक्ष प्रसाद ने अवधेश प्रसाद की इस पहल की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि क्षेत्र की जनता से जुड़ी समस्याओं को सरकार के स्तर तक पहुंचाना सराहनीय प्रयास है।

# अवैध बालू लदा वाहन जब्त, माफिया में हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया जी जिले के नीमचक बथानी अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने रविवार को अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बालू लदे एक तीनपहिया वाहन को पकड़ लिया। एसडीओ अपने सरकारी वाहन से क्षेत्र में निकले थे, तभी खिजरसराय के धूरा के समीप फल्गु नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव कर ले जा रहे तीनपहिया वाहन पर उनकी नजर पड़ी। एसडीओ ने वाहन को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन लेकर तेजी से आगे बढ़ने लगा। इसके बाद एसडीओ ने अपनी गाड़ी से करीब एक किलोमीटर तक वाहन का पीछा किया और आखिरकार उसे पकड़ लिया। वाहन की जांच करने पर उसमें अवैध रूप से बालू लदा पाया गया। एसडीओ ने चालक से बालू के संबंध में आवश्यक पूछताछ की, लेकिन इस कार्रवाई के दौरान चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। एसडीओ ने पकड़े गये वाहन को आवश्यक कार्रवाई के लिए स्थानीय थाना पुलिस को सौंप दिया है। प्रशासनिक अधिकारियों की इस अचानक की गई त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का उठाव और परिवहन करने वाले कारोबारियों व चालकों में भारी हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के अंधेरे में फल्गु नदी से ट्रैक्टर समेत अन्य वाहनों के माध्यम से बालू का अवैध उठाव किए जाने की शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं जिसके बाद लोगों ने प्रशासन से रात में भी नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रखने की मांग की है।

संपादकीय

# देश में महंगी होती मिठास

देश में शकर के भाव अचानक तेजी से बढ़ने से लोगों में चिंता बढ़ गई है, क्योंकि सावन के साथ ही त्यौहारी मौसम शुरू हो चुका है और बाजारों में शकर के दाम 40 रू. किलो से बढ़कर 55-65 रू. तक जा पहुंचे हैं। हालांकि मिठाइयों और चाय की कीमतों में तत्काल फर्क नहीं पड़ा है, लेकिन यही ट्रेंड जारी रहा तो इनके भाव भी निश्चित ही बढ़ेंगे। महंगी होती शकर से चिंतित सरकार ने व्यापारियों की शकर स्टॉक सीमा 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दी है। साथ ही विदेशों से शुल्क मुक्त शकर के आयात की अनुमति दे दी है। यह छूट 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी। हालांकि यह भी तत्काल संभव नहीं है। शकर के भाव बढ़ने का सिलसिला जल्द रूकने वाला नहीं है। देश में शकर के दाम अचानक क्यों बढ़ने लगे और कुछ साल पहले तक दूसरे देशों को शकर का निर्यात करने वाला भारत अब शकर के आयात पर विवश हुआ है तो इसके पीछे कई कारण हैं। पहला कारण तो खराब मौसम के कारण देश में गन्ने का उत्पादन घटना है। जबकि मांग कम होने की जगह और बढ़ गई है। यह स्थिति करीब आठ साल बाद बनी है। इसी के मद्देनजर सरकार ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर 2026 तक बैन लगा दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि भारत सरकार के इस फैसले का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखेगा। जैसे ही भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार से 10 लाख टन कच्ची शकर उठाएगा ग्लोबल मार्केट में इसकी मांग अचानक बढ़ जाएगी।

इसका सीधा असर लंदन और न्यूयॉर्क के कमोडिटी एक्सचेंजों में चीनी की बेंचमार्क कीमतों पर पड़ेगा और वहां आने वाले दिनों में शकर के दाम बढ़ सकते हैं। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण कारण ई- 20 एथेनॉल का है। गन्ने का इस्तेमाल अब बड़े पैमाने पर शकर की जगह एथेनॉल बनाने के लिए हो रहा है। न सिर्फ गन्ना बल्कि चावल और मक्का जैसे मोटे अनाज की खपत भी इसी काम में हो रही है। परिणामस्वरूप देश में शकर और मोटे अनाज की किल्लत होने लगी है। अगर सरकार ने इसे समय रहते नहीं रोका तो हालात और खराब हो सकते हैं। बताया जाता है कि सरकार की पेट्रोल में एथेनॉल मिलावट नीति के चलते करीब 29 लाख टन चीनी/गन्ने के रस को एथेनॉल बनाने के लिए डायवर्ट किया गया, जिससे घरेलू बाजार में चीनी की सीधी उपलब्धता घट गई। शकर कारोबारियों का कहना है कि इस बार चीनी का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले करीब पांच फीसदी कम रहा है। इसका असर बाजार में उपलब्ध भंडार पर पड़ा है। इस बीच पाकिस्तान से शकर आयात की बात भी उठी है, हालांकि सरकार इसे शायद ही अनुमति दे। पाकिस्तान में शकर का अतिरिक्त उत्पादन हुआ है। पाकिस्तान भारत को शकर बेच कर खासी विदेशी मुद्रा कम सकता है। लेकिन दोनों देशों के खराब रिश्तों के चलते यह संभव होता नहीं दिखता। दरअसल सरकार को अपनी ई 20 नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। इससे देश की विदेशी मुद्रा भले ही कुछ बचती हो, लेकिन इससे देश में शकर और खाद्यान्न की कमी हो रही है, जिसके लिए ये वस्तुएं विदेशी मुद्रा देकर आयात करनी पड़ रही हैं। यानी कच्चे तेल के कम आयात से जो बचत हो रही थी, वह शकर और खाद्यान्न के आयात से बराबर हो रही है। ई 20 पेट्रोल से लोगों की गाड़ियां खराब हो रही हैं, सो अलग। मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी कहा है कि सरकार केवल ई 10 पेट्रोल ही जारी रखे। वरना हालात गंभीर हो सकते हैं। महंगी शकर जन असंतोष का कारण भी बन सकती है।

# टूटा भरोसा- पारदर्शिता से इतना डर क्यों?

**आज सीजेपी जैसे संगठनों की 'स्कूल ठीक करो' मुहिम ने जो अलख जगाई है, उसका असर अब खुद स्कूलों के भीतर से दिखने लगा है। कई जगहों पर छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए, अपने हक़ के लिए आवाज़ उठाने और आंदोलन करने लगे हैं। यह वाकई सोचने वाली बात है, अगर स्कूलों में सब कुछ ठीक-ठाक होता, तो आखिर ये मासूम बच्चे विरोध करने की राह पर क्यों निकलते? बच्चों की यह जागरूकता बताती है कि सच्चाई को कितना भी दबाया जाए, वह किसी न किसी रास्ते से बाहर आ ही जाती है। और यही जागरूकता सत्ता के गलियारों में बेचैनी की असली वजह बन गई है। जिस दिन आम जनता और उनके बच्चे यह समझ जाते हैं कि उनका हक़ क्या है, उस दिन झूठे वादों और खोखले दावों की राजनीति चलनी मुश्किल हो जाती है। यही डर है जो सरकार को सता रहा है, सत्ता खिसकने का डर, जनता के जाग जाने का डर।**

पिछले कुछ हफ़्तों में देश के दो अलग-अलग राज्यों से जो ख़बरें सामने आईं, उन्होंने शिक्षा व्यवस्था की उस तस्वीर को उघाड़ कर रख दिया है जिसे छिपाने की भरसक कोशिश की जा रही थी। पश्चिम बंगाल में जब सीजेपी से जुड़े एक कार्यकर्ता एक सरकारी स्कूल की वास्तविक हालत लोगों के सामने लाने पहुँचे, तो उन्हें और उनके परिवार को बुरी तरह पीटा गया,इसी पिटाई से उनके पिता की मौत हो गई। लगभग उसी समय राजस्थान में स्कूल का हाल दिखाने गए आशुतोष के गाड़ी पर हमला बोल दिया गया। ये दोनों घटनाएँ अलग राज्यों, अलग सरकारों और अलग परिस्थितियों की हैं, मगर इनके पीछे छिपा डर एक जैसा है। और यही डर आज सबसे बड़ा सवाल खड़ा करता है, आखिर स्कूलों के भीतर की सच्चाई दिखाने से किसे इतनी तकलीफ़ हो रही है?




यह कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसी सरकारों ने विधिवत रूप से स्कूलों में मीडियाकर्मियों और यूट्यूबरों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। सोचने वाली बात यह है कि जो सरकारें अपनी हर योजना का ढिंढोरा पीटने में, हर उद्घाटन का वीडियो बनवाने में, हर होर्डिंग पर अपनी तस्वीर लगवाने में पीछे नहीं रहतीं, वही सरकारें जब स्कूल के कमरों, टूटी बेंचों, बिना छत की इमारतों और शिक्षकविहीन कक्षाओं का कैमरा सामने आने की बात आती है तो दरवाज़े बंद क्यों कर लेती हैं? अगर वाकई स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा है, बच्चों को पौष्टिक मिड-डे मील मिल रहा है, शिक्षक समय पर आते हैं और बुनियादी सुविधाएँ मौजूद हैं, तो एक आम नागरिक के कैमरे से इतना ख़ौफ़ किस बात का? सच तो यह है कि जो जितना पारदर्शी होता है, वह उतना ही निडर होकर हर जाँच का स्वागत करता है और जो हर निरीक्षण से भागता है, हर सवाल पर हिंसा पर उतर आता है, उसकी घबराहट ही उसकी असलियत बयान कर देती है।

यह सवाल केवल कुछ कार्यकर्ताओं पर हुए हमले तक सीमित नहीं है। यह उस पूरी व्यवस्था पर सवाल है जो अपने ही नागरिकों से, अपने ही बच्चों के भविष्य से जुड़ी जानकारी छिपाना चाहती है। सरकारी स्कूल किसी राजा-महाराजा की निजी संपत्ति नहीं हैं, वे जनता के पैसे से, जनता के लिए बनाए गए संस्थान हैं। जब कोई नागरिक अपने टैक्स के पैसों से बने स्कूल की हालत जानना चाहता है, तो यह उसका मौलिक अधिकार है, कोई एहसान नहीं जो सरकार उस पर कर रही है। मगर विडंबना देखिए कि वही अधिकार माँगने पर लाठियाँ बरसाई जा रही हैं, गाड़ियों पर हमले हो रहे हैं, और परिवारों तक को निशाना बनाया जा रहा है। यह सिर्फ़ एक कार्यकर्ता पर हमला नहीं, बल्कि पारदर्शिता की माँग करने वाले हर नागरिक को दी जा रही एक धमकी है, 'चुप रहो, वरना यही अंजाम होगा।'

एक और गहरी बात इस पूरे प्रकरण में छिपी है। जिन नेताओं, अधिकारियों और धनाढ्य वर्ग के लोगों के हाथों में सत्ता और व्यवस्था की डोर है, उनके अपने बच्चे विदेशों में, या देश के महँगे प्राइवेट स्कूलों और यूनिवर्सिटियों में पढ़ते हैं।

सरकारी स्कूलों की टूटी छतों और खाली कक्षाओं से उनका कोई निजी सरोकार नहीं होता, क्योंकि उनके अपने बच्चों को इन हालातों से कभी गुज़रना ही नहीं पड़ता। सरकारी स्कूलों में तो उन्हीं ग़रीब और मेहनतकश परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं जिनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। और जब यही बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, तो यह सिर्फ़ उनका नुक़सान नहीं, बल्कि पूरे समाज की सोच-समझ की सीढ़ी को कमज़ोर करने जैसा है। एक अशिक्षित, अनपढ़ और सवाल न पूछने वाली जनता किसी भी सत्ता के लिए सबसे सुविधाजनक होती है- वह न विरोध करती है, न अपने अधिकार माँगती है, बस चुपचाप वही मानती चली जाती है जो उसे बताया जाता है। शायद यही वजह है कि पढ़े-लिखे, जागरूक और सवाल पूछने वाले नागरिकों की जगह एक ऐसी भीड़ तैयार करने की कोशिश हो रही है जो बिना सोचे-समझे लाठी उठाकर चल सके। आज सीजेपी जैसे संगठनों की 'स्कूल ठीक करो' मुहिम ने जो अलख जगाई है, उसका असर अब खु़द स्कूलों के भीतर से दिखने लगा है। कई जगहों पर छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए, अपने हक़ के लिए आवाज़ उठाने और आंदोलन करने लगे हैं। यह वाकई सोचने वाली बात है, अगर स्कूलों में सब कुछ ठीक-ठाक होता, तो आखिर ये मासूम बच्चे विरोध करने की राह पर क्यों निकलते?

बच्चों की यह जागरूकता बताती है कि सच्चाई को कितना भी दबाया जाए, वह किसी न किसी रास्ते से बाहर आ ही जाती है। और यही जागरूकता सत्ता के गलियारों में बेचैनी की असली वजह बन गई है। जिस दिन आम जनता और उनके बच्चे यह समझ जाते हैं कि उनका हक़ क्या है, उस दिन झूठे वादों और खोखले दावों की राजनीति चलनी मुश्किल हो जाती है। यही डर है जो सरकार को सता रहा है, सत्ता खिसकने का डर, जनता के जाग जाने का डर। इसी घबराहट में सरकार के इशारे पर पलने वाले तत्व गुंडागर्दी पर उतर आए हैं, यह मानते हुए कि डरा-धमकाकर वे सच को दबा देंगे। लेकिन इतिहास गवाह है कि लाठी और डंडे से सच्चाई को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता। और जो लोग आज इस तरह की हिंसा में सरकार का साथ दे रहे हैं, उन्हें एक बार ठहरकर सोचना चाहिए कि शिक्षा किसी एक वर्ग या जाति की बपौती नहीं, बल्कि हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है।

आज जिस स्कूल की हालत को छिपाने के लिए वे लाठी उठा रहे हैं, कल वही हालत उनके अपने बच्चों या पोते-पोतियों को भी झेलनी पड़ सकती है। सच्चाई को दबाने वाला हाथ हमेशा के लिए मज़बूत नहीं रहता। अब यह लड़ाई सिर्फ़ कुछ कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों की नहीं, बल्कि उस पूरे विचार की है जो कहता है कि जनता को अपने संस्थानों के बारे में जानने का पूरा हक़ है।

जब बच्चे खुद जाग चुके हैं, जब समाज सवाल पूछना सीख चुका है, तो सरकार का दिखावा और झूठे वादों का सिलसिला ज़्यादा दिन नहीं चल सकता। अब समय आ गया है कि सरकारें डराने-धमकाने और पाबंदियाँ लगाने के बजाय अपनी शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक सुधार पर ध्यान दें, ताकि किसी भी नागरिक को स्कूल का दरवाज़ा खटखटाने पर डर या हिंसा का सामना न करना पड़े, बल्कि पारदर्शिता का स्वागत हो। शिक्षा का उजाला फैलाने वालों को रोकने की जगह, अगर उतनी ही ऊर्जा स्कूलों को सुधारने में लगाई जाए, तो शायद यह डर अपने आप ख़त्म हो जाए।

अध्यात्म

## किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए

एक लोक कथा है, पुराने समय में एक गांव के मंदिर में एक विशाल पत्थर रखा हुआ था। वह पत्थर साधारण नहीं था। पंडित जी ने सोचा कि अगर इसे तराशकर सुंदर मूर्ति बनाई जाए तो मंदिर की शोभा और बढ़ जाएगी। उन्होंने यह विचार एक मूर्तिकार के सामने रखा और कहा कि इस पत्थर से भगवान शिव की मूर्ति बना दीजिए। मूर्तिकार ने पत्थर को ध्यान से देखा और काम शुरू कर दिया। वह दिनभर हथौड़ी और छेनी से उस पत्थर पर वार करता रहा, लेकिन पत्थर लगभग वैसा ही दिखाई देता रहा। दिन के अंत तक मूर्तिकार का उत्साह कम होने लगा। उसे लगने लगा कि यह पत्थर बहुत कठोर है और इससे मूर्ति बनाना संभव नहीं है। अंततः उसने हार मान ली और काम छोड़कर चला गया। पंडित जी निराश नहीं हुए। अगले दिन उन्होंने दूसरा मूर्तिकार बुलाया। नया मूर्तिकार जब आया, तो उसने भी पत्थर को देखा, औजार उठाए और पहला वार किया। आश्चर्यजनक रूप से, उस एक वार के बाद पत्थर में हल्की सी दरार आ गई। उसने लगातार काम जारी रखा। कुछ ही समय में वह कठोर पत्थर टूटने लगा और अंततः उससे भगवान शिव की एक अत्यंत सुंदर मूर्ति तैयार हो गई। यह देखकर पंडित जी सोच में पड़ गए। उन्हें समझ आया कि पहले मूर्तिकार के लगातार किए गए प्रयासों से पत्थर पहले ही अंदर से कमजोर हो चुका था, लेकिन उसने बीच में हार मान ली। अगर वह थोड़ा और धैर्य रखता और एक अंतिम प्रयास करता, तो सफलता उसी को मिल जाती और वही यह मूर्ति बना सकता था। इस कथा का सार यह है कि जीवन में कई बार हम सफलता के बहुत करीब पहुंचकर रुक जाते हैं। हम थककर, निराश होकर या परिणाम न देखकर प्रयास छोड़ देते हैं, जबकि असल में सफलता बस एक और प्रयास की दूरी पर होती है। जीवन में बड़े लक्ष्य भी ऐसे ही होते हैं- निरंतर प्रयास से ही उन्हें पूरा किया जा सकता है।

**सीखः** किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए लगातार प्रयास करना सबसे महत्वपूर्ण है। एक या दो असफलताओं से यह तय नहीं होता कि काम असंभव है। अक्सर सफलता उसी मोड़ पर होती है, जहां लोग हार मान लेते हैं। हर असफल प्रयास हमें कुछ न कुछ सिखाता है। पहला मूर्तिकार असफल नहीं था, उसने पत्थर को कमजोर किया था, लेकिन वह इसे समझ नहीं पाया। जीवन में भी हर असफलता हमें आगे बढ़ाने के लिए तैयारी कराती है, इसलिए सफल होने तक प्रयास करते रहना चाहिए।

# वंदे मातरम् के अपमान पर संग्राम

**कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के कथित अपमान के आरोप पर देश की राजनीति गरमा गई है। केंद्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह ने चित्तौड़गढ़ में कहा कि 'यह गान फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, जो सोनिया गांधी को रास नहीं आ रहा है। सोनिया जी 140 करोड़ जनता आपको देख रही है। यदि कांग्रेसियों में जरा भी शर्म बची है तो इस गीत के अमर रचयिता बंकिम बाबू और जनता से माफी मांगे। इस बीच दिल्ली के इंद्रप्रस्थ थाने में अधिवक्ता शुभ शर्मा ने सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कर्नाटक के भाजपा नेता विकास पुत्तुर ने भी थाने में शिकायती अर्जी दी है। बंकिम बाबू के वंषज सुमित्रो चटर्जी ने भी सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने का आग्रह किया है। यानी यह विवाद लंबा चलने वाला है।**

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर जब समारोह चल रहा था, तब राहुल गांधी और मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने इसके संपूर्ण गान से किनारा कर लिया था। वंदे मातरम् को लेकर पहली बार विवाद खड़ा हुआ हो ऐसा नहीं है, रह-रहकर विवाद नए-नए रूपों में अंगड़ाई लेता ही रहता है। यही नहीं जब राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' की तरह वंदे मातरम् को संसद में विधायी संरक्षण देने संबंधी विधेयक पर चर्चा हो रही थी तब भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल पीछे हट रहे थे, बावजूद संपूर्ण गायन से जुड़ा विधेयक पारित हो गया। राष्ट्रगीत का बहिष्कार संसद और विधानसभाओं में तो होता ही रहा है, किंतु अब स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसके संपूर्ण गान का विरोध किया जाना चिंताजनक है। संविधान के इस प्रविधान का अपमान अलगाववादी मानसिकता का प्रतीक है। यह मामला तब और गंभीर हो जाता है, जब निर्वाचित सांसद और विधायक वंदे मातरम् की उपेक्षा करें। क्योंकि कोई भी जनप्रतिनिधि न केवल बहुधर्मी और बहुजातीय मतदाताओं के बहुमत से संसद में पहुंचता है, बल्कि धर्म व जातीयता से ऊपर उठकर संविधान, देश व जनहित की शपथ लेकर अपने कर्तव्य का पालन करता है। लिहाजा यह मुद्दा धर्म और राजनीति से परे राष्ट्रीय गरिमा और सोच से जुड़ा मसला है। यदि राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो इससे




अलगाववाद की संकीर्ण मानसिकता को विस्तार मिलेगा और जनता में गलत संदेश जाएगा। इसलिए इस्लाम या ईसाइयत के बहाने वंदेमातरम् का विरोध करने वाले जो भी सांसद या विधायक हों, उन्हें बर्खाश्त किया जाए। पूर्व सांसदों व विधायकों को मिलने वाले विशेषाधिकार व सुविधाओं से भी वंचित किया जाए। बंकिम चंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे उपन्यास 'आनंद मठ' में उल्लेखित गीत को 'राष्ट्रगीत' के रूप में स्वीकारा गया है। यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है। भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम् क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है।

1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देशव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। और वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए थे। 14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र गीत का गायन श्रीमती सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे। 15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्रता का सूर्योदय हो रहा था, तब आकाशवाणी पर पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से गाया। आखिरकार 24 अगस्त 1948 को जन-गण-मन के साथ इस गीत को भी राष्ट्रगीत की प्रतिष्ठा मिली। लेखक और दार्शनिक युगदृष्टा होते हैं, इसलिए बंकिम बाबू ने इस गीत को लिखे जाने के वक्त ही अपनी दिव्यदृष्टि से अनुभव कर लिया था कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनकर लोकप्रियता के शिखर चूमेगा, इसीलिए उन्होंने इसे बंगाली भाषा में न लिखते हुए संस्कृत में लिखा। मूल और संपूर्ण गीत की केवल नौ पंक्तियां बंगाली में हैं। गीत का जो संपादित अंश राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया है, वह केवल आठ पंक्तियों का है। वंदे मातरम् को इस्लाम विरोधी जताया जाना कोई नई बात नहीं है। जब कांग्रेस ने इसे प्रार्थना गीत के रूप में स्वीकार किया था, तब भी इसकी खिलाफत हुई थी। 1937 में कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। इसमें मौलाना आजाद, पंडित नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस जैसे प्रखर संस्कृति मर्मज्ञ सदस्य थे। समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे रवीन्द्रनाथ ठाकुर से मशविरा कर वंदे मातरम् के संबंध में दो टूक सलाह दें। समिति द्वारा रवीन्द्रनाथ से परामर्श के बाद जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, उसके उपरांत कांग्रेस कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि हरेक राष्ट्रीय व सार्वजनिक सभा में वंदे मातरम् के केवल दो पद गाये जाएं। ऐसे अवसरों पर भारत विभाजन के जनक मोहम्मद अली जिन्ना भी इस गीत को आदर के साथ खड़े होकर गाया करते थे। तय है गीत पर विवाद का समाधान स्वतंत्रता से पहले ही हो चुका था। बाद में देश-विभाजन के लिए जिम्मेदार मुस्लिम लीग के नेताओं ने जरूर वंदे मातरम् को बुतपरस्ती, मसलन मूर्तिपूजा मानते हुए इसका विरोध किया। इस बहाने लीगियों ने अल्पसंख्यकों को खूब उकसाया। नतीजतन 1938 तक कांग्रेस के जो प्रमुख मुस्लिम नेता इस गीत की राष्ट्रीय गरिमा का ख्याल रखते चले आ रहे थे, वे भी दबी जुबान से इसका विरोध करने लगे। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप बहुसंख्यक हिंदू और सिख हठपूर्वक गीत की महिमा के बखान में लगे रहे। बाद में साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के नजरिये से उर्दू के उदारवादी कवियों व राजनीतिकों ने वंदे मातरम् का अनुवाद 'ऐ मादर, तुझे सलाम करता हूं' किया, अर्थात् हे माता, तुझे प्रणाम करता हूं। मुल्क को गुलामी से आजाद कराने की इस इबादत में गलत क्या है? अरबी फारसी के अनेक कवियों ने भी देश को 'मां' कहकर संबोधित किया है। लिहाजा राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं व उद्गारों को प्रचलित रूपकों अथवा प्रतीकों में प्रकट करना मूर्तिपूजा या बुतपरस्ती कतई नहीं है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज फैसलों में स्पष्टता और दफ्तर में संयम रखना होगा। धन के मामलों में अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। जल्दबाजी में कोई सामान खरीदने का विचार आ सकता है।

**वृषभ**
आज सुरक्षा पर ध्यान और निरंतर प्रयास करना होगा। आप वित्तीय सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे। आपकी समझ आपके काम आएगी।

**मिथुन**
आज नए अवसरों की तलाश और संतुलित बातचीत से कमाई बढ़ाने के लिए ऊर्जा बनी रहेगी। बातचीत या किसी अन्य गतिविधि के माध्यम से नया अवसर मिल सकता है।

**कर्क**
आज दीर्घकालिक योजना और सही मार्गदर्शन से धन की योजना बनाने में मदद करेगी। किसी अनुभवी व्यक्ति से सही सलाह मिल सकती है।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव करे। धन के मामलों में भरोसा बना रहेगा। आप अपने ऊपर या अपनी जीवनशैली में सुधार के लिए खर्च करना चाह सकते हैं।

**कन्या**
सही निर्णय से काम में सुधार आएगा। वित्तीय निर्णयों को गहराई से देखना होगा। गलती होने के डर से सही कदमों को न रोकें।

**तुला**
आज बजट में लचीलापन और शांत बातचीत रखे। आपकी आर्थिक स्थिति वर्तमान जरूरतों और भविष्य की योजनाओं के बीच संतुलन बनाने पर निर्भर करेगी।

**वृश्चिक**
संयम से काम और कठिन समय का समाधान होगा। धन को लेकर मन थोड़ा संवेदनशील हो सकता है। हालात ठीक होने पर भी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रह सकती है।

**धनु**
आज शोध के बाद कदम और नेटवर्क से लाभ होगा। आप अपनी आय बढ़ाने और नए वित्तीय विकल्पों को देखने की योजना बना सकते हैं। कोई भी कदम उठाने से पहले पूरी जानकारी जुटाएं।

**मकर**
आज अनुशासन से सुरक्षा और पुरानी कमियों में सुधार होगा। आज आप धन के बारे में व्यावहारिक रूप से सोचेंगे। यह तरीका बहुत सही है। अपने बाकी बकाये की समीक्षा करें और फालतू वादों से बचें।

**कुंभ**
आज तथ्यों की जांच और विचारों का सही इस्तेमाल करे। जल्दी वित्तीय प्रगति की इच्छा जाग सकती है। तुरंत नतीजे देने वाली चीजों की तरफ आकर्षण हो सकता है।

**मीन**
आज रुकी जिम्मेदारियों का निपटारा और निरंतर प्रयास करेंगे। वित्तीय आदतों को सुधारने का संकेत देते हैं। आपको अपनी जिम्मेदारियों, भुगतानों और लंबे समय के वादों पर दोबारा विचार करना पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### किड्जी एवं विद्या भारती स्कूल में मना सावन उत्सव

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के भुनेश्वरी चौक स्थित किड्जी जी एवं विद्या भारती स्कूल में सावन उत्सव मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत सारे गानों पर प्रस्तुति दी। नमो नमो श्री शंकरा पर सीनियर के.जी के बच्चों ने सबका मन मोह लिया। वहीं वर्ग एक और दो के बच्चों ने छम छम गाने पर प्रस्तुति दी। नर्सरी वर्ग एवं प्ले ग्रुप से याद पिया की आने लगी छोटे छोटे बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी। विद्या भारती स्कूल की बच्चियां हाथों में मेंहदी, हरे रंग की चूड़ी, लहंगे पहनकर खूबसूरत लग रही थी। छोटी छोटी बच्चियां हरे रंग की चूड़ियां खनका रही थी। कुछ बच्चे शिव एवं पार्वती की वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम की शुरूआत शिव आराधना से हुई। शिक्षिकाओं ने बच्चों को सावन मास की महत्ता बताई। कार्यक्रम में सैंकड़ों, बच्चों एवं सभी शिक्षिकाओं ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक ई. सौरभ ने बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा एवं कहा भोलेनाथ सब के साथ।



### झपकी आने से खड़े ट्रक से टकराई पार्सल वैन, चालक गंभीर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र के औंटा-सिमरिया सिक्स लेन पर एनएचएआई सीसीटीवी कंट्रोल रूम के पास रविवार अहले सुबह एक पार्सल वैन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में पार्सल वैन चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि रुकुनपुर पंचरुखिया, फतुहा निवासी वैन चालक राजकुमार फतुहा से डेयरी प्रोडक्ट (दूध और दही) लेकर बेगूसराय जा रहे थे। इसी दौरान औंटा-सिमरिया सिक्स लेन ब्रिज के कंट्रोल रूम के पास उन्हें अचानक झपकी आ गई। इससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही।हाथीदह पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिए मरांची पीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा लापता

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के छोटकी मठ गांव से एक 15 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छोटकी मठ निवासी ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी पुत्री कुमारी उम्र 15 वर्ष, दिनांक 20 अगस्त 2026 को सुबह 9 बजे घर से उच्च विद्यालय बहरामपुर पढ़ने के लिए निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। जब विद्यालय से संपर्क किया गया तो बताया गया कि छात्रा उस दिन स्कूल आई ही नहीं थी। छात्रा अपने साथ मोबाइल भी लिए हुए थी, जो तब से बंद बता रहा है। पिता ने आशंका जताई है कि किसी ने गलत नियत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है और उसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। धनरुआ पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला के साथ छेड़खानी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने गांव के ही एक ब्यक्ति पर छेड़खानी और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि हमारे ही गांव के शिववचन शर्मा पिता स्व. बैजनाथ शर्मा के द्वारा जब हम गली में बैठे थे, तभी आरोपी वहां आया और हमारे साथ गाली-गलौज करते हुए बुरी नियत से पकड़ने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी भाग गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी का पोता हमारे बगीचे से अमरूद तोड़ लेता था, मना करने पर विवाद करता था। पीड़िता ने बताया कि घटना के समय उसके पति घर पर नहीं थे, इसलिए सूचना देने में देरी हुई। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा धनरुआ की छापेमारी टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी का मामला पकड़ा है।कनीय अभियंता पीयूष कुमार ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर बताया कि टीम ने वीर गांव, नियर पेट्रोल पंप में छापेमारी की। जांच में पाया गया कि उपभोक्ता राघो सिंह पिता राजू गोप, उपभोक्ता के परिसर में मीटर से पहले एलटी लाइन से आने वाले सर्विस तार में टेपिंग कर मीटर बाईपास करके अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जांच के दौरान परिसर में कुल 971 वाट का लोड पाया गया। इससे बिजली कंपनी को 14,384 रुपये के राजस्व की क्षति हुई है। बकाया बिल 13,055 रुपये मिलाकर कुल देय राशि 27,419 रुपये बताई गई है। मौके से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार जब्त किया गया है।इस मामले में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

### अमेजन डिलीवरी बॉय पर धोखाधड़ी का आरोप

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन के एक डिलीवरी बॉय पर सामान वापस लेने के बाद रुपये नहीं लौटाने का आरोप लगा है। मामले को लेकर रतनपुरा डेरा निवासी अशोक कुमार ने पालीगंज थाने में लिखित आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, अशोक कुमार ने 28 जुलाई 2026 को अमेजन से रोटी मेकर मंगाया था। सामान पसंद नहीं आने पर उन्होंने 4 अगस्त को उसे रिटर्न कर दिया। आरोप है कि रानीपुर निवासी डिलीवरी बॉय राहुल यादव सामान वापस लेकर गया और बताया कि फोन पर ओटीपी आएगा तथा सात दिनों के भीतर रिफंड की राशि खाते में भेज दी जाएगी। अशोक कुमार ने थानाध्यक्ष से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और उनकी राशि वापस दिलाने की मांग की है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

### नशेड़ी बेटे से तंग पिता ने थाने में लगाई गुहार, पुत्र गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के केशवचक गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने अपने कलयुगी पुत्र की करतूतों से तंग आकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि वे अम्बिका प्रसाद के पुत्र हैं और उनके तीन पुत्र हैं। जिसमें मंझला पुत्र उदय कुमार उम्र करीब 25 वर्ष शराब और सूखा नशा का आदी है। नशे में घर आकर वह घर के सभी सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। मना करने पर वह अपने सारे वस्त्र उतार कर घर में नग्न घूमता रहता है, जिससे पूरा परिवार शर्मिंदा होता है। आवेदक के अनुसार उसने घर में रखा पलंग, बर्तन और बक्सा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस उसे पकड़कर थाने ले आई। पीड़ित पिता ने पुलिस से पुत्र के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### सांप काटने से 12 वर्षीय किशोर की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सम्यागढ़ थाना क्षेत्र के केबटी गांव में रविवार को सांप के काटने से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान केबटी निवासी रामचंद्र महतो के पुत्र कल्लू कुमार के रूप में हुई है।सम्यागढ़ थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि कल्लू कुमार रविवार करीब 11 बजे घर से बाहर खेत में शौच के लिए गया था। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन शाम करीब चार बजे उसकी मौत हो गई।ग्रामीणों के अनुसार, सांप के काटने के बाद भी किशोर ट्यूशन पढ़ने गया था। ट्यूशन से लौटने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसकी हालत गंभीर हो गई और उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### कुख्यात चोर के घर छापेमारी, देसी कट्टा व कारतूस बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के बिंद टोली, सिमरिया घाट में शनिवार देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक घर से देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गया।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अनुसार, लूट, चोरी और छिनतई के मामलों में फरार संतोष निषाद उर्फ चुहवा के घर पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह घर से फरार हो गया।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर अर्द्धनारीश्वर मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, एसडीएम ने लिया जायजा

**अर्धनारीश्वर मंदिर में सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर 10 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की हुई प्रतिनियुक्ति**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर मसौढी अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुनपुन प्रखंड के ग्राम चण्डासी स्थित प्रसिद्ध अर्द्धनारेश्वर मंदिर में इस दिन भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारी की है। ऐसे में रविवार को एसडीएम धनराज कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया,इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी द्वारा जारी आदेश के अनुसार मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 23 और 24 अगस्त 2026 को विशेष पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। अंतिम सोमवारी के अवसर पर एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालुओं का जुटान शुरू हो जाता है, इसलिए दो दिनों के लिए यह व्यवस्था की गई है।आदेश के तहत अर्द्धनारेश्वर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार, यज्ञ कुंड के पास, मंदिर परिसर के कंट्रोल रूम, पार्किंग क्षेत्र, चण्डासी गांव पुल, चण्डासी मोड़ और मंदिर के पूरब बैरिकेटिंग सहित कुल 10 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला पुलिस और लाठी बल की तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और पुलिस बल को 23 और 24 अगस्त को सुबह 5 बजे से पूजा समाप्ति तक अपने-अपने स्थान पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारण का निर्देश दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी पुनपुन और थानाध्यक्ष गौरीचक को मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है।इसके लिए अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय रहेगा, जिसका दूरभाष नंबर 0612-2434246 है।

## महिला के साथ मारपीट मामले में दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के धनरूआ गांव में पूर्व के विवाद को लेकर तीन लोगों ने एक महिला पर जानलेवा हमला कर देने के मामले में नाम से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिसमें विजेंद्र प्रसाद और अजय कुमार दोनों पिता स्व.सुखाडी प्रसाद है, इन दोनो को पुलिस ने घर से गिरफ्तार किया है।यह घटना 20 नवंबर 2023 की बताई जा रही है। पीड़िता गुड़िया देवी पति उदय प्रसाद ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि वह दोपहर घर में अकेली थी। उनके पति खेत में धान कटवाने गए थे। इसी दौरान गांव के ही अजय प्रसाद, विजेन्द्र प्रसाद दोनों पिता स्व. सुखाड़ी गोप और विनोद प्रसाद पिता विजेन्द्र प्रसाद घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने लोहे की रॉड और लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और चेहरे में गंभीर चोट आई।

## माओवादियों की मांद कहे जाने वाला भगवानगंज बना अवैध हथियार तस्करों का सेफ जोन

**तीन महीने में चार बड़ी रिकवरी, पुलिस अलर्ट**

शशि तुलस्यान




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कभी नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाला भगवानगंज इलाका अब अवैध हथियार तस्करों का सेफ जोन बनता जा रहा है। बदलते बिहार में यहां नक्सली गतिविधियां तो शांत हुईं, लेकिन अब हथियार तस्करों ने अपना नेटवर्क फैलाना शुरू कर दिया है।पिछले तीन महीनों में भगवानगंज पुलिस ने चार बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों की खेप पकड़ी है, जिससे यह साफ हो रहा है कि इलाके में मिनी गन फैक्ट्री और तस्करी का बड़ा नेटवर्क सक्रिय है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 28 जून को देवरिया मोड़ के पास दो देसी कट्टा और दो कारतूस के साथ तस्कर महामाया रविदास को गिरफ्तार किया गया,19 जुलाई 2026 में पंसारी गांव में हाथीनगर सिगोडी से हथियार तस्करी करने आए कृष्ण यादव को एक कट्टा के साथ पकड़ा गया। 19 जुलाई को ही चिथौल पोखर के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा जब्त किया।19 अगस्त को सिगोडी निवासी धर्मराज यादव और नंदलाल यादव को एक देसी कट्टा, थरनट और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। लगातार हो रही इन बरामदगियों ने पटना पुलिस को चौकन्ना कर दिया है। सूत्रों के अनुसार ज्यादातर हथियार पालीगंज और कराय-परशुराय इलाके की अवैध फैक्ट्रियों से भगवानगंज लाए जा रहे हैं और यहां से खरीद-बिक्री की जा रही है। भगवानगंज दोनों इलाकों के बीच सेफ कॉरिडोर बन गया है।भगवानगंज थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इलाके में हथियार तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार छापेमारी चल रही है। जून से अगस्त के बीच चार बड़ी रिकवरी हुई है। इस पूरे बड़े नेटवर्क की तलाश जारी है और हर संदिग्ध ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। लगातार हथियारों की बरामदगी से साफ है कि भगवानगंज अब हथियार तस्करों के लिए नया अड्डा बनता जा रहा है, जिसे ध्वस्त करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है।

## हाथीदह स्टेशन पर पुलिस की कार्रवाई, 32 लीटर शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार




**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना पुलिस ने रविवार अहले सुबह अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हाथीदह रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों की सघन तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने चार लोगों को विदेशी शराब और बीयर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से कुल करीब 32 लीटर शराब बरामद हुई।गिरफ्तार आरोपियों में बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र निवासी अनमोल कुमार (22) शामिल है, जिसके पास से 4.5 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। वहीं बरौनी थाना क्षेत्र के हवासपुर, जीरो माइल निवासी सुधीर कुमार (20) के पास से 12 लीटर बीयर मिली।तेघड़ा थाना क्षेत्र के चिल्हाय -खिदीरचक निवासी सतीश महतो (53) के पास से 8.75 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। जबकि समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र निवासी राजन कुमार (25) के पास से 6.75 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की जांच के दौरान चारों को शराब के साथ पकड़ा गया। सभी आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अवैध शराब की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है।

## भाभी को पत्नी बनाने के मामले मे फरार आरोपी पति जहानाबाद से गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में जीवित पत्नी को सरकारी कागजों में मृत दिखाकर उसकी जगह अपनी विधवा भाभी का नाम सर्विस बुक और पेंशन रिकॉर्ड में दर्ज कराने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह मामला मुस्तफापुर निवासी सेवानिवृत्त आर्मी जवान शिव रंजन कुमार पिता स्व. कंचन सिंह से जुड़ा है। उसकी पत्नी निशा कुमारी ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उसका विवाह 15 मई 1989 को शिव रंजन कुमार से हुआ था। शादी के बाद पता चला कि पति का अवैध संबंध अपनी विधवा भाभी किरण देवी पति स्व. रवि रंजन कुमार के साथ है। विरोध करने पर पति ने उसे पुत्र प्रिय रंजन कुमार सहित घर से निकाल दिया। तब से वह बेगूसराय के बरौनी स्थित मायके में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि 2001 में उसने धनरूआ थाने में मामला दर्ज कराया था,

## राजेंद्र सेतु पर झपटमारों का आतंक, ट्रेन यात्रियों के मोबाइल पर नजर



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह-सिमरिया राजेंद्र सेतु पर झपटमारों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। पुल से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल झपटने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। रविवार सुबह भी बरौनी से पटना जा रही फास्ट पैसेंजर ट्रेन में एक रेल यात्री झपटमार का शिकार हो गया।बताया जाता है कि एक यात्री राजेंद्र सेतु का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान पुल के रेलवे ट्रैक के समीप अचानक एक झपटमार नजर आया और यात्री के हाथ से मोबाइल झपटने की कोशिश करता दिखाई दिया। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में झपटमार की तस्वीर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने की बात सामने आई है।स्थानीय लोगों के अनुसार, राजेंद्र सेतु पर झपटमार अक्सर पुल के खंभों के आसपास छिपकर ट्रेन यात्रियों पर नजर रखते हैं। ट्रेन के पुल से गुजरने के दौरान वे हाथ या डंडे की मदद से यात्रियों के मोबाइल पर झपट्टा मारकर फरार हो जाते हैं। कई यात्रियों के साथ इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।राजेंद्र सेतु पर झपटमारी की लगातार हो रही घटनाओं से रेल यात्रियों में दहशत का माहौल है। यात्रियों ने रेलवे और सुरक्षा एजेंसियों से पुल पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने तथा झपटमारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध हथियार एवं अन्य कई मामले में फरार पांच अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इश्तिहार

**सरेंडर करने की चेतावनी**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर रविवार को इश्तिहार चिपकाकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। पहला मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खराट गांव का है। मसौढ़ी थाना कांड संख्या 487/25 के तहत अवैध हथियार रखने के आरोपी मंटू कुमार पिता स्व. नरेश यादव के घर पर पुलिस ने पूरे गांव में मुनादी कराते हुए विधिवत इश्तिहार सटाया है। जांच पदाधिकारी नूर आलम ने बताया कि 13 जून 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि मंटू कुमार अपने घर में आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए अवैध हथियार रखे हुए है। छापेमारी के दौरान आरोपी फरार हो गया था। तलाशी के दौरान घर से एक पिस्तौल, कई जिंदा कारतूस और कुछ नकद रुपये बरामद किए गए थे। तभी से वह फरार चल रहा है। वहीं दूसरे मामले में बेर्रा गांव निवासी गौरव कुमार पिता चंद्रशेखर यादव के घर पर भी इश्तिहार चिपकाया गया है। इसके अलावा मसौढ़ी के कररिया गांव में फरार नामजद अभियुक्त सुरेश सिंह पिता रामइकबाल सिंह एवं गंगाचक सिकरिया के दिलीप दास पिता गनौरी दास एवं बेलौटी गांव के सुदर्शन मास्टर पिता चनारीक मोची के घरों पर विधवत जाकर इश्तिहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय में न्यायालय में सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## थानाध्यक्ष पर संचालक ने लगाया मारपीट व मोबाइल तोड़ने का आरोप, एसएसपी से की शिकायत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमामगंज थाना क्षेत्र के मुंगीला गांव निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक राकेश कुमार ने इमामगंज थानाध्यक्ष रौशन कुमार पर दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) तथा नगर पुलिस अधीक्षक पटना (पश्चिमी) को आवेदन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। राकेश कुमार, पिता नरेश चौधरी, ने लिखित आवेदन में कहा है कि वह मुंगीला गांव में ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता है। 19 अगस्त 2026 को सुबह करीब 10:27 बजे वह अपने आचरण प्रमाण पत्र के सत्यापन के सिलसिले में इमामगंज थाना गया था। वहां उन्होंने थानाध्यक्ष को आवेदन की पावती दिखाई। विरोध करने पर कॉलर पकड़कर मारपीट की गई। आरोप है कि उनका मोबाइल फोन पटककर तोड़ दिया गया तथा गले से सोने का लॉकेट भी तोड़ दिया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई।

## पुनपुन में 18 पुड़िया स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, पुलिस का विशेष अभियान जारी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुनपुन पुलिस को रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने पुनपुन पार्क के पास से दो युवकों को 18 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान श्रीपालपुर गांव निवासी 22 वर्षीय सन्नी कुमार पिता दिलशेर पासवान और 19 वर्षीय अभिषेक कुमार पिता कोलेश्वर पासवान के रूप में हुई है। दोनों पुनपुन थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पुनपुन पार्क के आसपास कुछ युवक स्मैक की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 18 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में नशाखोरी और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हाल के दिनों में युवाओं में नशे की लत बढ़ी है, जिसे रोकने के लिए पुलिस अलर्ट है। पकड़े गए दोनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है कि वे स्मैक कहां से लाते थे और किन-किन लोगों को सप्लाई करते थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में

## बाढ़ में कपड़ा व्यापारी पर फायरिंग, कट्टा, खोखा बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के स्टेशन बाजार में दुकान बंद कर घर लौट रहे कपड़ा व्यापारी राहुल कुमार पर दयाचक वार्ड नंबर 26 में अपराधियों ने कथित तौर पर लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर व्यापारी पर फायरिंग की गई। व्यापारी बाल-बाल बच गया। गोली की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान अपराधी भाग गए। लेकिन उनका देसी कट्टा और मोबाइल मौके पर गिर गया। घटना गुरुवार की रात की है। पुलिस पीड़ित के बयान की तस्दीक कर रही है। इस संबंध में कपड़ा व्यापारी में पुलिस को बताया कि वह अपनी दुकान बंद कर दयाचक स्थित घर जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले की गली में पहुंचने पर घात लगाए सात लोगों ने उसे घेर लिया और रुपया तथा मोबाइल लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर एक आरोपी ने देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। हालांकि इस घटना में वह बाल बाल बच गया। गोली चलने की आवाज पर आसपास के लोग जुटे और अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन अपराधी भाग गए। इस दौरान एक आरोपी का मोबाइल और देसी कट्टा गिर गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से एक देसी कट्टा, एक खोखा तथा मोबाइल बरामद किया है। इस संबंध में पीड़ित व्यापारी का कहना है कि घटना को सत्यम और गोलू तथा पांच अन्य अज्ञात लोगों ने अंजाम दिया। उनका आपराधिक इतिहास रहा है। सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने मौके पर जांच पड़ताल की है। पुलिस ने व्यापारी के बयान पर गोलू, सत्यम और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ फायरिंग कर जान मारने की कोशिश के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है।

## मोकामा में मंत्रियों का स्वागत, संतोष सुमन ने की बाला त्रिपुरसुंदरी की पूजा





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के इंदिरा नगर में रविवार को बिहार सरकार के लघु संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। मंत्री पटना से गरीब चौपाल यात्रा में शामिल होने मुंगेर जा रहे थे। इंदिरा नगर में मंत्री ने स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा गरीब चौपाल यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गरीबों, वंचितों और आमजन की आवाज को मजबूती देने के संकल्प के साथ गरीब चौपाल यात्रा निकाली जा रही है।इसके बाद मंत्री आगे रवाना हो गए। बड़हिया पहुंचने पर उन्होंने प्रसिद्ध बाला त्रिपुरसुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राष्ट्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।वहीं, बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत सीतामढ़ी जाने के दौरान साईं दरबार होटल के समीप फोरलेन पर कार्यकताओं ने उनका भी जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मटोल सिंह, मुन्ना सिंह, भानु जी और नरेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बोलेरो व बाइक की टक्कर में युवक घायल

**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदपुर थाना क्षेत्र में एकमा-ताजपुर-डुमाईगढ़ मुख्य सड़क पर रविवार को बोलेरो और बाइक की टक्कर में सरयू पार गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक एकमा बाजार स्थित एक निजी पैथोलॉजी में लैब टेक्नीशियन के रूप में कार्य करता है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मयंक कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार, हादसे में युवक के बाएं पैर में फ्रैक्चर हुआ है। एकमा सीएचसी में उपचार के दौरान घायल की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के परसा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत मधुबन गांव निवासी परमेश्वर कुमार राय के पुत्र राकेश कुमार (22) के रूप में हुई है।

### झोपड़ी में लगी आग, एक लाख की संपत्ति हुई राख

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र की पचुआ पंचायत के पचुआ टोला जिरात में शनिवार को खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर में मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित काशीराम के अनुसार, अगलगी में करीब 15 हजार रुपये नकद, सात क्विंटल चावल, गेहूं, कपड़े समेत लगभग एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर पचुआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शिवशंकर महतो, राजस्व कर्मी शाहिद हुसैन एवं प्रभु यादव मौके पर पहुंचे और अगलगी की घटना का जायजा व आगलगी में हुई क्षति का आकलन लिया।





### भुइली में जिला स्तरीय वनदेवी पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भुइली के समीप रविवार को जिला स्तरीय वनदेवी पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर प्रकाश साह गोंड ने की। महोत्सव में बड़ी संख्या में गोंड समाज के लोगों के साथ स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पारंपरिक आदिवासी एवं गोंडउ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। लोगों ने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य का जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य



अतिथि बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र पासवान उर्फ लखेंद्र कुमार रौशन ने कहा कि यह खुशी की बात है कि गोंड जनजाति के लोग आज भी आदिवासी समाज की अपनी समृद्ध परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं। वनदेवी माता की पूजा वास्तव में प्रकृति की पूजा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश भी वनदेवी पूजा की परंपरा से मिलता है। मंत्री ने घोषणा की कि अगले वर्ष से वनदेवी महोत्सव सरकारी स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसके आयोजन में जिला प्रशासन का भी सहयोग रहेगा। उन्होंने गोंड समाज की मांग पर कहा कि जिला ही नहीं, बल्कि प्रखंड स्तर पर भी एससी-एसटी वर्ग के बच्चों के लिए छात्रावास की पहल सरकार द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार द्वारा कानूनन आरक्षण सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराकर जनजातीय समुदाय को आगे बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। हालांकि शिक्षा और एकजुटता की कमी के कारण गोंड जनजाति के लोग इन सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाने का आह्वान किया। महोत्सव को गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जवाहर प्रसाद, जदयू नेता वीरेंद्र प्रसाद साह, महासचिव विजय साह, जयनारायण साह, एससी/एसटी आयोग की सदस्या प्रेमशीला गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जदयू आदिवासी प्रकोष्ठ के नेता अखिलेश कुमार, योगेंद्र शर्मा, छपरा नगर निगम के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, नगर पंचायत एकमा की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, बुस्तामी खां, बिनोद कुमार गोंड, डॉ. नीलमणि गोंड, डॉ. श्याम प्रभा, मनोज कुमार प्रसाद, महिला नेत्री रूबी गोंड, मुखिया मुन्ना साह, तारकेश्वर साह, दरोगा प्रसाद, सुरेंद्र साह, मुसाफिर साह, हरिहर साह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान गोंड समाज की पारंपरिक संस्कृति, रीति-रिवाज और सामाजिक एकजुटता की झलक देखने को मिली। महोत्सव में शामिल लोगों ने वनदेवी माता की पूजा-अर्चना कर समाज की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

### बोलबम कांवरिया शिविर,दनियावां ने सावन की अंतिम सोमवारी की पूर्व संध्या पर दिया सेवा भावना का परिचय

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा-दनियावां-हिलसा-इस्लामपुर मार्ग पर सावन की अंतिम सोमवारी की पूर्व संध्या पर फतुहा से उत्तरवाहिनी गंगा नदी से पवित्र जल भरकर 65 किलोमीटर दक्षिण



बराबर पहाड़ (जहानाबाद) स्थित भगवान शिव के रूप बाबा सिद्धनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए।रास्ते मे दर्जनों जगह सेवादारों और सामाजिक कार्यकर्ता ने कांवरियों, डाक बमों के लिए निम्बू पानी,शरबत, बिसलेरी जल,कई तरह के फलों का वितरण किया।रविवार को शाम से मौसम भी मघा नक्षत्र की हल्की फुहारों के बीच ठंडा होने से धावक डाक बम को राहत मिली। बाबा सिद्धनाथ पर पौराणिक फल्गु नदी पार कर 18 वीं सदी के आरंभ से ही जलाभिषेक की परंपरा रही है।दनियावां बाजार के शिविर में लाइट और डीजे साउंड पर 200 से ज्यादा जत्थे रविवार को समाचार प्रेषण तक रवानगी मार्ग पर गतिशील थे।दनियावां बाजार शिविर में डॉ0 पारसनाथ,भोलाजी, गोरख कुमार,निकेश, सुनील कुमार, सुबोध जी, अखवार कर्मवीर नीरज कुमार वर्मा, ज्ञान रंजन, सागर पासवान,दीपक कुमार(सरथुआ)शिव भक्तों की सेवा में हाजिर रहे।

# एकमा में दिव्यांग बच्चों के विशेष शिविर में उमड़ी भीड़, 150 बच्चों ने कराया पंजीकरण

**सहायक उपकरण से लेकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र तक की रही सुविधा, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल**





**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित डे केयर सेंटर पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी। विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेने के लिए कुल 150 बच्चों एवं अभिभावकों ने पंजीकरण कराया। शिविर में 6 से 18 वर्ष आयुवर्ग के दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं का आकलन किया गया। संसाधन शिक्षक दयाशंकर पांडेय एवं सुजीत कुमार ने बताया कि जिन बच्चों का यूडीआईडी (दिव्यांगता पहचान) कार्ड पहले से बना हुआ है, उनकी दिव्यांगता एवं आवश्यकता के आधार पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सूची तैयार की गई। वहीं, जिन बच्चों का अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना था, उनके अभिभावक फोटो, आधार कार्ड की प्रति, बैंक खाता की प्रति, मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेज लेकर शिविर में पहुंचे। ऐसे बच्चों की आवश्यक जांच एवं प्रक्रिया पूरी कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें भी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुआ। निर्धारित समय पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे और शिविर में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में स्वास्थ्य जांच एवं दिव्यांगता से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विशेषज्ञों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की भी मौजूदगी रही। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शिविर का आयोजन समावेशी शिक्षा के तहत बिहार शिक्षा परियोजना, सारण के तत्वावधान में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार किया गया। उन्होंने कहा कि शिविर की जानकारी अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों और उनके अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए पहले से प्रचार-प्रसार कराया गया था। उन्होंने कहा कि शिविर आयोजन का उद्देश्य यह है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र दिव्यांग बच्चा सरकारी योजनाओं और आवश्यक सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी पूर्व में अपील की थी कि वे ऐसे बच्चों और उनके अभिभावकों को सरकारी सुविधाओं की जानकारी देने तथा शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:**

शिविर के सफल आयोजन एवं संचालन में बीईओ मनीष कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार, प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी, राजेश कुमार सिंह, रंजन सिंह, अविनाश कुमार सिंह टुन्ना, पंकज कुमार, सत्येंद्र श्रीवास्तव, दिलीप कुमार चौधरी, आईटीसी को-ऑर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह, कंप्यूटर शिक्षक किसलय कुमार, सदर अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ संजीव कुमार गुप्ता, डॉ. तैसीफुल हक, डॉ. तारकेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, बबलू राम, प्रमोद कुमार चौधरी, सुरेश कुमार सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पौनी हसनपुर में स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कुपोषण से बचाव, स्वच्छता, स्तनपान एवं पोषण वाटिका के महत्व की दी गई जानकारी**




**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औलिया आध्यात्मिक अनुसंधान केन्द्र, औलिया दरबार, पौनी हसनपुर, वैशाली के तत्वावधान में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से पौनी हसनपुर गांव में स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा कुपोषण से बचाव को लेकर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यपालक निदेशक राम कृष्णा ने कुपोषण के कारणों, उससे बचाव के उपाय तथा बच्चों के समुचित विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। महिलाओं को घर एवं आसपास साफ-सफाई रखने तथा बच्चों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) पिलाने के महत्व की भी जानकारी दी गई। इसे नवजात के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पोषण एवं प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करने वाला बताया गया। कृषि विशेषज्ञ आदित्य तिवारी ने विभिन्न मौसम में होने वाली सामान्य बीमारियों से बचाव के उपायों के साथ पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घरों में किचेन गार्डेन विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने बिना रासायनिक खाद के साग-सब्जियों का उत्पादन करने के तरीकों के बारे में ग्रामीणों को व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर में उपलब्ध स्थान का उपयोग कर ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां उगाई जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के बीच डाबर इंडिया लिमिटेड के उत्पाद, जिसमें फल का जूस, च्यवनप्राश, कपूर, नारियल तेल एवं शहद शामिल थे, निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्रामीण प्रमोद तिवारी, राजनाथ पासवान, शम्भु तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए एक ही स्थान पर मिलेगी जानकारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा से जोड़ने तथा सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली के खर्च को कम करने की दिशा में जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश पर महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों तथा नगर परिषद एवं नगर पंचायत कार्यालयों में 'सूर्य केंद्र' स्थापित किए गए हैं। इन सूर्य केंद्रों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना तथा इच्छुक उपभोक्ताओं को ऑनलाइन आवेदन से लेकर योजना का लाभ प्राप्त करने तक आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता अपने निकटतम सूर्य केंद्र पर पहुंचकर सोलर रूफटॉप लगाने से संबंधित जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी नगर निकायों को व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत नगर परिषद एवं नगर पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों को योजना की जानकारी देकर अधिकाधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर परिषद, हाजीपुर में जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों के लिए विद्युत विभाग की टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## ब्रह्माकुमारियों ने मनाया अलौकिक रक्षाबंधन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देशभर में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा मनाए जाने वाले 15 दिवसीय अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव अंतर्गत ब्रह्माकुमारी बनिया पट्टी सेवा केंद्र द्वारा नगर के सूर्यबाला सदन में भव्य अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उत्तर बिहार की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी, विधायक बबलू गुप्ता, अपर समाहर्ता एवं रेड क्रॉस प्रभारी शैलेंद्र कुमार, बीके अशोक वर्मा, बीके विभा, अवकाश प्राप्त स्टेशन मास्टर दिलीप कुमार ने भाग लिया। रक्षाबंधन के आध्यात्मिक पर प्रकाश डालते हुए मीना दीदी ने कहा कि जब दुनिया गिरती कला में बिल्कुल पतित हो जाती है तब परमपिता परमात्मा का अवतरण भारत की भूमि पर होता है, उनके अवतरण की हीं यादगार है शिव जयंती अवतरित होने के बाद आत्माओं को रक्षासूत्र बांधकर उसे पवित्र करते हैं। और जब दुनिया पवित्र हो जाती है तब भारत की पावन धरती पर श्री कृष्ण का जन्म होता है 'और जन्माष्टमी मनाया जाता है। विधायक बबलू गुप्ता ने कहा कि संस्था का सेवा कार्य ऐतिहासिक है यह संस्था न सिर्फ आध्यात्म का प्रचार प्रसार कर रही है बल्कि भारत को स्वर्णिम युग में ले जाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। अपर समाहर्ता एवं रेड क्रॉस प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कई धर्म ग्रंथो के प्रेरक बातों को रखा, उन्होंने ब्रह्माकुमारी संसार अध्यात्म के साथ रेड क्रॉस भवन में ब्लड डोनेट जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम कर सेवा का एक मिशाल बनी है। संचालन के दौरान बीके अशोक वर्मा ने बताया कि प्रत्येक पांच हजार वर्ष के अंतराल पर परमात्मा का अवतरण भारत की भूमि पर होता है। परमात्मा द्वारा किए गए महान कार्य का यादगार द्वापर से रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा चली। आरंभ में साधु सन्यासी ही रक्षा सूत्र बांधते थे धीरे-धीरे यह प्रथा बड़ा रूप लेता चला गया। अतिथियों का स्वागत बीके विभा,बीके करुणा, बीके रीना ने पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर किया। स्वागत भाषण बीके बिभा ने किया। संबोधित करने वालों में ,योगी शैलेन्द्र गिरी,बीके करुणा,बीके हरिशंकर भाई एवं अन्य थे। उपस्थित सभी भाई बहनों को बीके मीना दीदी ने रक्षा सूत्र बांधकर खुशहाल जीवन की कामना की. बी के मीना दीदी ने सभी अतिथियों को ईश्वरीये सौगात भेट की। कार्यक्रम के अंत में सभी भाई बहनों को कमेंट्री के द्वारा योग कराया और नशा न लेने का संकल्प कराया।

## आपनमाटी आपन पार्टी के कार्यालय में पार्टी कार्य समिति की बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आपन माटी आपन पार्टी का पार्टी अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि चम्पारण में औद्योगिक विकास की ओर सरकार ने कदम उठाया है। पार्टी औद्योगिक विकास के कदम का हार्दिक स्वागत करते है। साथ ही जिला अधिकारी एवं मीडिया के माध्यम से सरकार को आग्रह करते है कि चम्पारण में 'चम्पारण औद्योगिक विकास प्राधिकरण' का गठन करके उद्योग को बढ़ावा दिया जाये । पिछले दिनों में चम्पारण से जो सरकारी छलावा किया गया है अब उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महासचिव अशरफ अली अंसारी ने कहा कि आपन पार्टी ने अपने माटी को संवारने के लिए ही बनाया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना झा ने बताया कि चम्पारण में व्यापक भ्रष्टाचार है। इसे दूर करने हेतु कमर कसके पार्टी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जंग छेड़ेगी। पूर्व सरपंच पार्टी के वरिष्ठ नेता हरिनारायण तिवारी ने कहा कि चम्पारण में चम्पारण औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन होगा। चम्पारण में जितेन्द्र तिवारी और आपन पार्टी का औद्योगिक विकास का सपना साकार होगा। आपन पार्टी के अति महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने वाले महमद कौसर अली, महफूज अरमान खान, चन्द्रदीप पासवान,अरबाज खान, हिमेन्द्र तिवारी, विक्रांत सिंह राठौर, विकास सिंह, सहित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल होकर जय जय चम्पारण के नारों से गुंजायमान कर दिया।

## सौर ऊर्जा जागरूकता शिविर में 24 उपभोक्ताओं ने किया आवेदन




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय के सभागार में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सौर ऊर्जा जागरूकता शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। वहीं बिजली बिल सुधार को लेकर चल रहा छह दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन हुआ। दोनों शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। विभागीय जेई संतोष सावंत व जेई चंदन कुमार ने बताया कि बिजली बिल सुधार शिविर में गलत मीटर रीडिंग, बिल में गड़बड़ी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपभोक्ता पहुंचे। अधिकारियों एवं कर्मियों ने शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। छह दिवसीय शिविर के दौरान कुल 25 उपभोक्ताओं की शिकायतों का निष्पादन किया गया। उपभोक्ताओं को बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित सौर ऊर्जा जागरूकता शिविर में विभागीय टीम ने क्षेत्र के करीब एक सौ उपभोक्ताओं से संपर्क कर सौर ऊर्जा के उपयोग, इसके फायदे और योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सौर ऊर्जा अपनाने से उपभोक्ताओं को बिजली की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी और सरकारी योजना का लाभ भी प्राप्त किया जा सकेगा।



शिविर में उपभोक्ताओं को योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया, सौर पैनल लगाने तथा इससे संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। योजना को लेकर उपभोक्ताओं में उत्सुकता देखी गई और लोगों ने विभिन्न सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान कराया। जागरूकता अभियान के दौरान कुल 24 उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। विभागीय पदाधिकारी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजना से जोड़ना है। आने वाले समय में भी उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर कनीय अभियंता संतोष सावन, कार्यपालक सहायक हरेश कुमार, सोलर पैनल वेंडर बबलू बाबा, मानव बल जनमेजय प्रसाद, काशीनाथ महाराज, जयप्रकाश शर्मा, अभिषेक गिरी, रवि प्रताप शर्मा समेत विद्युत विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## पुनर्मूल्यांकन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे पारा-मेडिकल, नर्सिंग एवं फामेर्सी कॉलेज संचालक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज से संबद्ध पारा-मेडिकल, नर्सिंग एवं फामेर्सी महाविद्यालयों के संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक पटना में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों की समस्याओं, परीक्षा परिणाम, शैक्षणिक सत्र में हो रही देरी तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्था को लेकर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। संचालकों ने कहा कि छात्रों का शैक्षणिक भविष्य किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए और उनकी समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष समाधान आवश्यक है। बैठक में हाल में जारी परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्रों के अनुत्तीर्ण होने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। संचालकों ने कहा कि परीक्षा परिणाम को लेकर कई महाविद्यालयों के छात्रों में असंतोष है। छात्रों की ओर से परिणाम की समीक्षा और उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग सामने आ रही है। कुछ स्थानों पर छात्रों द्वारा विरोध एवं आंदोलन भी किए जाने की जानकारी बैठक में दी गई। संचालकों ने माना कि छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से सुनना और तथ्यों के आधार पर उनका समाधान करना विश्वविद्यालय एवं संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छात्रों की समस्याओं को लेकर महाविद्यालय संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार के माननीय मुख्यमंत्री तथा बिहार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के कुलपति एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के समक्ष परीक्षा परिणाम की समीक्षा कराने, संभावित मूल्यांकन अथवा तकनीकी त्रुटियों की जांच करने तथा जरूरत पड़ने पर छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग रखेगा। संचालकों का कहना है कि



यदि किसी स्तर पर गलती सामने आती है तो उसे शीघ्र सुधारते हुए प्रभावित छात्रों को उचित राहत दी जानी चाहिए। बैठक में परीक्षा संचालन में हो रही देरी और इसके कारण प्रभावित हो रहे शैक्षणिक सत्र पर भी चिंता व्यक्त की गई। संचालकों ने कहा कि परीक्षा समय पर नहीं होने और परिणाम जारी होने में देरी के कारण छात्रों की आगे की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसका असर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उच्च शिक्षा में प्रवेश तथा रोजगार के अवसरों पर भी पड़ सकता है। पारा-मेडिकल, नर्सिंग और फामेर्सी जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में समय पर परीक्षा और परिणाम का विशेष महत्व है, क्योंकि इन पाठ्यक्रमों के बाद छात्रों को आगे की पढ़ाई, प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए निर्धारित समय-सीमा का पालन करना पड़ता है। संचालकों ने कहा कि छात्रों और महाविद्यालयों के बीच किसी प्रकार का भ्रम या असंतोष लंबे समय तक बना रहना उचित नहीं है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों की शिकायतों की सुनवाई के लिए प्रभावी व्यवस्था करनी चाहिए। परीक्षा परिणाम से संबंधित आपत्तियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकार कर उनकी जांच की जाए और वास्तविक स्थिति छात्रों के सामने स्पष्ट की जाए। उनका कहना था कि पारदर्शी प्रक्रिया से ही छात्रों का विश्वविद्यालय और परीक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि परीक्षा परिणाम में किसी प्रकार की तकनीकी, प्रशासनिक या मूल्यांकन संबंधी त्रुटि प्रमाणित होती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जाएगा। संचालकों ने कहा कि उनकी पहल का उद्देश्य किसी व्यक्ति, संस्था या विश्वविद्यालय का विरोध करना नहीं है, बल्कि छात्रों के हितों की रक्षा करना है। वे चाहते हैं कि सभी निर्णय नियमों एवं तथ्यों के आधार पर हों और किसी भी योग्य छात्र के भविष्य के साथ अन्याय न हो। महाविद्यालय संचालकों ने यह भी कहा कि परीक्षा एवं परिणाम से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, महाविद्यालयों और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। इससे भविष्य में परीक्षा संचालन, मूल्यांकन और परिणाम प्रकाशन से संबंधित समस्याओं को कम किया जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री एवं विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश देंगे। बैठक में विभिन्न पारा-मेडिकल, नर्सिंग एवं फामेर्सी महाविद्यालयों के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के शैक्षणिक हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर प्रयास करने तथा सक्षम अधिकारियों के समक्ष उनकी मांगों को मजबूती से रखने का निर्णय लिया। संचालकों ने कहा कि छात्रों का भविष्य सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुनर्मूल्यांकन सहित परीक्षा परिणाम से जुड़ी उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक एवं निष्पक्ष निर्णय होना चाहिए।

CMYK

## राजगीर में धरती बचाओ आंदोलन ने बांटे 1001 पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर धरती बचाओ आंदोलन की ओर से पौध वितरण समारोह का आयोजन किया गया। गढ़ महादेव शनिदेव मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम में लोगों के बीच 1001 पौधों का निरूशुल्क वितरण किया गया। वहीं, शनिदेव भंडार की ओर से हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। संस्था से जुड़े सदस्यों ने बताया कि धरती बचाओ आंदोलन पिछले करीब 10 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और पौध वितरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। आम लोगों से सहयोग राशि एकत्र कर पौधे तैयार कराए जाते हैं और इसके बाद उन्हें निरूशुल्क वितरित किया जाता है।कार्यक्रम के दौरान संस्था ने सरकार से पौधे तैयार करने के लिए उपयुक्त जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। आयोजकों ने कहा कि जमीन मिलने से बड़े पैमाने पर पौधे तैयार कर अधिक से अधिक लोगों को निरूशुल्क उपलब्ध कराए जा सकेंगे।उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। मौके पर अध्यक्ष जय हृदेश, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार दास, कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार दास, सुकेन्द्र यादव, पुजारी हृदेश बाबा सहित दर्जनों कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## युवती का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के भैंसासुर मोहल्ले में शनिवार की देर शाम को 31 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध स्थिति में कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया। मृतका की पहचान सकुनत मोहल्ला निवासी वंदना कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी सोहसराय थाना क्षेत्र के सलेमपुर मोहल्ला निवासी उदय कुमार से वर्ष 2016 में हुई थी मृतका की मां ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी बेटी को पति द्वारा प्रताडित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वंदना और उदय की पढ़ाई के दौरान दोस्ती हुई थी, जो बाद में प्रेम में बदल गई। दोनों ने परिवार की सहमति के बिना वर्ष 2016 में शादी कर ली थी। दंपती की तीन वर्षीय एक बेटी है। मां का आरोप है कि प्रताड़ना के कारण वंदना का नवजात पुत्र भी पहले मौत का शिकार हो चुका है। मायके वालों ने आशंका जताई है कि वंदना की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है।वहीं, मृतका के पति उदय कुमार ने बताया कि वह जमीन का कारोबार करता है। शनिवार की दोपहर घर में खिचड़ी बनी थी, जो ठीक से नहीं बनी । इस बात को लेकर उसने पत्नी को फटकार लगाई और अपनी भांजी को स्कूल से लाने चला गया। स्कूल से भांजी को लेकर घर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा बंद था, जबकि बच्ची बाहर खेल रही थी। दरवाजा खुलवाने पर वंदना फंदे से लटकी मिली। इसके बाद उसने पुलिस को घटना की सूचना दी।लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि पुलिस को प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मायके वालों की ओर से आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लॉटरी के नाम पर साइबर ठगी करने वाले छह गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** साइबर अपराधियों के खिलाफ नालंदा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। केरल लॉटरी में उचित इनाम दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 13 स्क्रीन टच मोबाइल बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त शिकायत और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर ठगी के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में सूचना मिली कि कतरीसराय थाना क्षेत्र के गोवर्धन बिगहा गांव से कुछ साइबर ठग व्हाट्सएप के माध्यम से केरल लॉटरी के विज्ञापन और एड तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हैं।आरोप है कि ठग लोगों को लॉटरी में आकर्षक इनाम दिलाने का झांसा देते थे। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर लॉटरी टिकट और इनाम जीतने से संबंधित दस्तावेज भेजकर लोगों को विश्वास में लेते थे और विभिन्न तरीकों से उनसे रुपये की ठगी करते थे। मामले को ले नालंदा साइबर थाना में कांड संख्या 197/26 दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तार आरोपितों में इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सकरी गांव निवासी प्रवीण कुमार, कतरीसराय थाना क्षेत्र के गोवर्धन बिगहा निवासी प्रेम कुमार, सूरज कुमार, अरविन्द कुमार, संदीप कुमार और इन्द्रजीत कुमार शामिल हैं। सफल उद्भेदन में नालंदा साइबर थाना की पुलिस निरीक्षक कुन्ती कुमारी, पुलिस अवर निरीक्षक शैलेश कुमार झा, सिपाही पुनेश कुमार तथा नालंदा साइबर थाना के सशस्त्र बल की भूमिका रही।

## कादी बिगहा में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न



**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड क्षेत्र के कादी बीघा गांव में सावन के पवित्र माह को लेकर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन 24 घंटे से चल रहे अखंड कीर्तन का विधिवत समापन किया गया। इसके बाद पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन से जुड़े मोनू पांडे, संतोष कुमार और कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। पहले दिन 351 महिला श्रद्धालुओं एवं कन्याओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली।दूसरे दिन देवी मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन हुआ, जिसमें कादी बीघा समेत आसपास के गांवों की दर्जनों कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। भजन-कीर्तन से पूरा गांव भक्तिमय बना रहा। आयोजन का उद्देश्य गांव की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करना था। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।आयोजन की सफलता में सरवन पांडे, अमरेंद्र पांडेय, भोलानाथ शर्मा, चंदन पांडे, धर्मेंद्र पासवान, राहुल पांडे, दीपक कुमार, अमरनाथ पासवान, मदन रावत, रंजन कुमार समेत ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# साक्षरता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.डॉ. एमएस इस्लाम के दिशा- निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को प्रेमचंद सभागार में हुआ। विशेष शिविर का मुख्य विषय सतत ग्रामीण विकास के लिए युवाः साक्षरता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य रहा। समापन समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ज्योतिष कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सोनभद्र सूर्यपुरवंशी तथा डॉ. आकाश कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, खरासावां, ओबरा उपस्थित रहे। इसके प■ात मगध विश्वविद्यालय कुलगीत एवं लक्ष्यगीत प्रस्तुत किया गया।

एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने बुके एवं शॉल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. रोजी कांत ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा एवं जागरूकता कार्य समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और कहा कि यह विशेष शिविर का समापन समारोह नहीं है बल्कि महाविद्यालय में एन. एस. एस. के नए युग का आरंभ का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि इन सात दिनों में स्वयंसेवकों ने अपने अंदर विभिन्न गुणों और क्षमताओं को विकसित किया है, जो उन्हें दिल्ली के राजपथ पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने एकल गीत, सामूहिक गीत, सामुहिक नृत्य, कविता आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा शिविर के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

मुख्य अतिथि डॉ. ज्योतिष कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री कालेज, सोनभद्र सूर्यपुरवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान में भी सामाजिक परिवर्तन के महत्वपूर्ण वाहक हैं। उन्होंने विशेष रूप से ■सतत ग्रामीण विकास के लिए युवाः साक्षरता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य■ विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण विकास तभी सार्थक हो सकता है, जब स्थानीय समुदाय के साथ युवा सक्रिय रूप से जुड़ें। डॉ. आकाश कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री कालेज, खरसावां, ओबरा ने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज से जोड़ने और उन्हें सामाजिक समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान करता है। आज जेन जी के युग में जो जोश, उत्साह और उमंग दिल्ली की सड़कों पर दिखा था वही दृश्य कालेज के सभागार में स्वयंसेवकों की तालियों की गुंज में आज देखने को मिल रहा है। डॉ. आकाश कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति में सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती है।

## अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** न्यूटन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिशा बौद्धिक मंच और प्रबुद्ध भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ। डॉ. एस. पी. सुमन ने समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों के अमूल्य योगदान और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को रेखांकित किया। वरीय रंगकर्मी ब्रजेश कुमार, सेवानिवृत्त अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारिका प्रसाद उर्फ गुरुजी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार उर्फ उमा बाबू, डॉ. गौरीशंकर सिंह, महेंद्र गुप्ता, राधारमण पुरी, हाफि ज मो. खुर्शीद आलम एवं मो. खुर्शीद खान चंचल उपस्थित रहे। शिक्षक अंजन सिंह, रवि कुमार एवं मोंटी केसरी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से सभागार को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अभिनेता विकास कुमार ने भावपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आंगन में बुजुर्गों का आदर होता है, वह घर साक्षात स्वर्ग का रूप ले लेता है।

इस गरिमामय संध्या में सेवानिवृत्त अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मो. असलम अंसारी, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक राजेन्द्र चौधरी व शिवशंकर प्रसाद, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक गोपाल गुप्ता, शत्रुघ्न कुमार, गुप्तेश्वर प्रसाद, राजेश गुप्ता, संजय गुप्ता, आफताब आलम, संजय कुमार, विजयानंद और दिपेश कुमार उपस्थित रहे। संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ब्रजेश कुमार ने किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, तीन लोगों पर प्राथमिकी की अनुशंसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी कर तीन परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी है।

मामले में संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है।

पौथू विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के जेई रविशंकर कुमार ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में सहायक विद्युत अभियंता समेत विभागीय कर्मी शामिल रहे।

जांच के दौरान केराप टोला गुलाब बिगहा निवासी अरुण शर्मा के परिसर में मीटर को बाईपास कर बिजली उपयोग किए जाने की बात सामने आई। विभाग ने मौके पर चोरी के मामले में 21,221 जुमार्ना निर्धारित किया।

इसी अभियान के दौरान राकेश शर्मा के परिसर की जांच में भी बिजली चोरी का मामला सामने आया। उनके कनेक्शन पर बकाया राशि 24,065 बताई गई है। विभागीय जांच में बिजली चोरी के फलस्वरूप 16,218 की जुमार्ना राशि निर्धारित की गई। बकाया समेत कुल देय राशि ?40,283 बताई गई है।

वहीं अक्षय शर्मा के परिसर की जांच में भी अनधिकृत तरीके से विद्युत ऊर्जा के उपयोग का मामला सामने आया। उनके कनेक्शन पर 3,051 बकाया राशि तथा चोरी के मामले में 5,647 जुमार्ना निर्धारित किया गया। बकाया समेत कुल देय राशि 8,698 बताई गई है।

विद्युत विभाग ने तीनों मामलों में जब्ती सूची एवं जांच प्रतिवेदन के साथ रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम रक्षा दल एवं दलपति महासंघ के प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**प्रशिक्षित सदस्य गांव और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में करेंगे सहयोग : डॉ. तुलसी यादव**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के सरावक खेल मैदान परिसर में बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ की ओर से आयोजित एक माह के प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव एवं जिला संगठन मंत्री अजय विद्यार्थी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि ग्राम रक्षा दल महासंघ की ओर से पूरे बिहार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में रफीगंज में 22 अगस्त से 22 सितंबर 2026 तक सरावक हाई स्कूल के खेल परिसर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को अपने गांव, समाज एवं क्षेत्र में शांति और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए तैयार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम रक्षा दल के सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित सदस्य प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सामाजिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने में अपना योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में चांदनी कुमारी, नागमणि कुमारी, आरती कुमारी, सुशील कुमार, नेहा कुमारी, राजू कुमार, आदित्य प्रसाद गुप्ता, अमित कुमार, संतोष यादव, अजय यादव, अशोक पासवान, विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मानव घाट खिरियावां महोत्सव का आगाज

**सरकारी स्तर से मानव घाट महोत्सव आयोजन हेतु करूंगा प्रयास : प्रमोद कुमार सिंह**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मानव घाट खिरियावां महोत्सव का आगाज धार्मिक कार्य अनुष्ठान व जल यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं पूर्व विधायक सोमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वालित कर मानव घाट महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद सिंह ने कहा कि मानव घाट महोत्सव का राजकीय दर्जा दिलाने का मेरा भरपूर प्रयास करूंगा। इसके लिए अपनी लेटर पैड से राज्य सरकार से मांग करुंगा।

अगली बार महोत्सव सरकारी स्तर से कराया जाएगा। विशिष्ट अतिथि ओबरा पूर्व विधायक सोमप्रकाश सिंह ने कहा कि महोत्सव के आयोजन से एक तरफ ग्रामीण कलाकारों को अपने प्रतिभा कला प्रदर्शन व प्रस्तुति करने अवसर मिलता है तो वहीं सामाज में एकरुपता, समानता, मनोरंजन और आपसी प्रेम भाईचारा कायम होता है।

महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि देवनंदन प्रसाद ने किया तथा संचालन उदय कुमार शिकारी ने किया।

स्वागत गीत स्कूल के छात्र छात्राओं गायन किया। इस अवसर पर जदयू वरीय नेता संजीव कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, समाजसेवी भोला सिंह, विनय सिंह, सुरेश विद्यार्थी, अजित मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव, सरपंच प्रतिनिधि सुशील सिंह, सुनील शर्मा, अयोध्या प्रसाद, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सूबेदार कुमार, सियाराम कुमार, फैयाज आलम , जसपाल साव, मनु शर्मा, ज्ञानदत पाठक सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहें।

## खतरनाक बन गए ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद) ।** शहर में कई विद्युत ट्रांसफार्मर खतरनाक बन गए हैं। इनको सुरक्षित किये जाने की आवश्यकता है अन्यथा ये कभी भी जानलेवा बन सकते हैं। इस मामले को लेकर दर्जनों विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को आवेदन दिया है। इसमें कहा गया है कि नगर परिषद क्षेत्र में लगे कई बिजली ट्रांसफार्मर के चारों तरफ सुरक्षा ग्रील लगाने और बाजार स्थित लोहे के पोलो से एलटी कनेक्शन बॉक्स हटाने की मांग की है। मो वलीउल्लाह अंसारी, तबरेज आलम ,हंसराज चौधरी ,रंजीत कुमार सिंह ,मोइन अहमद, मो अब्बास दीपक सहित 50 नागरिकों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन कार्यपालक विद्युत अभियंता को दिया गया है। इसमें शहर के राजकीय मध्य विद्यालय संख्या दो स्कूल के बगल में, मगध होटल के पास ,थाना के पास ,महाराजा पैलेस के पास ,लल्लू फ्लावर के पास,पिराहीबाग बरुण रोड में लगे ट्रांसफार्मर की तस्वीर भी संलग्न की गई है। आवेदन में कहा गया है कि उक्त स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मर पर बॉक्स नीचे लगे होने के कारण तार नीचे लटके हुए हैं। इससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। सुरक्षा के लिए अन्य शहरों की तरह यहां भी इन ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर ग्रील लगाने की जरूरत है। पिछले दिनों तरार के हरिनगर में घटी घटना का जिक्र करते हुए आवेदन में कहा गया है कि ट्रांसफार्मर में लगे तार की चपेट में आकर एक बच्ची की मौत हुई थी। आवेदन में यह भी कहा गया है कि बाजार स्थित जितने भी लोहे के पोलों पर एलटी बॉक्स लगे हुए हैं, उन्हें हटाकर सीमेंट के पोल पर कर दिया जाए, क्योंकि इन लोहे के पोलों में भी कभी-कभी करंट आ जाती है। हाल ही में महाराजा पैलेस के पास बिजली के पोल में आए करंट की चपेट में आकर एक बकरी की मौत हो गई थी। स्थानीय नागरिकों ने आम जनों, बच्चों और जानवरों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से इन समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

# दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में आयोजित हुआ रक्तदान कार्यक्रम




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर रविवार को ब्र■ाकुमारीज औरंगाबाद सेंटर की ओर से सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान कई भाई-बहनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर विश्व बंधुत्व और मानव सेवा का संदेश दिया।

रक्तदान कार्यक्रम में शामिल लोगों ने रक्तदान के माध्यम से समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर बी.के. सविता दीदी ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्व बंधुत्व की भावना तभी साकार होती है, जब हम जाति, धर्म और अन्य भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा के लिए आगे आते हैं।

कार्यक्रम में बी.के. सुमन बहन, बी.के. दिनेश भाई तथा बी.के. सुनील भाई भी उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति को सेवा, सहयोग और विश्व बंधुत्व के संदेश के साथ श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

## ट्रक के गुप्त तहखाने से शराब की बड़ी खेप जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** उत्पाद विभाग की टीम ने कुटुंबा प्रखंड के एनएच-139 स्थित एरका चेकपोस्ट पर जांच के दौरान शराब तस्करी के बड़े मामले का खुलासा किया है। टीम ने झारखंड की ओर से आ रहे 10 चक्का ट्रक की जांच के दौरान लकड़ी से बनाये गये गुप्त तहखाने में छिपाकर रखी गयी भारी मात्रा में शराब बरामद की हैं। बरामद शराब की मात्रा करीब 3०० से 5०० पेटी के बीच होने की संभावना जतायी जा रही है। फिलहाल विभाग की टीम शराब की पेटियों की गिनती और जांच में जुटी है। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर एएसआई संजय रजक के नेतृत्व में गठित टीम ने वाहनों की जांच के दौरान की। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान झारखंड की ओर से आ रहे 1० चक्का ट्रक को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान ट्रक में लकड़ी से बनाया गया विशेष तहखाना मिला। तहखाना खोलकर तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में शराब छिपाकर रखी गयी थी। इसके बाद पुलिस ने शराब समेत ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। जब्त ट्रक का नंबर यूपी 75 डीटी ०211 बताया गया है। उत्पाद अधीक्षक के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में शराब को झारखंड के पलामू जिले के डाल्टनगंज क्षेत्र से लाये जाने की जानकारी मिली है। शराब की वास्तविक मात्रा और उसकी कीमत का आकलन पेटियों की गिनती पूरी होने के बाद किया जायेगा। बरामद शराब की कीमत लाखों रुपये में होने की संभावना जतायी गयी है। उत्पाद विभाग की टीम गिरफ्तार चालक से पूछताछ कर रही है। उससे शराब की खेप कहां पहुंचायी जानी थी और इस तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी जानकारी ली जा रही है। विभाग का कहना है कि चालक से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी और गिरफ्तारी की कार्रवाई की जायेगी।

## औरंगाबाद को मिला नया जिला अग्निशमन पदाधिकारी, श्रेयांश विप्रे ने संभाला पदभार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले को अग्निशमन विभाग का नया जिला अग्निशमन पदाधिकारी मिल गया है। शनिवार को श्रेयांश विप्रे ने जिला अग्निशमन पदाधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। बताया गया कि इससे पहले औरंगाबाद जिले में अग्निशमन विभाग का कार्य होमगार्ड कमांडेंट के प्रभार में संचालित हो रहा था। नए जिला अग्निशमन पदाधिकारी के पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय कार्यों को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने की उम्मीद है।

पदभार ग्रहण के अवसर पर वरीय जिला समादेष्टा प्रभा कुमारी उपस्थित रहीं। वहीं एडीएफओ लालकेश्वर, एडीएफओ जयराम सहित अग्निशमन विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे।

इस मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रेयांश विप्रे ने कहा कि जिले में अग्निशमन से संबंधित घटनाओं को कैसे कम किया जाए, इस दिशा में गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने तथा आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी सेवा उपलब्ध कराने के लिए सभी कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारा मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है और इस सेवा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए।

नए जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने सभी कर्मियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अग्निकांड की घटनाओं की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और बेहतर जनसेवा सुनिि■त करने का आ■ान किया।

# अंतिम सोमवारी पर खुदनेश्वर स्थान में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## एसडीओ-डीएसपी ने लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर मोरवा स्थित प्रसिद्ध खुदनेश्वर स्थान मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार एवं सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने खुदनेश्वर स्थान मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर समिति के सदस्यों से मुलाकात कर अंतिम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित संख्या और उनके लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओ राकेश कुमार ने मंदिर समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं की संभावित अधिक संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंदिर परिसर में प्रवेश और निकास व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के साथ भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए पुलिस एवं संबंधित कर्मी पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहें। अधिकारियों ने मंदिर समिति एवं संबंधित कर्मियों को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशासन की ओर से अंतिम सोमवारी के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षित आवागमन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा गया है। प्रशासन द्वारा आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि खुदनेश्वर स्थान मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना एवं आवागमन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# त्योहारों को लेकर विधि व्यवस्था पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं ईद मिलादुन्नबी के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को नावकोठी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने की। बैठक में दोनों पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, मेला एवं जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्रखंड के पहसारा, रजाकपुर, बेगमपुर, समसा एवं पीरनगर गम्हरिया में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। भीड़ को नियंत्रित करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। इन आयोजनों के दौरान अंतरराष्ट्रीय कुश्ती, रासलीला, विदेशिया नाच एवं कव्वाली सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने समिति सदस्यों से प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए मेला आयोजित करने की अपील की। उन्होंने शरारती एवं असामाजिक तत्वों तथा उचक्कों पर विशेष नजर रखने की बात कही। मेला समितियों को शांति दस्ता गठित करने, सदस्यों के नाम एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने तथा कार्यक्रम के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन देने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी जोर दिया गया।बैठक में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस निकालने से संबंधित प्रशासनिक निर्देशों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रखंड में इस अवसर पर कहीं भी जुलूस निकालने की परंपरा नहीं है। अधिकारियों ने दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। मौके पर शंकर राय, संजीत कुमार महतो, मुकेश कुमार, शुभाकर मिश्र, अजीत सिंह, अनिल महतो, वचनदेव कुमार, अर्जुन पासवान, दिवाकर कुमार पासवान, सलमान खान, मो. आदम सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# नशामुक्ति को लेकर शुरू होगा व्यापक अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** हसनपुर बागर पंचायत को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ रविवार को पंचायत भवन परिसर में समाज के बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया विजय पासवान ने की। बैठक में खासकर नाबालिगों एवं युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से युवा पीढ़ी का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसके दुष्परिणामों से परिवार और समाज भी प्रभावित हो रहे हैं। नशे की रोकथाम के लिए पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड से पांच-पांच सदस्यों का चयन कर 75 सदस्यीय नशामुक्ति समिति का गठन किया जाएगा। समिति पंचायत के विभिन्न गांवों एवं वार्डों में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगी तथा नशे की रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।वहीं, अगले रविवार को पूरे पंचायत क्षेत्र में नशामुक्ति जन-जागरण यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि नशे के सेवन तथा अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के संबंध में प्रशासन एवं पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। साथ ही सामाजिक स्तर पर भी नशामुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में सरपंच अर्जुन पासवान, पंचायत समिति सदस्य मो. इमरोज, पूर्व सरपंच मो. वसीम उर्फ लालबाबू आदि उपस्थित थे।

# वंदे मातरम के दो छंद गाने के कांग्रेस के निर्णय का स्वदेशी जागरण मंच करेगा विरोध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा अपने कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के केवल दो छंद गाने का निर्णय लिए जाने पर स्वदेशी जागरण मंच ने कड़ी आपत्ति जताई है। मंच ने इसे राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक गरिमा और मूल भावना को सीमित करने वाला निर्णय बताते हुए इसका विरोध करने की बात कही है। स्वदेशी जागरण मंच की भागलपुर जिला इकाई के संयोजक रणजीत कुमार राय ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 'वंदे मातरम' महज एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना का शक्तिशाली प्रतीक रहा है। इस गीत ने असंख्य देशभक्तों में राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और संघर्ष की भावना को जागृत किया। ऐसे राष्ट्रगीत को राजनीतिक सुविधा के आधार पर सीमित करना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत का सम्मान किसी राजनीतिक दल की आंतरिक परंपरा अथवा राजनीतिक सुविधा से निर्धारित नहीं होना चाहिए। 'वंदे मातरम' के प्रति सम्मान दलगत राजनीति से ऊपर राष्ट्रीय भावना का विषय है।

राय ने कहा कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2026 के संदर्भ में यह विषय और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उनके अनुसार, संशोधन के तहत 'वंदे मातरम' के गायन में जानबूझकर बाधा डालने अथवा उसके गायन वाली सभा में व्यवधान उत्पन्न करने को दंडनीय बनाया गया है। ऐसे समय में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि वे राष्ट्रगीत की गरिमा को और मजबूत करें, न कि इसके स्वरूप को लेकर विवाद खड़ा करें। मंच के मीडिया प्रमुख इंदु भूषण झा ने कहा कि 'वंदे मातरम' करोड़ों भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। राष्ट्रगीत के सम्मान का प्रश्न किसी राजनीतिक दल की सुविधा का नहीं, बल्कि राष्ट्र के सम्मान का विषय है। स्वदेशी जागरण मंच इस मुद्दे पर देशभर में जनजागरण करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े प्रतीकों का सम्मान प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है। मंच ने स्पष्ट किया कि वह राष्ट्रगीत की गरिमा और सम्मान के लिए अपना अभियान जारी रखेगा।

# लुधियाना में पंजाब प्रदेश कबीर पंथ संत सम्मेलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लुधियाना।** पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर स्थित बड़ी हब्बोवाल, जसिया रोड, ज्वाला सिंह चौक के समीप कबीर मठ परिसर में विश्व कबीर दिव्य ज्योति धर्म सेवा संस्थान के तत्वावधान में पंजाब प्रदेश कबीर पंथ संत सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के आचार्य, महंथ और संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष वैरागी राम विलास दास ने की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उद्योगपति सह भाजपा नेता बी.एम. अमरेश पोद्दार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड में जितने भी देवी-देवता, भगवान, गुरु, सद्गुरु और जगतगुरु हुए हैं, सभी ने मानवता को क्रोध नहीं करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब ने जीवन में अनेक प्रकार की घोर यातनाएं सहने के बावजूद कभी क्रोध का मार्ग नहीं अपनाया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महंथ धर्म दास साहेब ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शैक्षणिक और आध्यात्मिक, दोनों प्रकार के गुरु का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जहां व्यक्ति को ज्ञान और जीवन में आगे बढ़ने की दिशा देती है, वहीं आध्यात्मिक गुरु जीवन के वास्तविक मूल्यों और मानवीय कर्तव्यों का बोध कराते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक महंथ डॉ. राजकुमार आजाद ने कहा कि आज उच्च शिक्षित व्यक्ति एसपी, कलेक्टर, डॉक्टर, इंजीनियर और प्रोफ़ेसर जैसे बड़े पदों पर पहुंचने के बाद भी कई बार अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़कर मंदिर-मस्जिदों में भगवान की तलाश करता है। जबकि आध्यात्मिक व्यक्ति अभाव और गरीबी में भी अपने माता-पिता की सेवा में ही भगवान का स्वरूप देखता है। अति विशिष्ट अतिथि एवं अंतर्राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुधीर पासवान ने देश में बढ़ते वृद्धाश्रमों की संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के बल पर ही परिवार, समाज और राष्ट्र में वास्तविक शांति स्थापित की जा सकती है। उन्होंने लोगों से मानवीय मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक जीवन को अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंथ डॉ. अशोक दास, गया, राष्ट्रीय महासचिव संतोष कबीरपंथी, प्रदेश संरक्षक महंथ महेंद्र दास, राष्ट्रीय सचिव उपेंद्र पासवान शास्त्री, विशुनदेव पासवान सहित कई संतों ने अपने प्रवचन और भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। संतों के भजन और प्रवचनों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के पंजाब प्रदेश के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर और चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वागत समिति के सदस्य सरदार रंजीत सिंह पोद्दार, निरंजन पोद्दार, विजय पोद्दार, योगेंद्र पोद्दार, सोनेलाल पोद्दार, श्रवण पोद्दार, रामानंद पोद्दार, बंटी पोद्दार, सरदार सुरेंद्र सिंह और पप्पू पोद्दार सहित अन्य सदस्यों ने बाहर से आए श्रद्धालुओं और अतिथियों की गर्मजोशी से सेवा और स्वागत किया। सम्मेलन में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु कार, ट्रेन, बस, टेंपो एवं अन्य साधनों से पहुंचकर सत्संग का लाभ लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और संतों के प्रेरणादायी प्रवचनों ने पंजाब प्रदेश कबीर पंथ संत सम्मेलन को यादगार बना दिया।

# सीएम ने वर्चुअल माध्यम से किया ड्रोन शो का उद्घाटन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर रविवार को आयोजित भव्य ड्रोन शो का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से किया। सुल्तानगंज- तारापुर कांवरिया मार्ग पर धांधी बेलारी चौक के पास रविवार की संध्या आयोजित इस ड्रोन शो कार्यक्रम के दौरान आस्था, आध्यात्मिकता, संस्कृति एवं आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर राज्य के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र, सुल्तानगंज विधायक ललित नारायण मंडल, भागलपुर विधायक रोहित पांडेय, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा, नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, उप विकास आयुक्त रवि राकेश, अपर समाहर्ता दिनेश राम आदि की उपस्थिति रही। ड्रोन शो के दौरान आकाश में ड्रोन के माध्यम से भगवान शिव, बाबा अजगैबीनाथ और विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आकृतियों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे आकाशीय दृश्यों ने सभी श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिले के उत्तर वाहिनी गंगा तट पर अवस्थित बाबा अजगैबीनाथ की पावन नगरी सुल्तानगंज के मेला क्षेत्र में आयोजित श्रावणी मेला के दौरान इस अभिनव कार्यक्रम ने श्रावणी मेला की भव्यता, धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का अनूठा संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, श्रद्धालुओं एवं आमजनों ने ड्रोन शो का आनंद लिया। वहीं यह कार्यक्रम अत्यंत आनंददायक, रोमांचक एवं अविस्मरणीय रहा तथा पूरे परिसर में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा। इस मेला के दौरान आयोजित यह भव्य ड्रोन शो सुल्तानगंज आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार आकर्षण के रूप में सामने आया है। मालूम हो कि इस कार्यक्रम (ड्रोन शो) का उद्घाटन करने हेतु मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आने वाले थे और इसकी लगभग पूरी तैयारी हो चुकी थी। लेकिन पटना में कई कार्यक्रमों में व्यस्त रहने की वजह से वे इस कार्यक्रम नहीं पहुंच सके। बावजूद इसके मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से अपने गृह क्षेत्र के पास आयोजित भव्य ड्रोन शो का उद्घाटन किया। जिससे कांवरिया मार्ग पर चलने वाले श्रद्धालुओं के आलावे आमलोगों में विशेष उत्साह देखा गया।

## कीचड़ से श्रद्धालुओं को जन प्रेरणा समिति ने दिलायी मुक्ति

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र में वर्षों से जलजमाव रहने से राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है।इस बात को जन प्रेरणा समिति के लोगों ने जगह-जगह थक हारकर स्वयं जलजमाव स्थल पर राबिस देकर सड़क पर से कीचड़ को खत्म किया। समिति के अध्यक्ष अमीत कुमार ने बताया कि पूजा स्थल के पास बीच सड़क पर वर्षों से जलजमाव लगा हुआ है। ऐसे में श्रद्धालुओं के आने-जाने में बेहद परेशानी होती। इसी को देखते हुए यह कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां बेगूसराय जिले सहित कई अन्य जिलों के कृष्ण भक्तों का आगमन होता है। बताते चलें कि वीरपुर के तीन स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को स्थापित कर जन्मोत्सव व मेले का आयोजन वर्षों से किया जा रहा है।

# चोरों ने तीन घरों से की लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत के वार्ड-9 स्थित टांरीपर गांव में शनिवार की देर रात चोरों ने एक ही मोहल्ले के तीन घरों को निशाना बना दिया। चोरों ने बड़ी ही शातिर तरीके से घर के बाहर टंगे झोले से चाबी निकालकर ताला खोला और सोने-चांदी के जेवरात, नकदी व मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। एक ही रात तीन घरों में हुई चोरी से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पहली घटना लखन महतो के घर में हुई। पीड़ित लखन महतो ने बताया कि घर में पति-पत्नी दोनों बरामदे में सो रहे थे। घर की चाबी झोले में रखकर बरामदे में ही टंगी थी। रात करीब एक बजे के बाद चोरों ने झोले से चाबी निकालकर घर का ताला खोला और अंदर घुस गए। बक्से का ताला खोलकर उसमें रखे करीब एक भर सोने के जेवर, 10 भर चांदी के जेवर और पांच हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह करीब चार बजे हुई।इसके बाद चोरों ने सोनम कुमारी पति करुण महतो के घर को निशाना बनाया। सोनम बाहर बरामदे में सो रही थीं। चोर घर से उनका रियलमी नारजो कंपनी का मोबाइल लेकर फरार हो गए। घर के कपड़े और सामान दूसरे के छत पर बिखरे मिले। आशंका है कि चोरों ने सामान की तलाश में घर को खंगाला है।तीसरी चोरी बिना देवी पति अनिल महतो के घर में हुई। जीविका दीदी बिना देवी ने बताया कि चोरों ने संदूक का कब्जा उखाड़ दिया और उसमें रखे डेढ़ भर सोने, 20 भर चांदी के जेवर तथा 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गई नकदी जीविका समूह की बताई जा रही है। चोर एक पोको कंपनी का मोबाइल भी ले गए। इसकी जानकारी रविवार सुबह पांच बजे हुई। हैरानी की बात है कि तीनों घरों में परिजन बरामदे में सोते रहे और चोर बेखौफ होकर घटना को अंजाम देते रहे। एक घर में चाबी से ताला खोला गया तो दूसरे घर में संदूक का कब्जा तोड़ दिया गया। घटना के बाद स्थानीय मुखिया रजनीश कुमार सिंह ने प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरी का जल्द उद्भेदन करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चोरी गए सामान की बरामदगी व आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।सूचना मिलते ही एसआई प्रिया कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दिखावटी नहीं, धरातल पर काम और जनता के बीच जवाबदेही ही हमारी पहचान : भाई दिनेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जगदीशपुर।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण, किसान, मजदूर, गरीब एवं सर्वसमाज की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार धरातल पर प्रयास किया जा रहा है। पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों से बात कर उसके समाधान और परिणाम तक पहुंचने का प्रयास उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जितने भी ग्रामीण एवं कृषि कार्य से जुड़े ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिली थी, वे सभी अब लगाए जा चुके हैं। फिलहाल किसी नए ट्रांसफार्मर के जलने की सूचना नहीं मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों एवं जगदीशपुर नगर में बिजली आपूर्ति सुचारू रहे, इसके लिए वे प्रतिदिन पावर सबग्रिड, पावर सब स्टेशन, एसडीओ, ईई, एसई सहित मानव बल से भी लगातार संपर्क में रहते हैं। भाई दिनेश ने कहा कि नहर के निचले हिस्सों तक लगातार पानी पहुंचे, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए भी उनका प्रयास जारी है। नहरों का पक्कीकरण कराने तथा नहर किनारे वर्षों से बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने के लिए भी संबंधित स्तर पर आवाज उठाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में विद्युत लोड अधिक है, वहां 63 केवीए के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लेकर विभाग के समक्ष आवाज उठाई जाएगी। कुसहा टोला में वर्षों से 16 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है। वहां जल्द 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगे, इसके लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। किसानों के निजी बोरिंग तक जहां बिजली का तार, पोल एवं ट्रांसफार्मर नहीं पहुंचा है, वहां विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी आवाज उठाई जाएगी। किसानों को अनावश्यक रूप से उपभोक्ता बनाने तथा किसानों के ऊपर दर्ज एफआईआर के मामलों को लेकर भी उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड के एमडी के साथ बैठक कर किसानों के निजी बोरिंग तक बिजली पहुंचाने तथा उन्हें उपभोक्ता बनाने के लिए गांव-गांव अभियान चलाने की मांग रखी जाएगी।

**जलजमाव और सड़क की समस्या पर भी पहल**

जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 एवं 12 में जलजमाव की सूचना मिलने पर उन्होंने डीएम भोजपुर, एसडीएम तथा कार्यपालक पदाधिकारी जगदीशपुर से बात कर समस्या का त्वरित समाधान कराने को कहा है। तीनों पदाधिकारियों ने दस दिनों के अंदर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

दाव मुख्य सड़क पर जलजमाव की समस्या की सूचना मिलने पर डीएम, एसडीएम, बीडीओ तथा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग से बात कर जल्द सड़क की मरम्मत एवं पानी निकासी की व्यवस्था कराने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सड़क पर लंबे समय तक पानी जमा रहे, यह वे देखना नहीं चाहते।

# पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे के रूट पर पुनर्विचार की मांग, प्रशासन ने भेजा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** पटना-पूर्णिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित रूट को लेकर सरायरंजन में जारी विरोध के बीच जिला प्रशासन ने पहल की है। जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और बिहार पथ निर्माण विभाग को पत्र भेजकर जनहित में वैकल्पिक अलाइनमेंट पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। प्रशासन ने कहा है कि वर्तमान रूट को लेकर स्थानीय लोगों में असंतोष है और बदलाव नहीं होने पर निर्माण के दौरान व्यवधान की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जन संघर्ष समिति के अनुसार, प्रस्तावित रूट से करीब 140 घर-दुकानें प्रभावित होंगी। वहीं, केएसआर महाविद्यालय की इंटर बिल्डिंग, डिग्री बिल्डिंग का एक हिस्सा और खेल मैदान का करीब दो-तिहाई भाग भी इसकी जद में आने का दावा किया गया है। समिति का कहना है कि 8 मई 2025 की वार्ता के बाद कम नुकसान वाले वैकल्पिक रूट का नक्शा तैयार किया गया था, जिससे केवल 15 से 20 घर प्रभावित होते। समिति ने विवादित रूट पर भूमि अधिग्रहण और मापी की कार्रवाई रोकने की मांग की है। 17 अगस्त 2026 को समिति के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। प्रशासन की पहल से प्रभावित लोगों में वैकल्पिक रूट को लेकर उम्मीद जगी है। हालांकि, अंतिम निर्णय एनएचएआई और संबंधित विभागों की समीक्षा के बाद होगा।

## पीएनबी के दो खाताधारकों ने खाते से अवैध कटौती की शिकायत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक शाखा नावकोठी के दो खाताधारकों ने अपने बैंक खातों से बिना जानकारी के रुपये की कटौती किए जाने की शिकायत शाखा प्रबंधक से की है। दोनों खाताधारकों ने मामले की जांच कर राशि वापस कराने की मांग की है। नावकोठी निवासी कृष्ण नंदन पंडित ने शाखा प्रबंधक को दिए आवेदन में बताया है कि उनके बैंक खाते से पांच अगस्त को 16,013 रुपये की कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि उनके पास एटीएम कार्ड भी नहीं है और न ही उन्होंने उक्त राशि की निकासी की है। इसके बावजूद खाते से राशि कटने की जानकारी मिलने पर उन्होंने बैंक प्रबंधन से शिकायत की है। वहीं, खाताधारक काजल कुमारी ने बताया कि उनके खाते से भी पांच अगस्त को 11,070.87 रुपये की कटौती की गई है। उनका कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार की निकासी नहीं की है। इसके बावजूद खाते से राशि कट गई। दोनों खाताधारकों ने बैंक प्रबंधन से खाते की जांच कर राशि की कटौती के कारण का पता लगाने तथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। शाखा प्रबंधक ने शिकायतों की जांच कराने और मामले का पता लगाने का आश्वासन दिया है।

# भाकपा कार्यकर्ताओं की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** रविवार को नावकोठी में दिल्ली में एक सितंबर को आयोजित होने वाली बदलाव रैली की तैयारी को लेकर भाकपा अंचल परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पूर्व अंचल मंत्री सह पूर्व मुखिया गणेश महतो ने की।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले बारह वर्षों से देश में भाजपा का शासन है और सरकार संघ परिवार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के बजाय स्थानों के नाम बदलने और सरकारी उपक्रमों को कॉरपोरेट घरानों के हाथों सौंपने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति खराब है तथा किसानों को समय पर खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने में केंद्र व राज्य सरकार विफल रही है। किसानों की आय दोगुनी करने का दावा भी खोखला साबित हुआ है। अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि महंगाई से आम जनता परेशान है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के साथ बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार भी गंभीर समस्या बन चुके हैं। उन्होंने सरकार को सत्ता से हटाने के लिए व्यापक जनभागीदारी का आह्वान किया। बैठक में अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी, सहायक अंचल मंत्री जितेंद्र कुमार, सियाराम महतो, नारायण पासवान, राम विनोद सिंह उर्फ टुन्नी सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, नसीम रब्बानी, देवेंद्र पासवान, रौशन कुमार, अर्जुन पासवान, मो असफाक, सीताराम पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डूबने से बच्ची की मौत

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के बोचहा पंचायत के ग्वालगढ़ गांव में रविवार सुबह बाया नदी में डूबने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान बोचहा पंचायत के वार्ड संख्या-6 निवासी विकास पासवान की बेटी सृष्टि कुमारी के रूप में हुई है। करीब दो घंटे की खोजबीन के बाद बच्ची का शव पानी से बरामद किया गया। ग्रामीण अजीत कुमार ने बताया कि बाया नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में पानी फैल गया है।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल ने किया खेल क्रांति का शंखनाद




**सांसद मनीष जायसवाल लगातार दूसरी बार आयोजित करा रहे सांसद खेल महोत्सव**

**साल 2026 में करीब 50 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल, अकेले फुटबॉल में 25 हजार खिलाड़ियों का होगा महासमागम**

**युवाओं को खेल से जोड़ना समय की जरूरत : बाबूलाल मरांडी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से एक बार फिर खेलों का महाकुंभ सजने जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लगातार दूसरी बार सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बार सांसद खेल महोत्सव-2026 का दायरा और व्यापक किया गया है और कई अन्य खेलों के साथ विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न खेल विधाओं को मिलाकर 50 हजार से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इनमें अकेले फुटबॉल में करीब 25 हजार खिलाड़ी शामिल होंगे। महोत्सव का शुभारंभ आगामी 30 अगस्त 2026 को सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड क्षेत्र से होगा। इस बार फुटबॉल तक सीमित रहने के बजाय खेलों का दायरा बढ़ाते हुए क्रिकेट, कबड्डी, तैराकी, निशानेबाजी, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, रस्साकशी, पिट्ठू, मैराथन और ताइक्वांडो समेत 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल किया गया है। हजारीबाग, बड़कागांव, बरही मांडू और रामगढ़ सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को इस आयोजन के माध्यम से अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। महोत्सव की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा को लेकर बड़कागांव रोड स्थित एंजल्स हाई स्कूल परिसर में रविवार को एक विशेष प्रेस- वार्ता आयोजित हुई। इस प्रेस- वार्ता में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि इसकी नींव वर्ष 2016 में “नमो फुटबॉल टूनार्मेंट” के रूप में रखी गई थी। तब से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मंच देने और उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक रहते हुए शुरू हुई यह खेल यात्रा आज सांसद कार्यकाल में में पूरे लोकसभा क्षेत्र तक पहुंच चुकी है। पिछले वर्ष सांसद खेल महोत्सव को व्यापक स्वरूप दिया गया और अब इस वर्ष इसे और बड़ा रूप देते हुए 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। इस महोत्सव का उद्देश्य ऐसे ही खिलाड़ियों को सामने लाना है, ताकि वे अपनी पहचान बना सकें और आगे चलकर जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हजारीबाग का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि आयोजन का एक महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेल के मैदान तक लाना भी है। युवा अपना समय नशे और गलत गतिविधियों में न गंवाएं, बल्कि मैदान में पसीना बहाएं और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ें। गांव-गांव में खेल संस्कृति विकसित करना और युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना इस महोत्सव की बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आयोजन को सामाजिक संगठनों, खेल प्रेमियों, कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों का व्यापक सहयोग मिल रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के “फिट इंडिया” और “खेलो इंडिया” के विजन से प्रेरित है। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने खेल महोत्सव की पूरी रूपरेखा और उद्देश्य को विस्तार से सामने रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी सांसदों से अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में खेल महोत्सव आयोजित करने का आह्वान किया है। इसके पीछे उद्देश्य देश की बड़ी युवा आबादी को खेलों से जोड़ना और ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करे और भारतीय खिलाड़ी अधिक से अधिक खेल विधाओं में देश का परचम लहराएं। इसके लिए जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को तैयार करना बेहद जरूरी है। बाबूलाल मरांडी ने सांसद मनीष जायसवाल और आयोजन से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों से महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। युवा अपने कदम खेल के मैदान की ओर बढ़ाएं और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन का हिस्सा बनें।

### 2016 में कटकमदाग से शुरू हुई खेल यात्रा, आज पूरे क्षेत्र तक पहुंची

सांसद मनीष जायसवाल की खेल पहल की कहानी वर्ष 2016 से शुरू होती है। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहते हुए उन्होंने “नमो खेल श्रृंखला” के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेल से जोड़ने का अभियान शुरू किया था। प्रारंभ में कटकमदाग प्रखंड की कुछ टीमों के साथ शुरू हुआ “नमो फुटबॉल टूनार्मेंट” धीरे-धीरे पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में लोकप्रिय होता चला गया। ग्रामीण क्षेत्रों की टीमों की बढ़ती भागीदारी ने इस आयोजन को एक बड़े खेल उत्सव का स्वरूप दे दिया। कोरोना संक्रमण के कारण वर्ष 2020 और 2021 में आयोजन को रोकना पड़ा, लेकिन वर्ष 2022 में नए उत्साह के साथ इसकी वापसी हुई और इचाक तथा डाड़ी प्रखंड तक इसका विस्तार किया गया। वर्ष 2023 में बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड भी इस खेल श्रृंखला से जुड़े। करीब एक दशक के इस सफर में “नमो फुटबॉल टूनार्मेंट” ने हजारीबाग के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति एक अलग जुनून पैदा किया। वर्ष 2023 में फुटबॉल की सफलता के बाद नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग जैसी प्रतियोगिताओं की भी शुरूआत की गई। अब वर्ष 2026 में यही खेल यात्रा एक और बड़े पड़ाव पर पहुंच गई है। फुटबॉल से आगे बढ़कर 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल करते हुए सांसद खेल महोत्सव को व्यापक रूप दिया गया है।

### 50 हजार खिलाड़ियों की भागीदारी बनेगी ऐतिहासिक उपलब्धि

इस वर्ष सांसद खेल महोत्सव में 50 हजार से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने का अनुमान है। इनमें करीब 25 हजार खिलाड़ी अकेले फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी इस आयोजन को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सबसे बड़े खेल आयोजनों में शामिल करने जा रही है। गांवों के मैदानों से लेकर प्रखंड स्तर तक खेल प्रतिभाओं की मौजूदगी और युवाओं में दिख रहा उत्साह इस बात का संकेत है कि हजारीबाग में खेल संस्कृति तेजी से मजबूत हो रही है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से जहां खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा, वहीं युवाओं को नशे से दूर, खेल के करीब और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने का संदेश भी दिया जाएगा।

**प्रेस-** वार्ता से पूर्व सोशल मीडिया सांसद- सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मीट का भी सफल आयोजन कर सांसद मनीष जायसवाल ने सोशल मीडिया के योद्धाओं से खेल के माध्यम से समाज में युवाओं में जागृति लाने और समाज को व्यसन मुक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक जागरूकता पहल चलाने का अपील किया । उक्त प्रेस- वार्ता में मुख्य रूप से सांसद मनीष जायसवाल के अलावे बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. के. पी. शर्मा, बभाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवलाल महतो, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बाबला, हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, आजसू के भाजपा जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, भाजपा जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, सांसद खेल समन्वयक बंटी तिवारी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद मुनेश्वर की शहादत को याद कर पारा शिक्षकों ने लिया संघर्ष जारी रखने का संकल्प

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** देवरी सहायक अध्यापक महासंघ की ओर से 22 अगस्त को देवरी प्रखंड के यूएचएस घोंसे परिसर में शहीद मुनेश्वर सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके संघर्ष एवं बलिदान को याद किया गया। जिला महासचिव सुखदेव हाजरा ने कहा कि शहीद मुनेश्वर सिंह पारा शिक्षकों के संघर्ष, त्याग, समर्पण और बलिदान के प्रतीक हैं। उनकी शहादत को हर वर्ष 22 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है और आगे भी यह परंपरा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शहीद मुनेश्वर की कुर्बानी कभी बेकार नहीं जाएगी और उनके संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य के सभी पारा शिक्षकों को



उनका न्याय और अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक शहीद मुनेश्वर की याद में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया जाता रहेगा। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद राय, मनोज कुमार, उमेश कुमार, कुलदीप यादव, चौधरी राणा, कंचन कुमार चौधरी, सत सुकृतलाल, विजय कुमार चौधरी, पंकज कुमार, शंकर राम, किशुन राम, जितेंद्र कुमार पांडेय, खलील अंसारी, नरेश विश्वकर्मा, क्यूम अंसारी, विवेक टुडू समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान “शहीद मुनेश्वर अमर रहें” के नारों के साथ उनके बलिदान को नमन किया गया और उनके सपनों के झारखंड के निर्माण के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### आंखों को संक्रमण से बचाने के लिए स्वच्छता जरूरी, साफ सफाई पर दें विशेष ध्यान : डॉ. वैशाली भारती

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** आंखें हमारे शरीर के सबसे संवेदनशील अंगों में शामिल हैं और थोड़ी सी लापरवाही भी संक्रमण का कारण बन सकती है। इसी को लेकर ओम वैष्णवी नर्सिंग होम, बोरो की



नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वैशाली भारती ने लोगों को आंखों की सुरक्षा और संक्रमण से बचाव को लेकर जागरूक किया है। अपने जागरूकता संदेश में डॉ. वैशाली भारती ने हाथों की स्वच्छता को आंखों के संक्रमण से बचाव का महत्वपूर्ण उपाय बताया। उन्होंने लोगों से आंखों को बार-बार गंदे हाथों से छूने या रगड़ने से बचने की सलाह दी। खासकर बच्चों में आंखों से जुड़ी समस्याओं को लेकर अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई। डॉ. भारती ने बताया कि आंखों में लालिमा, जलन, पानी आना या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं करनी चाहिए। समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने से समस्या को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नियमित रूप से हाथ साफ रखें, आंखों को अनावश्यक रूप से न छुएं और आंखों में किसी तरह की परेशानी होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें। जागरूकता और सावधानी के जरिए आंखों को संक्रमण से काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

### 12 रबी-उल-अव्वल पर जामा मस्जिद कमेटी लगाएगी विशाल रक्तदान शिविर

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** 12 रबी उल अव्वल के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद कमेटी की ओर से 26 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ इंसानियत की सेवा का संदेश देना है। रक्तदान शिविर जामा मस्जिद, बड़ा चौक में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। कमेटी ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने और इस नेक कार्य में सहभागी बनने की अपील की है। कमेटी की ओर से बताया गया कि रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं एवं शिविर में आने वाले मेहमानों के लिए दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। शिविर का आयोजन जामा मस्जिद कमेटी के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### अवतार पैलेस में धूमधाम से मना सावन उत्सव, शिव आराधना और रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** न्यू बरगंडा स्थित अवतार पैलेस में शनिवार की शाम सावन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम की शुरूआत परिसर के प्रवेश द्वार पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसमें अवतार पैलेस सोसाइटी के सचिव डॉ. अशोक कुमार, अध्यक्ष रणवीर सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार समेत फ्लैट के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ‘सावन की भक्ति और उल्लास से सराबोर कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां हुई। डॉ. सर्जना ने शिव आराधना पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं डॉ. अनुज कुमार ने भजन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फ्लैट के बच्चों ने शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। आकांक्षा, उषा तुलस्यान, सरस्वती मैम और कंचन मैम सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। भजन मंडली ने देर रात तक भक्तिमय माहौल बनाए रखा।

# गिरिडीह में मोबाइल गुरु पहल को बढ़ावा, 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** बच्चों की बुनियादी गणितीय दक्षता मजबूत करने और शिक्षा को तकनीक से जोड़ने के लिए जिले में “मोबाइल गुरु” पहल शुरू की गई है। यूथ इंपैक्ट के सहयोग से बेंगाबाद और गांडेय प्रखंड में संचालित इस कार्यक्रम के तहत 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है।इस पहल के माध्यम से शिक्षक स्कूल अवधि के बाद मोबाइल आधारित शिक्षण सामग्री से कक्षा 3 से 5 के बच्चों को गणित का अतिरिक्त अभ्यास कराएंगे। इसमें दो अंकों का जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसे बुनियादी गणितीय कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोबाइल आधारित इस पद्धति से बच्चों को सरल और रुचिकर तरीके से अभ्यास कराने के साथ उनकी सीखने की गति और गणितीय समझ को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। तकनीक के रचनात्मक इस्तेमाल से बच्चों को सीखने के अतिरिक्त अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से मोबाइल आधारित संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने और बच्चों की प्रगति पर नियमित नजर रखने की अपील की।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की नियमित निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में डीसी का औचक निरीक्षण छात्राओं की पढ़ाई में लापरवाही पर सख्त चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने रविवार को बेंगाबाद प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवासीय व्यवस्था और बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं में पठन-पाठन, छात्राओं की उपस्थिति, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष और विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। साथ ही छात्रावास, भोजन, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को नियमित कक्षाएं संचालित करने और निर्धारित समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि छात्राओं की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानीं। छात्राओं ने भोजन, स्वच्छता, पढ़ाई और खेलकूद से जुड़ी समस्याएं साझा कीं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और रसोईघर में स्वच्छता व खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता और शौचालयों की प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

# तीन जरूरतमंद बच्चियों की सालभर की शिक्षा का सहारा बना इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए कार्मेल हिंदी मीडियम स्कूल की तीन जरूरतमंद छात्राओं की पूरे वर्ष की स्कूल फीस का भुगतान किया। क्लब के इस सहयोग से आर्थिक कठिनाइयों के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी और वे नियमित रूप से अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। इस अवसर पर पीडीसी पूनम सहाय ने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करना पूरे परिवार को शिक्षित करने के समान है। शिक्षित परिवार से समाज और शिक्षित समाज से देश सशक्त बनता है। तीनों छात्राओं की वार्षिक फीस के लिए पीडीसी पूनम सहाय, सुलोचना कुमारी एवं बरखा अग्रवाल ने सहयोग दिया। क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला ने इस नेक कार्य में सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त को आयोजित “प्रेरणा ए सेमिनार ऑफ लीडरशिप” कार्यक्रम में आईआईडब्लू वाईस प्रेसिडेंट सरिता लुनानी के स्वागत में इसी विद्यालय की आठ छात्राओं ने आकर्षक झारखंडी लोकनृत्य प्रस्तुत किया था। छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए क्लब की ओर से सभी को स्नेह-उपहार देकर सम्मानित किया गया था।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पाठक सर ने क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला सहित पूरे इनर व्हील क्लब परिवार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्लब के इस सहयोग से जरूरतमंद बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक बाधा के बिना जारी रह सकेगी। मौके पर अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला, पीडीसी पूनम सहाय, कोषाध्यक्ष रश्मि गुप्ता, दीप्ति सिन्हा एवं सुनीता बरनवाल मौजूद रहीं।

# बरनवाल महिला समिति ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** बरनवाल महिला समिति, गिरिडीह की ओर से शनिवार को बरनवाल सेवा सदन में सावन महोत्सव पारंपरिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्षा ललिता बरनवाल, डॉ. वैशाली भारती एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अहिरन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अनु भूतक द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद समाज की महिलाओं ने आकर्षक नृत्य और गीत प्रस्तुत कर समारोह में रंग भर दिया। राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित महिलाओं का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। सावन महोत्सव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं। समिति की अध्यक्षा ललिता बरनवाल ने कहा कि सावन महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि महिलाओं के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ाने और अपनी संस्कृति एवं विरासत को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि सावन को केवल झूले और गीतों तक सीमित न रखते हुए इसे नारी शक्ति के उत्सव के रूप में मनाना चाहिए।महोत्सव को सफल बनाने में संरक्षक सरिता बरनवाल, सचिव सीमा बरनवाल, ज्योति बरनवाल, रेणु बरनवाल, रितु बरनवाल सहित समिति की अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सावन महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरी प्रतिभा

**गीत-संगीत, नृत्य और मनोरंजक प्रतियोगिताओं से सजा समारोह**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई हजारीबाग की ओर से प्रधान कैफेटेरिया में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सावन की हरियाली, उमंग और उत्साह के बीच आयोजित इस समारोह में कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीत, नृत्य, संगीत, झूला और विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियां पेश कीं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। सावन गीतों और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास आयोजकों ने कहा कि सावन महोत्सव जैसे आयोजन समाज की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे आपसी भाईचारा, सामाजिक एकजुटता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। साथ ही भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कायस्थ समाज के कई लोग समारोह में मौजूद रहे और सभी ने मिलकर सावन महोत्सव की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंहा, जिला महिला महामंत्री श्रीमती रश्मि लाला, जिला महिला उपाध्यक्ष सरिता सिंहा, जिला संगठन मंत्री निक्की सिंहा, श्रीमती सुषमा सिंह जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती सोनम प्रधान जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती मिताली राशमी जिला महिला कोषाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद शिवपुरी, श्रीमती अर्चना सिंह जिला महिला मंत्री, डॉ नेहा सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती राधा रानी जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती सुषमा बालाजी जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती स्मिता सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती उषा सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष, उप समिति अध्यक्ष मतवारी श्रीमती बबीता वर्मा, सिंदूर उपसमिति से रंजीता सिन्हा, श्रीमती कुमकुम सिंह अध्यक्ष समिति, अध्यक्ष ममता सिंह मंडई उप समिति, स्मृति प्रीति बाला सिंह अध्यक्ष शिवदयाल नगर रूप समिति, श्रीमती नीलू रंजन अध्यक्ष शिवपुरी उप समिति, श्रीमती मंजू सहाय अध्यक्ष दारू उप समिति, श्रीमती नम्रता दास अध्यक्ष भदान बाजार रूप समिति, श्रीमती मनोरमा सिन्हा, अध्यक्ष कुमार टोली उप समिति सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेहतर चिकित्सा लोगों के जीवन को बनाती है सहज : विकास वैभव

## आयुष्मान फिजियोथेरेपी क्लिनिक के उद्घाटन समारोह में आईजी सहित पूर्व सांसद सुशील सिंह व विधायक हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित महेश एकेडमी स्कूल के बगल में रविवार को आयुष्मान फिजियोथेरेपी क्लिनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि मगध रेंज, गया के आईजी विकास वैभव, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह तथा पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने क्लिनिक का अवलोकन किया और आधुनिक फिजियोथेरेपी सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल को महत्वपूर्ण बताया। यहां विशेष रूप से कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटने एवं जोड़ों की समस्याएं, नसों से संबंधित परेशानी तथा चोट के बाद पुनर्वास जैसी समस्याओं के लिए परामर्श और उपचार की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान आईजी विकास वैभव ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में इस तरह की आधुनिक सुविधाओं की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि बेहतर चिकित्सा और पुनर्वास सेवाएं लोगों के जीवन को सहज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होना क्षेत्र के लोगों के लिए सुखद है। स्थानीय स्तर पर बेहतर फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर होना समाज के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने आयुष्मान फिजियोथेरेपी क्लिनिक की शुरुआत को औरंगाबाद के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल बताते हुए इसके सफल संचालन की कामना की। क्लिनिक के संस्थापक डॉ. शशिकांत और उनकी पत्नी डॉ. रीना सिंह ने बताया कि विदेश में अनुभव प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने क्षेत्र और यहां के लोगों के बीच लौटकर सेवा करने का निर्णय लिया है। उनका उद्देश्य है कि औरंगाबाद एवं आसपास के लोगों को बेहतर और आधुनिक फिजियोथेरेपी सुविधाओं के लिए बड़े शहरों का रुख न करना पड़े।

# किसना ने औरंगाबाद में एक्सक्लूसिव शोरूम का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने औरंगाबाद के एमजी रोड स्थित महेश एकेडमी स्कूल के सामने अपने 20वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया एवं किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर अभय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। यह लॉन्च बिहार में किसना के रिटेल विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस भव्य लॉन्च के अवसर पर किसना अपने ग्राहकों के लिए विशेष उद्घाटन ऑफर लेकर आया है। ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, ग्राहक अपना पुराना सोना एक्सचेंज कर डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर 105 प्रतिशत वैल्यू प्राप्त कर सकते हैं। हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि बिहार में ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाएं और तेजी से बदलता ज्वेलरी रिटेल बाजार इसे किसना की विस्तार रणनीति के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनाते हैं। बिहार में हमारा 20वां एक्सक्लूसिव शोरूम औरंगाबाद में शुरू होना राज्य के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा कि हमें औरंगाबाद में बिहार के अपने 20वें एक्सक्लूसिव शोरूम को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर अभय कुमार सिंह ने कहा कि किसना जैसे ब्रांड के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है, जो विश्वास, गुणवत्ता और नवाचार की मजबूत नींव पर स्थापित है। हम ग्राहकों के लिए एक पसंदीदा ज्वेलरी डेस्टिनेशन बनने और औरंगाबाद के बेहतरीन ज्वेलरी स्टोर्स में किसना को स्थापित करने की दिशा में काम करने के लिए उत्साहित हैं।

# नगर परिषद औरंगाबाद को नगर निगम बनाने की मांग

## 30 अगस्त को प्रस्ताव नहीं भेजे जाने पर समिति चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** नगर परिषद औरंगाबाद को नगर निगम बनाने को लेकर नगर उत्थान समिति ने मांग की हैं। इसके बैनर तले रविवार को एमजी रोड स्थित एक निजी होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। आयोजित प्रेसवार्ता भाजपा नेता व समाजसेवी अनिल सिंह ने कहा कि औरंगाबाद शहर का काफी विस्तार हो गया है। नगर परिषद क्षेत्र में दो लाख से अधिक मतदाता हैं। नगर परिषद औरंगाबाद को नगर निगम बनाया जाए जिससे शहर का और अधिक विकास हो। इसके साथ साथ शहर के आसपास के गांव का भी विकास हो। श्री सिंह ने कहा कि नगर विकास विभाग द्वारा शहरों के उत्क्रमण या नवगठन को लेकर 30 अगस्त तक प्रस्ताव मांगा गया है। लेकीन जिले के हसपुरा, गोह, ओबरा एवं अंबा का प्रस्ताव लंबित है। औरंगाबाद को नगर परिषद से नगर निगम बनाने को लेकर महीनों से मंथन चल रहा था। 2001 के जनगणना के अनुसार औरंगाबाद की आबादी एक लाख दो हजार थी। अब 31 वार्ड 23.2 स्क्वायर किलोमीटर में शहर है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि 30 अगस्त तक यदि औरंगाबाद को नगर निगम बनाने का प्रस्ताव विभागीय स्तर से नहीं भेजा जाता है तो इसके बाद पूरे शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल प्रस्ताव सरकारी स्तर पर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के माध्यम से भेजा जाना है। इसलिए निर्धारित समय सीमा का पालन करना जरूरी है। हस्ताक्षर अभियान के जरिए शहरवासियों की मांग को संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाएगा। उत्क्रमण समिति ने स्पष्ट कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में सरकारी स्तर से प्रस्ताव नहीं भेजा गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता उदय सिंह, जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मुन्ना, भोला सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने 46 को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 30 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पोक्सों में एक, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 111.1 लीटर देसी शराब, 12.75 लीटर विदेशी शराब, 42 लिटर स्पिरिट, 6.5 किलोग्राम गांजा, 1350 किलोग्राम महुआ फूल एवं एक ऑटो बरामद किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के तहत 675 वाहनों की जांच की गई जिसमें 41500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई।

# सावन महोत्सव में गूंजा महिला सशक्तिकरण का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सावन महोत्व के तहत महिला सशक्तिकरण संवाद, समूह गीत एवं भक्ति संगीत, नृत्य सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक सहभागिता तथा सामूहिक सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण संवाद से संबंधित प्रतियोगिता का विशेष रूप से आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक भूमिका, उनके अधिकार, आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता तथा समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी जैसे विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। संवाद के दौरान महिला सशक्तिकरण को केवल महिलाओं से संबंधित विषय न मानकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास एवं नेतृत्व के समान अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी, उपाध्यक्ष किरण सिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अनिता सिंह एवं उपस्थित अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर एवं केक काट कर किया। महिला सशक्तिकरण संवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने विचारों को प्रभावी एवं रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के माध्यम से बालिका शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बाल विवाह दहेज प्रथा, महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों के विचारों में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ कि सशक्त महिला ही सशक्त परिवार एवं सशक्त समाज की आधारशिला होती है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समाज के विकास में प्रत्येक वर्ग की समान एवं सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। महिलाओं को अवसर एवं सम्मान प्रदान करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा और क्षमता को उचित मंच उपलब्ध कराना समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। महिला संवाद प्रतियोगिता के अंतर्गत निर्णायक मंडल के निर्णय के आलोक में जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी को प्रथम विजेता, शिक्षिका मिंटू सिंह को द्वितीय विजेता, योग शिक्षिका डॉ पूर्णिमा सिंह एवं मीनाक्षी सिंह को तृतीय विजेता घोषित किया गया। मौके पर अनिता सिंह को कार्यक्रम सहयोगी के रूप में जिला परिषद द्वारा सम्मानित किया गया।

# भारतमाला परियोजना से सिंचाई प्रभावित, सुशील कुमार सिंह ने गडकरी को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजकर औरंगाबाद जिले में चल रही भारतमाला परियोजना के कारण किसानों को सिंचाई में हो रही परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि सड़क परियोजना के कारण हजारों एकड़ भूमि असिंचित रह जा रही है। परियोजना का प्राक्कलन तैयार करने के दौरान बनाए गए कई नहरों के आउटलेट से पानी का प्रवाह बाधित हो गया है। कुटुंबा प्रखंड की बसडिहा कैनाल से पूर्व की ओर निकलने वाले पानी का रास्ता बंद होने से दर्जनों गांवों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में पूर्व में भी उन्होंने पत्र लिखकर सुझाव दिया था। सुशील कुमार सिंह ने मदनपुर बाईपास निर्माण का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि मदनपुर प्रखंड में पुलिया एवं ड्रेनेज का निर्माण नहीं होने से हदहदवा पहाड़ से आने वाला बरसाती पानी जमा हो रहा है और प्रभावित गांवों के डूब क्षेत्र में बदलने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने झारखंड के मेदनीनगर जिले के हरिहरगंज प्रखंड स्थित सुल्तानी गांव के पास एनएच-139 के किलोमीटर 38.260 पर हडियाही लेफ्ट कैनाल के तीसरे किलोमीटर में सड़क पार करने वाले स्थान का भी उल्लेख किया। यहां पुल के स्थान पर ह्यूम पाइप लगाए जाने से नहर का पानी पूर्ण रूप से प्रवाहित नहीं हो पा रहा है। भविष्य में नहर की सफाई भी कठिन होगी। इस नहर से झारखंड के साथ बिहार के दो प्रखंडों की सिंचाई व्यवस्था जुड़ी है। सड़क के चार मार्गीय उन्नयन के बाद यहां आरसीसी कलवर्ट का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कई स्थानों पर निर्माण में जल निकासी और सिंचाई व्यवस्था का ध्यान नहीं रखा गया है, जिससे किसानों को कहीं जलजमाव तो कहीं सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देने का आग्रह किया।

# दो पिकअप वाहन से 22 मवेशी बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**औरंगााबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पशु तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के फलस्वरूप रिसिअप पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। थाना मोड़ के समीप चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच के दौरान दो पिकअप से करीब 22 मवेशियों को बरामद किया गया, जिन्हें बेहद क्रूर तरीके से ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से तीन कथित पशु तस्करों को गिरफ्तार भी किया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के बांध चातर गांव निवासी राहुल कुमार एवं रवि किशन कुमार तथा झारखंड के सरायकेला जिले के आदित्यपुर निवासी विकास कुमार के रूप में की गई हैं। इस कार्रवाई से पशु तस्करों में खौफ का माहौल बना हुआ है। घटना उस समय की है जब एनसच-139 पर वाहनों की जांच चल रही थी। इसी क्रम में पुलिस की नजर दो संदिग्ध पिकअप पर पड़ी। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी शुरू की। जैसे ही पिकअप खोला गया, अंदर का दृश्य चौंकाने वाला था। मवेशियों को इस कदर ठूंसकर भरा गया था कि उनके लिए हिलना-डुलना तक मुश्किल हो गया था। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए सभी मवेशियों को पिकअप से बाहर निकलवाया।

# छत से गिरकर युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद के एक युवक की गुजरात के सूरत में छत से गिर कर मौत हो गई। मृतक की पहचान गंगटी गांव निवासी मुरारी ठाकुर के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। रविवार की अहले सुबह छत पर टहलने के दौरान अचानक पैर फिसल गया और नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# मासूम बच्ची की डूबने से मौत

**औरंगााबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तालाब में डूबने से पांच वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के बनिया पंचायत अंतर्गत हाजीपुर गांव की है। मृत बच्ची की पहचान उस गांव निवासी अर्जुन कुमार पासवान की पुत्री पम्मी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रविवार को पम्मी कुमारी अपनी बड़ी बहन के साथ गांव स्थित तालाब पर गयी थी। उसकी बड़ी बहन तालाब के किनारे कपड़े धो रही थी, जबकि पम्मी वहीं आसपास खेल रही थी। इसी दौरान खेलते-खेलते अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरी। कुछ देर तक बच्ची के दिखाई नहीं देने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने पम्मी को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद पम्मी को मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

**दान हेतु अपील**
**माता आशापुरी महाविद्यालय, प्यारेपुर, पावापुरी, नालंदा**
महाविद्यालय के विकास हेतु इच्छुक दानदाताओं से स्वैच्छिक सहयोग का आह्वान किया जाता है. इच्छुक व्यक्ति प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर न्यूनतम 5 लाख रुपये महाविद्यालय के खाते में जमा कर रसीद प्रभारी प्राचार्य को उपलब्ध कराएं.
**बैंक विवरण:**
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, रामचंद्रपुर, बिहारशरीफ**
खाता संख्या: 50200070375781
आईएफएससी: HDFC0001960
**प्रभारी प्राचार्य**
माता आशापुरी महाविद्यालय, प्यारेपुर, पावापुरी, नालंदा

**दान हेतु अपील**
**एसपी वर्मा कॉलेज राजा कुआं बिहारशरीफ नालंदा**
महाविद्यालय के विकास हेतु इच्छुक दानदाताओं से स्वैच्छिक सहयोग का आह्वान किया जाता है. इच्छुक व्यक्ति प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर न्यूनतम 5 लाख रुपये महाविद्यालय के खाते में जमा कर रसीद प्रभारी प्राचार्य को उपलब्ध कराएं.
**बैंक विवरण:**
**बैंक ऑफ़ बड़ौदा, कचहरी रोड शाखा बिहारशरीफ**
खाता संख्या: 99670200001474
आईएफएससी: BARBODBBIHA
**प्रभारी प्राचार्य**
**एसपी वर्मा कॉलेज राजा कुआं बिहारशरीफ नालंदा**

